सुप्रभात
रांची, बुधवार
24.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 192 12



14 जून को रिलीज होगी कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी'

## न्यूज डायरी

### इजहार से और चार दिन पूछताछ करेगी इडी

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले में मनी लाउंड्रिंग के आरोपी हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से ईडी आगे भी पूछताछ जारी रखेगी। ईडी आरोपी को रिमांड पर लेकर छह दिन से पूछताछ कर रही थी। अदालत ने और चार दिन पुलिस रिमांड पर पूछताछ की अनुमति प्रदान की।

### राज्यपाल और सीएम ने नेताजी को किया नमन

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। सीएम ने कहा, नेताजी आजादी के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे। उन्हें नमन।

### फिर पाकिस्तान चले नवजोत सिंह सिद्धू

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस से बगावत के बीच पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू बुधवार को पाकिस्तान जायेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। सिद्धू पाकिस्तान स्थित श्री करतारपुर साहिब दर्शन करने जायेंगे। उन्होंने लिखा बुधवार को गुरुद्वारा करतारपुर साहिब का दौरा करूंगा। मुझे अपनी सद्भावना का साधन बनाने के लिए महान गुरु का आभारी हूं।

### चतरा में टीएसपीसी का तांडव, कई वाहन फूंके

**चतरा।** तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों ने पत्थर खदान पर हमला कर खदान में खड़ी दो पोकलेन मशीनों को जला दिया, जबकि वहां मौजूद मुंशी और मजदूरों के साथ मारपीट की। मंगलवार को पुलिस ने कहा कि क्षेत्र की घेराबंदी कर उग्रवादियों की तलाश की जा रही है।

### चार को बिहार के सुगौली आयेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**पूर्वी चंपारण (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को पूर्वी चंपारण के सुगौली पहुंचेंगे। वे यहां छपरा बहस स्थित आईओसीएल के बॉटलिंग प्लांट समेत 600 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को पश्चिम चम्पारण के सांसद डॉ संजय जायसवाल ने दी।

### राहुल के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने राज्य पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह को अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। युवा कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के एक पोस्ट के जवाब में सीएम ने सोशल मीडिया पर कहा, 'मैंने असम पुलिस के महानिदेशक को भीड़ को उकसाने के लिए आपके नेता राहुल गांधी के खिलाफ का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख







# 3 लाख भक्तों ने रामलला के किये दर्शन

## योगी ने संभाली कमान, भारी भीड़ के बीच अयोध्या प्रवेश बंद

एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए लाखों भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ी है। मंगलवार को दोपहर तीन बजे तक तीन लाख से अधिक लोग रामलला के दर्शन कर चुके थे। भारी भीड़ को देख अयोध्या की ओर जाने वाले सभी वाहनों और पैदल श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन भक्तों को निरंतर दर्शन कराने को सभी व्यवस्थाएं कर कर रहा है। भारी भीड़ के कारण कई लोगों की स्थिति भी बिगड़ी। स्थिति को देखते हुए सीएम योगी मंगलवार को फिर अयोध्या पहुंचे, अधिकारियों को कई निर्देश भी दिये। उन्होंने हेलिकॉप्टर से हवाई सर्वे भी किया। भारी भीड़ के कारण भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार का अयोध्या दौरा टाल दिया है।

**जल्दबाजी नहीं करें :** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, राम लला का विराजमान होना मतलब राम राज्य की शुरूआत होना है। जिस प्रकार से राम भक्तों का जनसैलाब अयोध्या धाम की ओर उमड़ रहा है इतनी भीड़ हो गयी मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि जल्दबाजी न करें। सरकार ने सुरक्षा की व्यवस्था की हुई है और सभी प्रबंध भी किए हुए है। प्रदेश पुलिस ने एडवाइजरी जारी करके श्रद्धालुओं से अपील की है। राम मंदिर के प्रांगण में भक्तों की अत्यधिक भीड़ के बीच एक लेयर (कतार) और खोल दी गयी है।



### श्वेत वर्ण की एक और मूर्ति स्थापित

मंगलवार को रामलला की एक और मूर्ति को राम मंदिर में स्थापित किया गया है। इस मूर्ति को सत्य नारायण पांडे ने बनाया है। रामलला की दूसरी तस्वीर श्वेत वर्ण की है। इसमें भगवान राम के चरणों में हनुमान जी भी विराजित हैं, वहीं, भगवान विष्णु के अवतारों को चारों तरफ बनाया गया है। इसमें भगवान विष्णु के 10 अवतार 1-मत्स्य, 2- कूर्म, 3- वराह, 4- नरसिंह, 5-वामन, 6- परशुराम, 7- राम, 8- कृष्ण, 9- बुद्ध और 10वां कल्कि अवतार की आकृतियां भी हैं।

# कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा इस बार का भारतरत्न सम्मान

## बिहार के पूर्व सीएम की जन्म शताब्दी से पूर्व बड़ी घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इस बार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जायेगा। 24 जनवरी को उनकी जन्मशताब्दी की पूर्व संध्या पर यह बड़ा ऐलान किया गया है। कर्पूरी ठाकुर को पिछड़ों का मसीहा कहा जाता है। बुधवार को उनकी जन्मशताब्दी के मौके पर दिल्ली के विज्ञान भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है। इस सम्मान की स्थापना 2 जनवरी 1954 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने की थी।

**दो बार बिहार के सीएम बने :** बिहार के समस्तीपुर में जन्मे कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। हालांकि वह कभी अपना कार्यकाल नहीं पूरा कर सके। उन्हें पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का रास्ता साफ करने के लिए जाना जाता है। उन्होने मुंगेरी लाल आयोग की सिफारिशों को लागू करवाया था। इसके लिए उनको अपनी सरकार की भी कुर्बानी देनी पड़ी थी।

### सादगी के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर

कर्पूरी ठाकुर की पहचान उनकी सादगी के लिए भी है। बताया जाता है कि वह अपने काम खुद करना पसंद करते थे। यहां तक कि दूसरों से हैंडपंप चलवाकर वह पानी तक नहीं पीते थे। वह अपने कपड़े भी खुद ही धुला करते थे। उन्हें बिहार में पहली बार शराबबंदी करने के लिए भी जाना जाता है। 17 फरवरी 1988 को उनका निधन हो गया, पर राजनीतिक गलियारों में उनके नाम पर आज भी होड़ लगी रहती है। उनको लेकर भाजपा और जदयू में भी जंग जारी है। मिलर हाई स्कूल के मैदान में जन्मजयंती समारोह मनाने को लेकर दोनों दल आमने सामने हैं। जदयू पहले ही कर्पूरी ठाकुर की जन्म जयंती पर बड़ी रैली करने का ऐलान कर चुकी है।




**शिक्षा में भी कई सुधार किये**

कर्पूरी ठाकुर बिहार की शिक्षा व्यवस्था में भी कई आमूलचूल परिवर्तन किये थे। उपमुख्यमंत्री रहने के दौरान उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में अंग्रेजी पास करने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया था। वह बिहार के पहले ऐसे सीएम थे जो कांग्रेस से नहीं थे। 1952 में पहली बार उन्होंने विधानसभा का चुनाव जीता था। वह जयप्रकाश नारायण को आदर्श मानते थे। 1970 में मंत्री बनने के बाद उन्होंने आठवीं तक मुफ्त शिक्षा का ऐलान कर दिया था। उन्होंने उर्दू को दूसरी राजभाषा का दर्जा दिया।

## सीएम ने खूंटी के तोरपा से अबुआ आवास योजना का किया शुभारंभ

# 20 लाख लोगों को देंगे अबुआ आवास : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/खूंटी।** सीएम हेमंत सोरेन ने घोषणा की है कि सरकार आठ लाख से बढ़ाकर अब 20 लाख अबुआ आवास बनवायेगी। पहले की अपेक्षा बेहतर आवास मिलेगा। खूंटी और सिमडेगा में करीब 75 हजार अबुआ आवास का निर्माण विभिन्न चरणों में होगा। वह मंगलवार को तोरपा के एनएचपीसी मैदान में आयोजित अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे।

राज्य में पहली बार अबुआ आवास योजना की शुरुआत खूंटी जिले से हो रही है। इस योजना के लाभुकों को तीन कमरे वाला आवास दिया जायेगा। इसमें लाभुक को दो लाख की वित्तीय सहायता दी जा रही है। राज्य सरकार आम लोगों को मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन कर सकें, उस दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में अबुआ आवास योजना का शुभारंभ हो रहा है। प्रथम चरण में खूंटी और सिमडेगा के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया है। सीएम अन्य जिलों में जाकर पहले चरण के लाभुकों को अबुआ आवास योजना से जोड़ने के लिए स्वीकृति पत्र और राशि प्रदान करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

- खूंटी और सिमडेगा के लोगों को मिलेगा 75 हजार आवास
- 2027 तक राज्य के 20 लाख जरूरतमंदों को तीन कमरों वाला आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा
- केंद्र से अच्छा तीन कमरों का पक्का घर देने की तैयारी



### रोजगार और स्वरोजगार के हैं अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के कई अवसर उपलब्ध करा रही है। निजी क्षेत्र स्थानीय लोगों के लिये 75 प्रतिशत आरक्षण तय कर दिया है। इसके तहत 50 हजार से अधिक हुनरमंद युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार दिया गया है। स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना संचालित की जा रही है। इसके जरिए युवा स्वरोजगार अपनाकर खुशहाली की ओर बढ़ सकते हैं। कोरोना से भलीभांति निपटने के बाद आपकी सरकार ने यहां के लोगों का जीवन और जीविका दोनों को सुरक्षित किया। अब एसटीए, एससी और सभी वर्ग की महिलाओं की पेंशन की उम्र सीमा को घटा कर 50 वर्ष किया जा रहा है। जल्द इसको लागू करने की दिशा में सरकार कार्य करेगी।

## सीएम हेमंत से फिर पूछताछ को लेकर राजनीति गरमायी

# झामुमो ने कहा- अब बर्दाश्त से बाहर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लैंड स्कैम मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फिर पूछताछ करेगी। इस बाबत इडी के केस के अनुसंधान पदाधिकारी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र भेज कर 27 से 31 जनवरी की तिथि में पूछताछ की बात कही है। सीएम से कहा गया कि समय और स्थान वह खुद तय करें। इडी दफ्तर आयेंगे ये पूछताछ टीम को कहीं बुलायेंगे। इधर, इडी के इस रवैये को देखते हुए झामुमो ने कहा है कि अब पानी सिर से ऊपर चढ़ गया है।

एक आदिवासी मुख्यमंत्री के साथ बार-बार पूछताछ करने का समय देकर इडी न सिर्फ जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है, बल्कि झामुमो को जनआंदोलन करने के लिए बाध्य कर रही है।

पिछले दिनों सीएम के हामी भरने के बाद उनके आवास पर 20 जनवरी को इडी की टीम ने करीब 7 घंटे तक सीएम आवास पर उनसे पूछताछ की थी। उसी दौरान सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली थी कि पूछताछ पूरी नहीं हुई है, इडी ने फिर पूछताछ के लिए समय मांगा था लेकिन सीएम इसके लिए तैयार नहीं हुए थे। उन्होंने कहा था कि बाद की तारीख रखी जाये। अब इडी ने पत्र भेजकर स्पष्ट कर दिया है कि सीएम हेमंत सोरेन से 27 से 31 जनवरी के बीच दोबारा पूछताछ होगी। दरअसल, पिछले साल अगस्त माह से ही इडी की टीम पूछताछ के लिए सीएम को करीब आठ समन जारी कर चुकी है।

पहला समन जारी कर उनको पूछताछ के लिए 14 अगस्त को बुलाया गया था। इसके बाद समन का सिलसिला चलता रहा। इडी ने आठवीं बार सीएम को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया कि अगर आप नहीं आये तो टीम आ सकती है। तब सीएम की ओर से शर्तों के साथ 20 जनवरी की तारीख तय की गयी थी।

### कांग्रेस 300 सीटों पर लड़े मैं मदद दूंगी : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान के बीच टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भाजपा के खिलाफ कुछ विशेष क्षेत्रों में लड़ाई का नेतृत्व क्षेत्रीय नेताओं की ओर से किये जाने का विचार रखा। साथ ही सुझाव दिया कि कांग्रेस स्वतंत्र रूप से 300 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ सकती है। ममता ने कहा कि वाम दल विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के एजेंडे पर नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल की तरह भाजपा को सीधी टक्कर कोई नहीं दे रहा है। टीएमसी प्रमुख कोलकाता में आयोजित सर्व-धर्म रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देती हूं कि कुछ विशेष क्षेत्रों को क्षेत्रीय दलों के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए। कांग्रेसी अकेले 300 (लोकसभा) सीट पर लड़ सकते हैं और मैं उनकी मदद करूंगी। मैं उन सीट पर चुनाव नहीं लड़ूंगी लेकिन वे अपनी बात पर अड़े हुए हैं।

# झारखंड में जारी रहेगी हाड़ कंपाने वाली सर्दी

## आज रांची समेत कई जिलों में बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटे के भीतर चतरा में न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस रहा है। वहीं गुमला में 4.5 डिग्री, धनबाद में 4.7 डिग्री, लोहरदगा में 4.9 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है। इसके अलावा लातेहार, पाकुड़, जामताड़ा और बोकारो में न्यूनतम पारा 6 डिग्री से नीचे रहा है। झारखंड के ज्यादातर इलाकों में सुबह के वक्त कोहरा और धुंध, जबकि शाम ढलने के बाद कनकनी से जनजीवन प्रभावित है।



**चक्रवात का असर :** मौसम केंद्र रांची के प्रमुख वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से और उससे सटे मराठवाड़ा और विदर्भ के अलावा तेलंगाना में साइक्लोनिक सकुर्लेशन का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं, उत्तर प्रदेश के पश्चिमोत्तर एवं उससे सटे इलाकों में भी एक चक्रवात का क्षेत्र बना हुआ है। इसका असर झारखंड के मौसम पर भी देखा जायेगा। इसकी वजह से तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। (शेष पेज 11 पर)

## पराक्रम दिवस उद्घाटन समारोह में बोले पीएम मोदी

# युवा व नारी शक्ति ही परिवारवाद-भ्रष्टाचार मिटाने में सक्षम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि देश की राजनीति को परिवारवाद और भ्रष्टाचार की बुराइयों से हमारी युवाशक्ति और नारीशक्ति ही बाहर निकाल सकती है। उन्होंने कहा कि हमें राजनीति से भी इन बुराइयों को समाप्त करने का पराक्रम दिखाना होगा और इन्हें परास्त करना होगा। पीएम मोदी मंगलवार को दिल्ली के लाल किले में नौ दिवसीय पराक्रम दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। नेताजी की जयंती के उपलक्ष्य में देश में पराक्रम दिवस मनाया जाता है। पीएम ने नेताजी को नमन करते हुए कहा कि नेताजी ने कहा था कि अगर हमें भारत को महान बनाना है, तो राजनीतिक लोकतंत्र, लोकतांत्रिक समाज की नींव सशक्त होनी चाहिए। दुर्भाग्य से आजादी के बाद उनके इस विचार पर ही कड़ा प्रहार किया गया। उन्होंने कहा, आजादी के बाद परिवारवाद, भाई-भतीजावाद जैसी बुराइयां भारत के लोकतंत्र पर हावी होती गयीं। ये भी एक बड़ा कारण रहा है कि भारत उस गति से विकास नहीं कर पाया, जिस गति से उसे करना चाहिए था। मोदी ने कहा, देश की राजनीति को परिवारवाद और भ्रष्टाचार की बुराइयों से हमारी युवाशक्ति और नारीशक्ति ही बाहर निकाल सकती है। हमें राजनीति से भी इन बुराइयों को समाप्त करने का पराक्रम दिखाना होगा, इन्हें परास्त करना होगा। (शेष पेज 11 पर)



**नौ दिन चलेगा पराक्रम दिवस :** जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि आज पराक्रम दिवस के मौके पर भारत पर्व भी शुरू हो रहा है। अगले नौ दिनों में, भारत पर्व में गणतंत्र दिवस की झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश की विविधता का प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, हमने देखा है कि जब से 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में घोषित किया गया है, तब से गणतंत्र दिवस समारोह 23 जनवरी से 30 जनवरी को बापू की पुण्य तिथि तक जारी रहता है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमारी सरकार आई तो हम 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ आगे बढ़े। देश देख रहा है कि अब हालात कैसे बदल रहे हैं।

## अचानक राज्यपाल से मिले नीतीश, 50 मिनट की बात

# मांझी बोले- अब खेला होबे राजद ने कहा-ऑल इज वेल

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलने राजभवन पहुंचे। सीएम और राज्यपाल की मुलाकात करीब 50 मिनट तक चली। उनके साथ संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी भी थे। मुलाकात के बाद सीएम राजभवन से निकल गये। राज्यपाल-नीतीश की इस भेंट से बिहार की सियासत फिर गरमा गयी। इससे पहले सीएम और राज्यपाल नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह में पहुंचे थे। वहां डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। समारोह के बाद वहीं से नीतीश बिना डिप्टी सीएम को साथ लिए अपने करीबी मंत्री के साथ राजभवन पहुंच गये। नीतीश के राजभवन पहुंचने के बाद बिहार की सियासत में तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। पाला बदलने की चर्चा तेज हो गयी है। पूर्व सीएम सीएम जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया पर लिखा-खेला होबे। वहीं राजद ने कहा आल इज वेल।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल ने नेताजी को याद किया



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें याद किया। मौके पर राज भवन में नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।

### मुख्यमंत्री ने नेताजी को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने राजधानी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की निर्णायक भूमिका रही थी। आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को हम कभी भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने आम जनमानस के गौरव को स्थापित किया। हमें इस बात का गर्व है कि हम एक ऐसे लोकतांत्रिक देश में रहते हैं जहां अनेक वीरों तथा वीरांगनाओं ने जन्म लिया। इनके नाम इतिहास के सुनहले पन्नों पर दर्ज हैं।

### प्रदेश कांग्रेस ने नेताजी को याद किया



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कांग्रेसजनों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस त्याग एवं अनुशासन के प्रतिमूर्ति थे। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा, जयशंकर पाठक, संजय पांडेय, राजीव रंजन प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, डॉ एम तौसीफ, कमल ठाकुर, सोनाल शांति, जगदीश साहु, खुर्शीद हसन रूमी, डॉ बिरसा उरांव, ऋषिकेश सिंह, रियाज अंसारी, ईश्वर आनंद, नेली नाथन, प्रमोद कुमार दूबे, केदार पासवान,पप्पु अजहर, केके शुक्ला, प्रभात कुमार, वेद प्रकाश तिवारी, अजय सिंह, अख्तर अली, हुसैन खान, मो सफार, सुधांशू शेखर झा, नरेन्द्र लाल गोपी, सुरेन राम, कृष्णा राम, विकास सिंह, छोटू सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी, सुन्दरी तिर्की, रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

### स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधा थे नेताजी : भाजमो

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधा थे। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिये आजाद हिंद फौज की स्थापना की। भारतवासी उन्हें नेताजी के नाम से संबोधित करते थे। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में आशीष शीतल मुंडा, जीवेश सिंह, मनोज सिंह, पंकज, संतोष श्रीवास्तव, प्रदीप बराइक आदि उपस्थित थे।

### आज भाजपा में शामिल होंगे शंकर दुबे

**रांची।** समाजसेवी शंकर दुबे बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष सदस्यता ग्रहण करेंगे। यह मिलन समारोह मोराबादी स्थित संगम गार्डन में दोपहर दो बजे आयोजित होगा। श्री दुबे ने बताया कि पीएम नमो की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

### मनी लांड्रिंग : संतोष यादव पर फैसला 30 को

**रांची।** साइबर अपराध से प्राप्त राशि का मनी लांड्रिंग करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र निवासी संतोष यादव से जुड़े मामले में 30 जनवरी को फैसला आयेगा। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 30 जनवरी फैसले की तारीख निर्धारित की है। इस दिन आरोपी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहने को कहा गया है। मामले में ईडी ने 20 सितंबर 2022 को जांच पूरी करते हुये आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### सीसीएल में मनाया गया पराक्रम दिवस



**रांची।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस मनाया गया। उपस्थित सभी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के शौर्य और पराक्रम को याद कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कर्मियों ने भारत की स्वतंत्रता के लिए नेताजी द्वारा किए गए संघर्षों का स्मरण करते हुए उनके मूल्यों को आत्मसात करने की बात की। इस अवसर पर सीएमएस गांधीनगर डॉ. सुमन सिंह, विभागाध्यक्षा (कल्याण) रेखा पांडे, विभागाध्यक्ष (प्रशासन) सुजीत गोस्वामी, विभागाध्यक्षा (मैनपॉवर) कविता गुप्ता, पीके सिन्हा, आरके सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में कल्याण विभाग एवं अन्य की भूमिका रही।

### भाकपा कार्यालय में मनी नेताजी की जयंती




**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती मनाई गई। इस मौके पर नेताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे याद किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, झामुमो नेता जितेंद्र कुमार गुप्ता, राजद नेता राजेश यादव, खेत मजदूर यूनियन के नेता इम्तियाज खान सहित कई लोग उपस्थित थे। पूर्व सांसद भवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि आज नेताजी की जयंती पर सभी लोग संकल्पित हैं कि आने वाले दिन में धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों को सबक सिखाना है। धर्मनिरपेक्ष पार्टियां एकजुट होकर के देश में लोकतंत्र, संविधान और देश को बचाने के लिए संघर्ष को तेज करेंगे।

### गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे पीएम आवास शहरी के 21 लाभार्थी

**रांची।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कुल 21 लाभुक आज रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मालूम हो कि ये लाभुक दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेंगे और भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस अवसर पर हडको के क्षेत्रीय प्रमुख बिश्वजीत सोय ने लाभुक को सम्मानित किया और रांची से रवाना किया। इस मौके पर झारखंड नगरीय प्रशासन निदेशालय की ओर से मो. फिरोज आलम, मुकेश कुमार झा और हडको की ओर से सुरेन्द्र कुमार, संजय मिश्र, अमरेन्द्र कुमार, विनीता कुमारी और मो आरिफ आदि उपस्थित थे।

## राज्य के कम वोटिंग वाले 20 विधानसभा क्षेत्रों में चलाया जा रहा विशेष अभियान

# लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य, तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य निर्वाचन आयोग आगाम लोकसभा में शत प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य रखा है। इसी के अनुरूप तैयारी भी शुरू कर दी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि आयोग की ओर से 81 में से 20 विधानसभा क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जहां मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। वैसे विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शत प्रतिशत कराने को मिशन मोड काम किया जा रहा है। बताते चलें कि झारखंड में शत प्रतिशत मतदान के लिए चुनाव आयोग ने तैयारी कर रखी है। मतदाता सूची प्रकाशन के बाद अब आयोग का लक्ष्य लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की है। इसे लेकर आयोग की ओर से वृहद कार्य योजना बनाई गई है। झारखंड में आम तौर पर ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र में मतदान काफी कम होता रहा है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में औसतन 66 फीसदी मतदान होता रहा है, जिसे बढ़ाने के लिए आयोग के द्वारा पिछले कई महीनों से कार्य किया जा रहा है।

### शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम



चुनाव आयोग द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित विधानसभा क्षेत्रों में अधिकांश शहरी क्षेत्र शामिल हैं। इनमें रांची, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग सहित राज्य के विभिन्न शहरी इलाकों में मतदान प्रतिशत विगत तीन चुनावों में काफी कम रहा है। ऐसे में आयोग ने इन इलाकों में विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

**घर के नजीदक बनाये जायेंगे मतदान केंद्र :** आयोग की ओर से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जो अभियान चलाए जाएंगे, उनमें जागरूकता अभियान के अलावा रिहायशी कॉलोनी में घर के नजदीक मतदान केंद्र बनाने, मतदान के समय मैसेज भेजने, वरिष्ठ मतदाताओं को विशेष सुविधा देने के अलावा स्थानीय मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए युवाओं को प्रेरित करने जैसे विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष अभियान के लिए राज्य भर में 800 मास्टर ट्रेनर के अलावा जिला एवं प्रखंड स्तर पर बीएलओ एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को विशेष रूप से जिम्मेदारी दी गई है।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नव प्रकाशित मतदाता सूची और मतदाता पंजीकरण की दी गयी जानकारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने झारखंड राज्य अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को नव प्रकाशित मतदाता सूची एवं उससे जुड़े तमाम बिंदुओं से अवगत कराया गया। श्री कुमार ने सभी से अपील की कि वे भी अपने स्तर पर एक जागरूकता का माहौल बनाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस नई सूची में अपना नाम चेक करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के पास भी अगर किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव आते हैं तो उन्हें भी निर्वाचन कार्यालय तक पहुंचाएं। बैठक में मौजूद लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्यों के प्रति संतुष्टि व्यक्त करते हुए लगातार हुए जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। प्रतिनिधियों को बताया गया कि अद्यतन मतदाता सूची को सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। इस जानकारी को वे अपने-अपने स्तर पर भी जरूर प्रचारित करें। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे ईवीएम और वीवीपैट को लेकर राज्य भर में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग इस जागरूकता अभियान से लाभान्वित हो सकें। बैठक के दौरान सभी प्रमुख दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील आदि मौजूद थे।

## शिबू सोरेन परिवार की संपत्ति जांच के मामले में दी प्रतिक्रिया

# जिन्होंने जनता की गाढ़ी कमाई लूटी, उन्हें हर हाल में सजा मिलनी चाहिए : बाबूलाल मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को शिबू सोरेन परिवार एवं राज्य के सत्ताधारियों पर निशाना साधा। श्री मरांडी मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने शिबू सोरेन परिवार की चल अचल संपत्ति की जांच के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और कहा कि लोकपाल का गठन भ्रष्टाचार, लूट को जड़ से समाप्त करने के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में सांसद निशिकांत दुबे ने शिबू सोरेन द्वारा सत्ता और पद का दुरुपयोग कर अवैध चल अचल संपत्ति अर्जित की जिसकी जांच के लिए लोकपाल में आवेदन दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद का भ्रष्टाचार से पुराना नाता है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या कोई चोर पांच दस साल बाद पकड़ा जायेगा तो क्या उसपर मुकदमा दर्ज नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह मामला लोकपाल का है। सीबीआई जांच होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने जनता की गाढ़ी कमाई लूटी है, उन्हें हर हाल में सजा मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा का भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। जबतक भ्रष्टाचारियों को सजा नही मिल जाती भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि धारा 144 उल्लंघन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर मुकदमा दर्ज हो। उन्होंने कहा कि इस मामले में सबसे बड़े दोषी तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं, जो धारा 144 के बीच गाड़ी पर खड़ा होकर भीड़ को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सीआरपीएफ अधिकारी तो अपनी ड्यूटी कर रहे थे। जिस प्रकार सीएम से पूछताछ के दौरान तीर धनुष, हथियार के साथ भाड़े के टट्टू उनके आवास के बाहर थे, उससे ईडी अधिकारियों की सुरक्षा संदेहास्पद थी।

इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाइक एवं प्रतुल शाह देव उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस में भाग लेने झारखंड के 21 योग प्रशिक्षक दिल्ली रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आयुष मंत्रालय ने झारखंड के 21 योग प्रशिक्षकों का चयन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस में शामिल होनें के लिए किया गया है। ये सभी योग प्रशिक्षक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। योग प्रशिक्षकों का चयन झारखंड के हर जिले से किया गया है। इस संबंध में आयुष निदेशालय, झारखंड सरकार की निदेशक सीमा कुमारी उदयपुरी ने एच डब्ल्यू सी के नोडल अफसर दिवाकर कुमार झा को नियुक्त किया है, योग प्रशिक्षक, डॉ अर्चना कुमारी की देखरेख में मंगलवार को टीम दिल्ली रवाना हुई। गणतंत्र दिवस में शामिल होने वाले योग प्रशिक्षक पूनम तिवारी, शौर्या कुमारी, अनोज कुमार, विनय पंडित,संतोष गोस्वामी, शशि कुमार चौधरी, आनंद कुमार वर्मा, प्रियंका कुमारी, तुलसी साहू, संजीव कुमार सिंह, रंजीत प्रसाद यादव, नमित नाग, सुषमा सुमन, घनश्याम यादव, प्रसेनजीत राजबंशी, पवन कुमार गुप्ता, धनराज सिंह, डॉ अर्चना कुमारी, नीलरतन खान, दिव्येन्द्र कुमार प्रसाद, दीपक पासवान शामिल है।

### जमशेदपुर से 29 जनवरी और 19 फरवरी को अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी

**रांची।** जमशेदपुर से अयोध्या के लिये स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। टाटानगर से अयोध्या धाम के लिए 29 जनवरी और 19 फरवरी को ट्रेन संख्या 08019 आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गयी है। आस्था स्पेशल ट्रेन टाटानगर से रात 11 बजकर 50 मिनट पर रवाना होगी। चांडिल, पुरुलिया, बोकारो स्टील सिटी होते हुए गोमो, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, वाराणसी, जौनपुर, अकबरपुर होकर दूसरे दिन की सुबह 3:20 मिनट पर दर्शन नगर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन सुबह 8 बजे दर्शन नगर से रवाना होकर रात 11 बजे टाटानगर पहुंचेगी। संभावना है कि बोकारो स्टील सिटी से 5 फरवरी और 26 फरवरी को, रांची से 12 फरवरी को व बालासोर से 16 फरवरी को आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना होगी।

## संजय सेठ को आज मिलेगा बेस्ट आइकॉन एमपी अवार्ड



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ का चयन दादासाहेब फाल्के आइकन गोल्ड अवार्ड के लिए किया गया है। सांसद श्री सेठ को यह अवार्ड आज 24 जनवरी को नई दिल्ली में दिया जायेगा। दादासाहब फाल्के संस्थान की ओर से सांसद को बेस्ट आइकॉन एमपी झारखंड के रूप में चुना गया है। सांसद का यह चुनाव क्षेत्र में आम जनता के बीच सक्रियता, लोकसभा में उपस्थित, सत्र में सवाल जवाब, क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सक्रियता, सोशल मीडिया पर सक्रियता सहित सामाजिक क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को लेकर हुआ है। संस्था ने एक सर्वे के बाद सांसद को इस अवार्ड के लिए नामित किया है। विगत वर्षों में सांसद ने लोकसभा में अपनी सत्र प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई है। 3 वर्षों से बुक बैंक के माध्यम से लाखों पुस्तकों का वितरण किया गया। टॉय बैंक के माध्यम से हजारों खिलौने का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त सेठ ने सांसद खेल महोत्सव, सांसद सांस्कृतिक महोत्सव, परीक्षा पर चर्चा को लेकर ड्राइंग कंपटीशन जैसे कार्य किए हैं। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा हूं। इस सम्मान के लिए संसद ने दादा साहबफाल्के संस्थान के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की है।

# तेनूघाट थर्मल पावर स्टेशन की देखरेख में आयी कमी से उत्पादन हुआ प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तेनूघाट थर्मल पावर स्टेशन यानी टीटीपीएस में मेंटनेंस में कमी और राजस्व की कमी के कारण बार-बार पावर स्टेशन में खराबी होते रहती है। वहीं कोयला की कमी के कारण भी कई बार टीटीपीएस की दोनों यूनिट से बिजली उत्पादन प्रभावित रहती है, बावजूद पावर स्टेशन के विस्तारीकरण और विलय पर अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

उर्जा विभाग की मानें तो पावर प्लांट का विस्तारीकरण सरकार के स्तर पर विचाराधीन है। साल 2020 में राज्य सरकार ने टीटीपीएस के विस्तारीकरण के संबध में टीटीपीएस और जेयूवीएनएल से मंतव्य मांगा था। वहीं, पिछले दिनों इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने भी टीटीपीएस विस्तारीकरण को मंजूरी दे दी। इसके बाद भी मामला लंबित है, जबकि पावर स्टेशन में औसतन हर दो से तीन महीने में खराबी आती है। जिससे राज्य में दो से तीन सौ मेगावाट बिजली की कमी दर्ज की जाती है। पिछले साल सिंतबर में विधानसभा उपक्रम समिति के सभापति सरयू राय ने टीटीपीएस का दौरा किया था। इस दौरान टीटीपीएस अधिकारियों ने खुद पावर प्लांट में मेंटनेंस की कमी की जानकारी दी थी। जिसके कारण प्लांट में बार बार होने वाली खराबी को प्रमुख वजह बताया था। अलग अलग स्तरों पर बकाया भुगतान नहीं होने के कारण भी पावर प्लांट में राजस्व की कमी की जानकारी दी गयी थी। जिसके बाद टीटीपीएस पर सरकार को जल्द निर्णय लेने की मांग की गयी थी।

### 2005 से विस्तारीकरण लंबित

टीटीपीएस राज्य का एक मात्र थर्मल पावर स्टेशन है, जहां से उत्पादित बिजली राज्य को मिलती है। पावर स्टेशन का विस्तारिकरण साल 2005 से ही लंबित है। इसके बाद साल 2020 में वर्तमान सरकार ने जेयूवीएनएल और टीटीपीएस प्रबंधन से विस्तारिकरण पर मंतव्य मांगा। टीटीपीएस के मजदूर संघों की ओर से भी विस्तारिकरण और प्लांट आधुनिकीकरण की मांग उठती रही है।

### विस्तारीकरण से उत्पादन में होगी वृद्धि

टीटीपीएस विस्तारीकरण के तहत अतिरिक्त दो यूनिट बनाये जायेंगे। इसमें कुल 9500 करोड़ की लागत तय की गयी है। दोनों यूनिट से कुल 660 - 660 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जायेगा। वर्तमान में दो यूनिट से बिजली उत्पादन का लक्ष्य 300 - 300 मेगावाट तय किया गया है। जिससे कुल 210 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है।

# झारखंड में न्याय यात्रा को सफल बनाकर देश में कायम करेंगे मिसाल : राजेश ठाकुर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा को झारखंड में व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं की बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए आम कांग्रेसजनों की भागीदारी आपसी सामंजस्यता पर अत्याधिक जोर दिया गया।

बैठक में श्री ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और भागीदारी न्याय के लिए भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की है। देश से नफरत की माहौल को मिटाने के लिए आज के इस दौर में राहुल गांधी के संघर्ष में हम सभी को आम जनता को भागीदार बनाते हुए कदम से कदम मिलाकर संघर्ष करना होगा।

श्री ठाकुर ने कहा कि न्याय यात्रा को जिस तरह से भाजपा शासित राज्यों में रोका जा रहा है और राहुल गांधी को जनता से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। यह भाजपा के हताशा का परिचायक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में न्याय यात्रा को सफल बनाकर हमें पूरे देश के सामने एक मिशाल कायम करनी है। झारखंड में न्याय यात्रा की सफलता भाजपा के मुंह पर करारा तमाचा साबित होगा।

बैठक में जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, संजय पांडेय, मानस सिन्हा, रवीन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, तनवीर आलम, अजय नाथ शाहदेव, रवीन्द्र झा, सतीश पॉल मुंजनी, कमल ठाकुर, सोनाल शांति, चंचल चटर्जी, शांतनु मिश्रा, डॉ एम तौसीफ, रियाजुल अंसारी, राकेश तिवारी, पप्पु अजहर, दीपक ओझा, ईश्वर आनंद, बेलस तिकी, सुन्दरी तिकी, डॉ बिरसा उरांव, अजय सिंह, भानू प्रताप बडाईक, वेद प्रकाश तिवारी आदि थे।

# राज्य के 18 प्रखंड विकास पदाधिकारी इधर से उधर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने 18 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) की ट्रांसफर-पोस्टिंग किया है। ग्रामीण विकास विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे प्रखंड जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं, वहां अधिसूचित-कार्यरत अंचल अधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी की शक्ति नियमित प्रखंड विकास पदाधिकारी के पदस्थापन तक प्रदत्त की जाती है। जिन प्रखंडों में अंचल अधिकारी के पद रिक्त हैं उनमें प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा अंचल अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा।

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| विजय कुमार | सिमरिया |
| डांगुर कोड़ाह | गुड़ाबंधा |
| मनीष कुमार | तिसरी |
| सोमनाथ बनर्जी | सुंदर पहाड़ी |
| यादव बैठा | चैनपुर |
| राजश्री ललिता | पालकोट |
| नीतू सिंह | हजारीबाग सदर |
| रेशमा रेखा मिंज | बरवाडीह |
| विजय प्रकाश मरांडी | नवाबाजार |

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| संतोष कुमार | खलारी |
| अंशु कुमार पांडेय | बरहेट |
| लेखराज नाग | सेवा, कार्मिक |
| डॉ शिशिर कुमार सिंह | सेवा कार्मिक |
| प्रदीप कुमार | चास |
| मिथिलेश कुमार चौधरी | सेवा कार्मिक |
| कुमार देवेश | पतना |
| विशाल कुमार पांडेय | उधवा |
| राहुल देव | गिद्धौर |

# धनबाद में जिस युवती की हुई थी हत्या, रांची में था ससुराल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद में 21 जनवरी से लापता एक युवती का शव बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के श्रीराम प्लाजा बिल्डिंग स्थित प्राइवेट म्युचुअल फंड कंपनी से संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया था। उसकी शादी दिसंबर में रांची में हुई थी। जनवरी में वह पारिवारिक शादी समारोह में भाग लेने के लिए धनबाद गयी थी। बैंक मोड़ थाना पुलिस के मुताबिक, धनबाद के धनसार स्थित मनइटांड़ की रहने वाली 22 वर्षीय युवती निशा की शादी 7 दिसंबर 2023 को रांची में हुई थी। पुलिस ने बताया कि निशा पहले श्रीराम प्लाजा के टाटा म्युचुअल फंड के ब्रांच मैनेजर नीरज आनंद के अंडर में काम करती थी, लेकिन शादी के 15 दिन पहले उसने वहां काम छोड़ दिया था। निशा शादी के बाद पहली बार अपनी दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए धनबाद अपने घर आई थी। घटना के संबंध मृतका के पिता मनईटांड़ निवासी दीपक कुमार ने बताया कि 21 जनवरी यानि रविवार की दोपहर करीब एक बजे वह अपनी बेटी को लेकर बैंक मोड़ चौराहा के पास पहुंचे। उनकी बेटी को सहेली की शादी में जाना था। निशा अपने पिता की गाड़ी से यह कहकर उतर गई कि उसे शादी के लिए कुछ शॉपिंग करनी है लेकिन जब वो देर रात तक वह नहीं आई तो परेशान होकर वो लोग बेटी को ढूंढने लगे। कहीं पता नहीं लगने पर बैंक मोड़ थाने में गुमशुदगी की शिकायत की। निशा के मोबाइल का लास्ट लोकेशन श्रीराम प्लाजा मिल रहा था। जिसके बाद वे देर रात कार्यालय भी गए थे, परंतु कार्यालय अंदर और बाहर से बंद था।

**हत्या के बाद से ब्रांच मैनेजर फरार**

शाखा मैनेजर नीरज आनंद हत्या के बाद से ही घर से फरार है। उसका मोबाइल घर पर ही है। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी को ब्रांच मैनेजर ने फोन कर कार्यालय बुलाया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस मामले में जुट गयी है। बैंक मोड़ पुलिस ने बताया कि देर रात लड़की की गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी।

## अजीम प्रेम जी फाउंडेशन को जमीन का हस्तांतरण

**रांची।** अजीम प्रेम जी फाउंडेशन फोर डेवलपमेंट को इटकी के टीबी आरोग्यशाला की 150 एकड़ जमीन का हस्तांतरण उस दिन हुआ जिस दिन रामलला की अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। चर्चा इस बात की है कि उस दिन को शुभ दिन मानकर जमीन की लीज बंदोबस्ती की गयी। अब इस डेढ़ सौ एकड़ जमीन पर तीन साल के भीतर स्वास्थ्य सेवाएं और मेडिकल कॉलेज शुरू कर देना है। हस्तांतरण का कार्य रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के झारखंड हेड राकेश तिवारी के बीच हुआ। यह जमीन 99 साल के लीज पर राज्य सरकार ने फाउंडेशन को दिया है। यहां मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। जमीन के एवज में फाउंडेशन को 99 साल की लगान और सेश के रूप में 22 करोड़ 16 लाख 33 हजार 895 रुपये सरकार के कोष में जमा देना पड़ा। जमीन के लीज का निबंधन रांची के निबंधन कार्यालय में 22 जनवरी की रात आठ बजे संपन्न हुआ। जमीन देने का निर्णय कैबिनेट से लिया गया था।

### पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# योजना के क्रियान्वयन को लेकर पंजीकरण सत्यापन और समस्या के निदान पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के (एमएसएमई) विकास कार्यालय रांची की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ ने होटल मैपलवुड में दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना विश्वकर्मा जयंती 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री ने लॉन्च किया। इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने उपस्थित सभी हितधारकों से अपने स्तर के कार्य से संबंधित कार्यों को अच्छी तरह से समझने के लिए इस कार्यशाला का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम के संयोजक सह सहायक निदेशक सुरेन्द्र शर्मा ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। एमएसएमई-विकास कार्यालय के संयुक्त निदेशक और कार्यालय प्रमुख इंद्रजीत यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा से अवगत कराया। इस कार्यशाला में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हो रहे आवेदन पंजीकरण प्रक्रिया, सत्यापन प्रक्रिया एवं इसकी समस्या पर चर्चा की गयी, ताकि इस योजना का क्रियान्वयन झारखंड राज्य में सुचारू रूप से किया जा सके।

विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशि रंजन ने कहा कि इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी जिले के उपायुक्तों को पत्र लिखकर द्वितीय स्तर के सत्यापन की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया।

केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के क्षेत्रीय निदेशक बीके सिंघा ने बताया कि दुमका जिले में प्रथम बैच का प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है। प्रशिक्षण केंद्रों के ऑनबोर्डिंग में आ रही समस्याओं के लिए एक हेल्प डेस्क बनाया गया है, जहां प्रतिदिन 11 से 12 बजे तक का समय समस्याओं का समाधान होगा। इसके अलावा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के उप महाप्रबंधक अनिल जगदीश जाधव ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण की सुविधा के बारे में बताया।

तकनीकी सत्र में सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के वरिष्ठ प्रबंधक शशि शुक्ला ने पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर लाभार्थियों का जनसेवा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण कैसे करें और कौन-कौन से दस्तावेज पंजीकरण के लिए आवश्यक है, इसकी जानकारी दी। इसके अलावा तकनीकी सत्र में पीएम विश्वकर्मा योजना की नोडल अधिकारी ज्योत्सना गुड़िया ने इस योजना में लाभार्थियों के पंजीकरण, उनके आवेदन की तीनों स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में बताया।

## कंप्यूटर साइंस शिक्षक संतोष ने गिनीज बुक में दर्ज कराया नाम



**रांची।** संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के कंप्यूटर साइंस शिक्षक संतोष कुमार ने लगातार 48 घंटे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सत्र को सफलतापूर्वक पूरा कर अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। यह सत्र 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से शुरूआत हुई थी। यह सत्र 23 जनवरी को सुबह 9.23 बजे समाप्त हुआ। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय प्रांतीय फादर के समर्थन और मार्गदर्शन को दिया। फादर अजीत कुमार और स्कूल के चेयरमैन संतोष कुमार, प्राचार्य इग्नेशियस ने गुल्दस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

### लोधमा-पिस्का लिंक लाइन प्रोजेक्ट

# जमीन मालिकों को 29 से 31 जनवरी तक मिलेगा मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हटिया-रांची प्रोजेक्ट के तहत लोधमा-पिस्का के बीच लिंक लाइन तैयार की जानी है। इसके लिए मौजा टिकराटोली, सिंहपुर, चेटे, सेम्बो, बालालौंग और बारीडीह के जमीन मालिकों को मुआवजा दिया जायेगा। रांची समाहरणालय, रांची की ओर से सूचना जारी की गयी है। जिला-भू अर्जन शाखा, रांची की ओर से बताया गया है कि 29 जनवरी से 31 जनवरी के बीच सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मुआवजा वितरण के लिए शिविर लगाया जायेगा। 29 जनवरी को टिकराटोली मौजा के लिए पंचायत भवन, नारो में शिविर लगेगा। इसके अगले दिन पंचायत भवन टेटे में लगने वाले शिविर में सिंहपुर, चेटे मौजा के जमीन मालिक शामिल होंगे। अंतिम दिन 31 जनवरी को पंचायत भवन बालालौंग में लगने वाले शिविर में सेम्बो, बालालौंग और बारीडीह के भू-धारी मुआवजा के लिए आ सकते हैं। तीन दिनों तक लगने वाले इस शिविर में रांची जिला प्रशासन की ओर से एक कानूनगो और दो अमीनों को भी भू-धारियों की मदद करने को ड्यूटी लगायी गयी है। मुआवजा भुगतान के लिए संबंधित कागजात (खतियान-डीड, लगान रसीद, परिचय पत्र की छायाप्रति) के साथ उपस्थित होना होगा।

# विप्स ने कोल इंडिया मैराथन में सहभागिता की अपील की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** फोरम ऑफ वूमेन इन पब्लिक इंटरप्राइजेज की रांची चैप्टर की बैठक सीसीएल मुख्यालय में मंगलवार को हुई। इसमें 11 फरवरी, 2024 को हो रहे कोल इंडिया मैराथन को सफल बनाने का प्रण लिया गया।

बैठक मे रांची चैप्टर के सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मैराथन में रजिस्ट्रेशन कराएं। अपनी सहभागिता बढ़ाएं। सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं का फोरम (विप्स) एक अग्रणी संस्था है, जिसके सदस्य सीसीएल, सेल, मेकॉन, बैंक, सीएमपीडीआई, आईआईसीएम और अन्य प्रमुख कंपनियां में कार्यरत हैं।

इस मौके पर कोल इंडिया मैराथन की संचालन कमेटी के सदस्यों ने विप्स मेंबर को पोस्टर भी भेंट किया। आग्रह किया वे सब इस मैराथन का प्रचार-प्रसार करें। मैराथन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

### पुलिस मुख्यालय का सभी एसपी को निर्देश

# चुनाव प्रशिक्षण के लिए जवानों को रखें तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव को झारखंड पुलिस तैयारी में जुट गई हैं। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा है कि चुनाव संबंधित प्रशिक्षण के लिए अपने जवानों को तैयार रखें। प्रशिक्षण संबंधित आदेश निर्देश और एसओपी की कॉपी भी सभी जिलों को भेजी गई है।

**मैनुअल प्रशिक्षण पर जोर :** पुलिस मुख्यालय ने निर्देश में कहा है कि लोकसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से बल प्रतिनियुक्ति को लेकर जारी मैनुअल के तहत प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है। चुनाव में प्रतिनियुक्त जवानों को मतदान कर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया जाएगा। मतदान सामग्री की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों से निपटने के तरीके से बताए जाएंगे। मतदाताओं को असुविधा न हो, उन्हें कोई मतदान से वंचित न कर पाए, उन्हें अपने पक्ष में मतदान के लिए कोई दबाव बनाए तो वैसे लोगों से कैसे निपटना है, वह भी बताया जायेगा।



## आज का राशिफल
### 24 जनवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। **सूर्य** उत्तरायण। **मास** : पौष, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : चतुर्दशी 21:51 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : पुनर्वसु अहोरात्र। **योग** : वैधृति 07:39 बजे समाप्त। **करण** : गर 09.12 बजे तक, तदनंतर वणिज 21:51 बजे समाप्त। **सूर्य** : मकर राशि में। **चंद्रमा** : मिथुन राशि में रात्रि में 01:47 बजे तक, तदुपरांत कर्क राशि में। **दिशाशूल** : उत्तर।

**मेष** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**वृष** : आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-6-7-8

**कर्क** : कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-8

**कन्या** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। शुभांक-2-6-7

**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-8-9

**धनु** : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।शुभांक-3-5-9

**मकर** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्ध के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-1-2-3

**कुंभ** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-7-8

# कई राज्यों के आदिवासी संगठन राष्ट्रीय जतरा में होंगे शामिल : अंतू

## महोत्सव को ले 22 पड़हा आदिवासी जतरा सदमा ओरमांझी को दिया गया आमंत्रण



**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कांके और ओरमांझी के 22 पड़हा आदिवासियों को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के अध्यक्ष अंतू तिर्की ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में 31 जनवरी और 01 फरवरी को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों के भी आदिवासी संगठन अपनी वेशभूषा, परंपरा, संस्कृति, सभ्यता के साथ जतरा में शामिल होंगे।

जिला परिषद् ओरमांझी के कमिश्नर मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव समिति का प्रयास सराहनीय है। मौके पर राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के महासचिव नीलम बिरूली ने कहा कि राज्य भर के समस्त आदिवासी समाज एवं संगठन के परिवार जन को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के तरफ से आमंत्रण करते हैं। वे अपने-अपने पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी राजकिशोर साहू,सक्रिया सदस्य हेमलाल मेहता, 22 पड़हा अध्यक्ष बाबूलाल महली, पूर्व मुखिया चंद्रा रमेशचंद्र उरांव, पूर्व मुखिया सदमा हरि लाल मुंडा, लोकल मुंडा, रवि मुंडा, डिस्को मुंडा, जेठू मुंडा, बबलू मुंडा, अमित पहान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# परीक्षा को तनाव का कारण नहीं बनायें, यह मात्र अध्ययन के आकलन का जरिया : डॉ नीता

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में 'परीक्षा पे चर्चा' का हुआ आयोजन

### प्राचार्या ने 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** परीक्षा विद्यार्थियों के अध्ययन को आकलन करने का एक जरिया मात्र है। यह कभी भी तनाव का कारण नहीं बनना चाहिए। ये बातें प्राचार्य डॉ नीता पांडेय ने कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के तहत आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि परीक्षाएं सिर्फ पड़ाव हैं। यदि इसमें व्यक्ति असफल हो भी जाये, तो उसे पुनः नये सिरे से आरंभ करना चाहिए। उन्होंने दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दी।

इससे पहले परीक्षा पे चर्चा-2024 के तहत 12 जनवरी से 23 जनवरी तक विद्यालय में मैराथन रन, पोस्टर मेकिंग, स्टूडेंट एंकर स्टूडेंट गेस्ट, योग सह ध्यान सत्र, प्रातःकालीन सभा में संभाषण सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने परीक्षा और उसमें प्राप्त सफलता पर आधारित एक भावपूर्ण गीत भी प्रस्तुत किया। एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज ने ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। वे किसी भी चुनौती का सामना सहजता पूर्वक कर पाते हैं। बच्चों ने शिक्षिका मीनू सहाय, विनीता वर्मा, सुषमा तिवारी, आभा सहाय, शारदा सुमन, परिणीता राय, सोना प्रसाद, अलका घोष, सतीश कुमार मिश्रा, निरंजन शर्मा, स्वाति सिन्हा, सुब्रत चटर्जी और अर्शी एथल मिंज के निर्देशन में कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में मनाया गया पराक्रम दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य ललन कुमार ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बहन राशि ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ललन कुमार ने नेताजी के आदर्शों पर चलने की सलाह दी।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अंचल कार्यालय का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपना अंचल कार्यालय रांची के करमटोली रोड स्थित निदान बिल्डिंग के प्रथम तल में खोला है। अंचल कार्यालय का उद्घाटन एएस राजीव प्रबंध निदेशक एवं विशेष कार्यकरी अधिकारी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने किया। उद्घाटन के दौरान श्रीमती शिखा कुमारी अंचल प्रबंधक एवं रोहित रमन उप अंचल प्रबंधक के साथ बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

उपस्थित ग्राहकों एव फोरम को संबोधित करते हुए बताया गया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र अन्य बैंकों की तुलना में ग्राहक समावेशन और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा। बैंक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और उन ग्राहकों को शामिल करने पर भी अधिक ध्यान देगा, जो अब भी बैंकिंग सुविधाओं से वंचित हैं।

बैंक के प्रबंध निदेशक एवं विशेष कार्यकरी अधिकारी ने मंगलवार को झारखंड में अंचल कार्यालय के साथ बूटी मोड़ रांची और अपर बाजार, रांची में अपनी 30वीं और 31वीं शाखा का भी उद्घाटन किया।



## खबर एक नजर में

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम



**रांची।** अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर, ब्रांबे, रांची के प्रांगण में भव्य झांकी एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रावास के विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन आदि प्रस्तुत किये। संध्या आरती, दीपोत्सव एवं शुद्ध शाकाहारी भोजन का भी आनंद लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों में ज्योत्सना झा, जैशुमनी पन्ना, अरविंद कुमार पांडेय, एनएम मिश्रा, मिस शबनम, विनीत गोस्वामी, सुमंत कुमार आदि शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। प्रधानाचार्या डॉ रोमी झा ने सभी को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि इसी प्रकार सभी पर प्रभु की कृपा बरसती रहे। उन्होंने सभी के सहयोग की सराहना की।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



**रांची।** आरएस फाउंडेशन ने बुकरु ग्राम में भारतीय स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। सुभाष चंद्र बोस की जयंती को आधिकारिक तौर पर पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मौके पर संस्था के सदस्यों ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना था कि हम सब एकजुट और समृद्ध राष्ट्र के लिए प्रयास करें। हमें भी उनके इस सपने को साकार करने की ओर अग्रसर होना चाहिए। संस्था के सदस्यों ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर संस्था के पंकज बंका, बजरंग गुप्ता, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।

### छात्र आजसू के सदस्यों ने नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रांची।** छात्र आजसू के सदस्यों ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 127वीं जयंती पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए छात्र आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा नेता जी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे। उन्होंने अपना सारा जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नाम कर दिया था। आजादी के इस महानायक के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। सुभाष चंद्र बोस ने अपनी दमदार नेतृत्व क्षमता से हजारों आम लोगों को आजादी की लड़ाई जोड़ा और आजादी की लड़ाई को एक नई रूपरेखा दी।

### डीएवी नीरजा सहाय में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में मंगलवार को दीपोत्सव मना। यह विदाई देने का मूल्य आधरित पारंपरिक एवं सांकेतिक तरीका है। उन सभी बारहवीं के अभ्यर्थियों को समाज की सम्पदा बनाकर अभिभावकों को उनके 12–14 वर्षों के निर्माण काल के बाद सुपुर्द करने का एक अनोखा एवं निराला तरीका है। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले विभाग की विशेष सचिव गायत्री कुमारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने अभिभावकों से बच्चों को बेहतर इंसान बनाने का सुझाव दिया।

### श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने किया कंबल का वितरण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्यों ने मंगलवार को कंबल का वितरण। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल,ललन कुमार मिश्रा,रमेन्द्र पाण्डेय, महेश बर्मा,परमेश्वर साहु एव आलोक कुमार ने सयुंक्त रूप से हेहल वस्ती और आसपास के विभिन्न बस्तीयों के अभावग्रस्त बच्चों,वृद्ध महिलाओं, पुरुषों के बीच कम्बल, उनी टोपी एवं उनी मोजा का वितरण किया। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### आदिवासी जन परिषद की हुई बैठक

**रांची।** आदिवासी जन परिषद की बैठक मंगलवार को करम टोली धूमकुडिया सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में देश की आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं बुलाकर आदिवासी समाज को निचा दिखाने का काम किया गया है। कहा कि झारखंड जनाधिकार मंच की 4 फरवरी की महारैली को आदिवासी जन परिषद पूर्ण समर्थन करती है।

### डीएवी हेहल में मनी नेताजी की जयंती

**रांची।** मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्रातःकालीन सभा में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रकट की गई। बच्चों ने एक लघुनाटिका के माध्यम से नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं गांधीजी के परस्पर संवाद द्वारा स्वतंत्रता के प्रति उनके विचारों को सराहनीय रूप से प्रकट किया।

# 29 को एचइसी नगरी बंद रखने का आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को सातवें दिन भी मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। श्रमिक नेताओं ने 29 जनवरी को एचईसी नगरी को बंद रखने का आह्वान किया।

इससे पहले प्रदर्शन स्थल पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। सभी ने नेताजी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनके बताए मार्ग पर चलते रहने का संकल्प दुहराया। इसके बाद एचइसी के कामगारों ने जुलूस निकाला, जो मुख्यालय से गोलचक्कर होते हुए धुर्वा बस स्टैंड तक गया। यहां पर प्रकाश कुमार की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए श्रमिक नेताओं ने 20 माह से बकाया वेतन के भुगतान की मांग को लेकर 29 जनवरी को एचईसी नगरी को बंद रखने का आह्ान किया। बताया गया कि इस दौरान एचईसी क्षेत्र की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, शिक्षण संस्थान, ऑटो परिचालन को बंद रखने का आह्ान किया। श्रमिक नेताओं ने आरोप लगाया कि एचईसी को लेकर केंद्र सरकार की मंशा ठीक नहीं है। एचईसी चालू रहेगा तो लोगों का रोजगार भी सुरक्षित रहेगा। सभा को भवन सिंह, मनोज पाठक, हरेंद्र प्रसाद यादव, गिरीश चौहान, एमपी रामचंद्रन, रोहित पांडे, रामकुमार नायक, रंथू लोहरा, वाई त्रिपाठी समेत अन्य ने संबोधित किया।

# पटेल बीएड कॉलेज में मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पटेल बीएड कॉलेज, काटमकुकू, लोधमा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मंगलवार को सभी शिक्षकों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किया। सभी शिक्षकों नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके बहुमूल्य योगदान को याद किया। ज्ञात हो कि इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर सत्र 2022-24 एवं सत्र 2023-25 के छात्रों के बीच में भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों की कविताएं सुंदर और प्रेरणा से भरी थीं।

भाषण प्रतियोगिता में सुमिता खलखो व अंजली कुमारी ने प्रथम, प्रियंका रश्मि लकड़ा व आभा कुमारी ने द्वितीय तथा मधु रानी व निशी रत्नदीप तोपनो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका रश्मि लकड़ा, द्वितीय आभा कुमारी तथा तृतीय जूलसन बरजो व ममता कुमारी आयीं। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

# आइएचएम रांची ने खाद्य कटलरी डिजाइन में शीर्ष 7 संस्थानों में बनायी जगह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन कलिनरी इंस्टिट्यूट, नोएडा में आयोजीत एड़ीबल कटलरी डिजाइन प्रतियोगिता में देशभर के सभी होटल प्रबंधन संस्थानों में शीर्ष 7 में इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची ने अपनी जगह बनाई है। इस प्रतियोगिता में पूरे देशभर के कुल 23 होटल प्रबंधन संस्थानों ने भाग लिया, जिसमें आईएचएम के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार के नेतृत्व एवं डॉ लाडली रानी, बायो टेक्नोलॉजी विभाग, विश्वविद्यालय और प्रवीण रमन के मार्ग दर्शन में शेफ टॉम थॉमस , तृतीय वर्ष के छात्र सारांश सोनी एवम अलंकृत सहाय ने मडुआ से बने खाद्य कटलरी/क्रोकरी जैसे चमच, कटोरी, प्लेट एवम ग्लास इत्यादी प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में भारत के नामी गिरामी शेफ मंजीत गिल, शेफ निशांत चौबे एवम पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के 3 अधिकारीयों ने मूल्यांकन किया।



# इलेक्ट्रॉनिक न्यू डेली मार्केट झंडारोहण के बाद बंद रहेगा : एसोसिएशन

**रांची।** न्यू डेली मार्केट ट्रेड्स वेलफेयर एसोसिएशन मेन रोड की अहम बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी हाशिम ने की और संचालन सचिव मो इरफान ने की। बैठक में 26 जनवरी को राष्ट्रीय छुप्ती पर चर्चा की गई। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष से 15 अगस्त और 26 जनवरी को राष्ट्रीय छुप्ती में इलेक्ट्रानिक न्यु डेली मार्केट बंद रहेगी। झंडोतोलन 10 बजे दिन में किया जाएगा। झंडोतोलन के बाद इलेक्ट्रानिक न्यु डेली मार्केट पूरी तरह से बंद रहेगी। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मो हाशिम भी मौजूद थे।

# बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**रांची।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 127 वीं जयन्ती पर मंगलवार को बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट ने कचहरी स्थित नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कचहरी स्थित सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर मंच के मुख्य संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य के साथ मंच के सभी सदस्यों ने माल्यार्पण करने के बाद मंच के सदस्यों ने रक्तदान किया।इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष, सचिव अमित दास के साथ सभी सदस्य मौजूद थे।

# अफीम की खेती को नक्सलियों ने बनायी बी टीम, ग्रामीणों को बना रहे हथियार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस और केंद्रीय बलों के द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान की वजह से झारखंड का सबसे बड़ा नक्सली संगठन हो या छोटे-छोटे स्प्लिंटर ग्रुप सभी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए अफीम एक बार फिर से नक्सली संगठनों के लिए सबसे बड़ा साधन बन रहा है। नक्सली अपनी एक बी टीम तैयार कर अफीम की खेती करवा रहे हैं, ताकि उनकी आर्थिक तंगी दूर हो सके। इसके लिये नक्सलग्रस्त इलाके में रह रहे ग्रामीणों को अपना हथियार बना रहे हैं।

झारखंड में वर्षों से अफीम की फसल नक्सलियों को आर्थिक समृद्धि देते रहा है। इस साल भी अफीम नक्सलियों के लिए एक बड़ा मौका है। यही वजह है कि नक्सली अफीम माफिया से मिलीभगत कर झारखंड के सैकड़ों एकड़ जमीन में अफीम की खेती करवा रहे हैं। जानकारी के अनुसार नक्सलियों के द्वारा रांची, खूंटी, चतरा, पलामू, सिमडेगा, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम जैसे जिलों में नक्सलियों ने अपनी एक पूरी टीम को ही अफीम की खेती में लगा रखा है।

अफीम की खेती करने वाले टीम बी के मेंबर अफीम तस्करों के साथ-साथ खेती करने वाले ग्रामीणों के संपर्क में हैं। रांची और खूंटी के बीहड़ों में तो वन विभाग और सरकारी जमीन तक में अफीम की फसल लगा दी गई है। खेती करने वाले किसानों के साथ-साथ ग्रामीणों के बीच भी पैसे बांटे गए हैं, ताकि किसी भी तरह की सूचना पुलिस तक न पहुंच सके।



**सैटेलाइट इमेज से नजर आ रहे हैं अफीम के खेत :** बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की सूचना मिलने पर स्पेशल ब्रांच और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जब खूंटी और रांची के जंगलों पहाड़ों का सैटेलाइट इमेज निकाला तो वे चौंक गए। जंगलों और पहाड़ों के बीच समतल जमीन पर एकड़ के एकड़ अफीम की फसल लगाई गई है। जिन इलाकों में अफीम लगाए गए हैं उनमें से कई ऐसे हैं जहां तक पुलिस को पैदल पहुचने में भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। दरअसल, पिछले साल गांव और सड़क से नजदीक जिन-जिन इलाकों में अफीम की फसल उगाई गई थी उन सब की सूचना पुलिस तक काफी जल्दी पहुंची जिसके बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया यही वजह है कि इस बार नक्सलियों की सुरक्षा में बीहड़ो में अफीम उगाई जा रही है।

**टीम में पंजाब, हरियाणा और यूपी के तस्कर भी शामिल :** मिली जानकारी के अनुसार अगर अफीम की खेती को कोई नुकसान न पहुंचे तो 1 एकड़ की खेती से लगभग 10 लाख रुपए का फायदा होता है। इस बार नक्सलियों की भी टीम में पंजाब, हरियाणा और यूपी के अफीम तस्कर भी शामिल हैं। नक्सलियों के द्वारा अपनी टीम के सहयोग से अफीम तस्करों को खेती के लिए जमीन उपलब्ध करवाया गया है साथ ही उन्हें गारंटी दी गई है कि अफीम की खेती की सुरक्षा का जिम्मा भी उनका होगा। उन्हें बस उचित समय पर पैसे मिल जाने चाहिए।

**आइजी-डीआइजी की देखरेख में नष्ट होगी अफीम की खेती :** नक्सलियों की बी टीम की सूचना झारखंड पुलिस की खुफिया विभाग को भी मिल चुकी है। कई नाम को चिन्हित भी कर लिया गया है जो बढ़ चढ़कर खेती करवा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद रांची रेंज के आईजी और डीआईजी दोनों ही अलर्ट मोड में आ गए हैं। सेटेलाइट से मिले इमेज के आधार पर एक बड़ी टीम जल्दी अफीम की फसल को नष्ट करेगी। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अफीम के तैयार होने का समय फरवरी और मध्य मार्च तक होता है उससे पहले तक हर अफीम की फसल को नष्ट कर देना पुलिस का टारगेट रहेगा।

# देशभक्ति के मिसाल हैं सुभाष चंद्र बोस : सीमा शर्मा

### निर्मला कॉन्वेंट में मनी नेताजी की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती धूमधाम से मनाई गयी। मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन की शुरूआत विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात बच्चों ने क्रमबद्ध तरीके से सुभाष चंद्र बोस की जीवनी, स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उनका योगदान इत्यादि से संबंधित कई भाषण प्रस्तुत किए।



विद्यालय समिति के सचिव ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस देशभक्ति की व्यक्तित्व की मिसाल है। उनसे प्रेरित होकर बच्चों को राष्ट्रहित, राष्ट्र निर्माण में अग्रसर होना होगा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि भारत में स्वतंत्रता से पहले कई प्रकार की चुनौतियां थी तथा स्वतंत्रता सेनानियों में भी आपसी एवं वैचारिक मतभेद थे। इन सब के बावजूद विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए सुभाष चंद्र बोस ने अपनी लड़ाई को अलग तरीके से जारी रखा एवं आजाद हिंद फौज का निर्माण किया। हमें उनसे सीख लेना चाहिए कि विपरीत परिस्थितियों में भी समायोजन करते हुए हमें लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर रहना चाहिए। अन्य शिक्षकों ने भी इस मौके पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा बच्चों को सुभाष जी के विचारों से अवगत कराया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, सुधा राणा, अनीमा एक्का एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सड़क हादसे में पुलिस जवान की मौत

**चान्हो।** खलारी मुख्य पथ पर स्थित ताला मोड़ के निकट मंगलवार शाम हुए सड़क दुर्घटना में पैंतीस वर्षीय पुलिस जवान अल्बर्ट नागवार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांके थाना में आर्म्स गार्ड के रूप में तैनात मृतक अल्बर्ट झारखंड पुलिस का जवान था। बताया जाता है अल्बर्ट अपने बाइक से अपने किसी मित्र को छोड़ने के लिए चामा पिकेट आया थाए और छोड़ने के बाद वापस लौट रहा था उसी दौरान उक्त स्थान पर विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक स्कॉर्पियो से सीधी टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में आग लग गईए वहीं दूसरी ओर स्कॉर्पियो को वहीं छोड़कर उस पर सवार लोग मौके से फरार हो गए। अल्बर्ट राजधानी के बरगुट्ठू हरदाग का रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## विधवा के बंद घर का ताला तोड़कर चोरी

**इटकी।** थाना क्षेत्र के मकुन्दा गांव में अज्ञात चोरों ने विधवा ललिता देवी के बंद मकान में एक महीने में दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने 22 जनवरी की रात ललित देवी के घर में रखे कांसा पीतल के वर्तन दो गैस सिलेंडर इंडक्शन चूल्हा एवं पूजास्थल पर रखे चांदी की लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा वाले पांच सिक्कों में हाथ साफ किया। इस बार लगभग पचास हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चोरों के हाथ लगा। गत 31 दिसंबर को अज्ञात चोरों ने घर में नगदी व जेवरात मिलाकर लगभग दो लाख की चोरी कर लिया था। अज्ञात चोरों ने एक महीने के भीतर एक ही घर में दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दिया है। चोरी की घटना को लेकर पीड़िता ललिता देवी ने इटकी थाना में लिखित आवेदन दी है। इस संबंध में इटकी थाना कांड संख्या 07ध्24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अमित प्रशांत ने चोरी की घटना का शीघ्र उदभेदन करने की बात कही है।

# हाथी के हमले से 32 वर्षीय व्यक्ति का मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के हारिन गांव में मंगलवार सुबह 5 बजे 32 वर्षीय मनोरंजन महतो को हाथी ने कुचल दिया है। घायल स्थिति में रिम्स भेजा गया। जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गया है। इधर मौत की सूचना पर रेंजर अमरनाथ भगत रिम्स पहुँच कर परिजन को मुआवजा की अग्रिम राशि 50 हजार दिये।घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 5 बजे मनोरंजन घर से शौच के लिये खेत में गया था। इस दौरान उसे हाथी दिख गया।मोबाइल फोन से हाथी होने की सूचना घरवालों को दे रहा था इसी दौरान पीछे से एक हाथी हमला कर दिया और कुचल दिया। हो.हल्ला के बाद हाथी भाग गये। ग्रामीणों ने तत्काल इलाज के लिये रिम्स भेजा। रिम्स में इलाज के दौरान इसका मौत हो गया। व्यक्ति के मौत से ग्रामीण काफी आक्रोशित है। हाथियों के द्वारा रोजना फसल नुकसान होना रूटीन है। अब लोगो की जान लगातार जा रही है। ग्रामीण काफी हताश है। भय और आतंक के साये में रह रहे है।शाम ढलते ही गांव की सड़क सुनसान हो जा रही है।





### एक माह में पांचवी मौत

सोनाहातू थाना क्षेत्र के चोगा गांव में 20 दिसम्बर को हाथी के हमले से 62 वर्षीय गोविंद कोईरी का मौत हुआ था। 5 जनवरी को राहे प्रखंड के बेहराजरा गांव 56 वर्षीय दुखीराम महतो का मौत हाथी के हमले से हुआ था।6 जनवरी को राहे प्रखंड के हुसिरबेड़ा गांव के 62 वर्षीय माड़राय सिंह मुंडा को हाथी दिन दहाड़े पटक कर मार डाला था।

## बेड़ो में जंगली हाथी ने घर तोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेडो प्रखंड के जामटोली पंचायत के महरु बंजारा गांव में जंगली हाथी ने सोमवार की रात करीब 11 बजे खद्दी धान का कच्चा मकान को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि एक विशालकाय जंगली हाथी इस गांव में अचानक आ धमका। इसके बाद उसने एक घर को ढहा दिया। वहीं घर पर सोए अन्य लोग किसी तरह जान बचाने में सफल रहे। वहीं घटना की सूचना पाते ही मुखिया लक्ष्मी कोया ने गांव पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं पूर्व मुखिया व युवा नेता सुनील कच्छप ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। साथ ही भुक्तभोगी को मुआवजा देने की मांग किया।



## उमवि महावीर नगर के बच्चों ने मनायी नेताजी की जयंती



**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रांगण में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाया गया। नेताजी के जयंती पर प्रधानाचार्य रंथु साहु ने उपस्थित छात्राओं से कहा कि नेताजी के जयंती पर देश 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेताजी की जीवनी में क्रांतिकारी विचार और उनके कठोर त्याग और बलिदानी युवाओं के लिए प्रेरणादायक रहा है। वे देश की आजादी के लिए बेचैन थे। नेताजी के ऊजार्वान नारे आज भी प्रासंगिक है तुम मुझे खून दोए मैं तुझे आजादी दूंगा। जीवन में संघर्ष ना रहेए किसी भी भय का सामना न करना पड़ेएतो जीवन का आधा स्वाद ही खत्म हो जाते हैं। जयंती के शुभ अवसर पर बच्चों के बीच निबंध लेखन का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्या कुमारी खुशी कुमारी सौरभ कुमार सागर कुमार गुप्ता अंकित केशरी अर्चना कुमारी सुजीत कुमार यादव अमन प्रजापति शुभम कुमार आदि शामिल थे।

## होटल प्रबंधन संस्थानों की हुई कटलरी डिजाइन प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची ने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एनसीएचएमसीटी नोएडा के समन्वय से इंडियन कलिनरी इंस्टिट्यूट नोएडा में मंगलवार को आयोजीत एड़ीबल कटलरी डिजाइन प्रतियोगिता में देशभर के सभी होटल प्रबंधन संस्थानों में शीर्ष 7 में अपनी जगह बनाकर एक नया कृतिमान स्थापित किया है। इस प्रतियोगिता में कुल 23 होटल प्रबंधन संस्थानों ने भाग लियाए जिसमें आईएचएम राँची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार के नेतृत्व एवं डॉ लाडली रानीए बायो टेक्नोलॉजी विभाग रांची विश्वविद्यालय और प्रवीण रमनए सम्पादकए हैलो लाइफ पत्रिका के मार्ग दर्शन में शेफ टॉम थॉमसए व्याख्याता तथा तृतीय वर्ष के छात्र सारांश सोनी एवं अलंकृत सहाय ने मडुआ से बने खाद्य कटलरीध्क्रोकरी जैसे चमचए कटोरीए प्लेट एवम ग्लास इत्यादी प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में भारत के नामी गिरामी शेफ मंजीत गिलए शेफ निशांत चौबे एवम पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के 3 अधिकारीयों ने मूल्यांकन किया। इससे मडुआ की विविध उपयोग से इसे वैश्विक स्तर पर पहचान मिलने में सहायता भी मिलेगी।

### शीर्ष सात संस्थानों ने लिया हिस्सा

शीर्ष 7 संस्थानों में आईएचएम रांची आईएचएम मुंबई आईएचएम रायपुर आईएचएम गुरदासपुर आईएचएम चंडीगढ़ एसआईएचएम इंदौर एवं आईएचएम लखनऊ शामिल रहें। डिजाइन कटलरी प्रतियोगिता में शीर्ष 3 विजेताओं हेतु अंतिम निर्णय के लिए प्रतियोगिताए दिल्ली मेंए फरवरी माह के पहले हफ्ते में आयोजित की जायेगी तथा विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपये द्वितीय पुरस्कार 1ध्5 लाख रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये राशि एवं प्रमाण पत्र पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रदान की जायेगी। आईएचएम रांची के डॉण कुमार ने इस टीम के छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए बताया की यह संस्थान के साथ पर्यटन विभाग के गर्व की बात है।

## हाथियों ने घर गिराये फसल किया नष्ट

**सोनाहातू।** हाथियो के झुंड ने सोमवार रात सारेयादए सालबन्दाएहारिन गांव में जम कर उत्पात मचाया है। सारेयाद गांव के भारती देवी और विनाधर महतो का घर को क्षतिग्रस्त किया है।किसान मोहर लोहरा जादू महतो बिष्णुचरण महतो लखिन्द्र महतो के फसल को नष्ट किया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय महतो वन विभाग के अधिकारियों के साथ घूम कर नुकसान की जानकारी लिये। विधायक सुदेश महतो के पहल पर सारेयाद ओर सालबन्दा गांव में पीड़ित के बीच चावल का वितरण संजय महतो ने किया। इस दौरान ग्रामीणों को फटाखे ओर टॉर्च भी दिये गये। फिलहाल ग्रामीणों भय का माहौल है।

## पराक्रम दिवस के रूप में मनी नेताजी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज में सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा एवं सहयोगी शिक्षकों के द्वारा सम्मलित रूप से सुभाष चंद्र बोस के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एंव पुष्प अर्पित किया गया। प्राचार्य के द्वारा छात्रों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवनी और भारत के आजादी के लड़ाई में उनके योगदान के बारे में बताया गया। साथ ही उनके जीवन से देश के प्रति समर्पण के भाव का सीख लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्रा मोनिका कुमारी के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवनी पर भाषण प्रस्तुत किया गया।



### मवि बारीडीह में मनी नेताजी की जयंती

**इटकी।** राजकीय मध्य विद्यालय बारीडीह में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य विजय बहादुर सिंह ने सुभाष चंद्र बोस के जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए उनके संघर्षों को बताया और उनके जीवन से सीख लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मौके पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार माही केरकेट्टा व द्वितीय पुरस्कार विजेता लक्ष्मी कुमारी को दिया गया। मौके पर अंजय कुमार कुमारेश ईवा वंदना लकड़ा प्रमोद इंदवार आभा तिर्की रीता दास व सोमरा उरांव शुभम साहू प्रीति लता मुंडू व श्वेता जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर लगा सुभाष मेला

**सोनाहातू/राहे।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। राहे प्रखंड के कोटांगदाग गांव में सुभाष चंद्र के प्रतिमा पर विधायक सुदेश महतो ने मल्लार्पण कर पराक्रम दिवस को मनाया। इस अवसर पर प्रतिमा परिसर पर सुभाष मेला का आयोजन किया गया ।जिसमें लोक संस्कृति और पारंपरिक नृत्य गीत का आयोजन किया गया। इस इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सुभाष हमारे रोम रोम में बसे हैं हमें इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इनकी बलिदान हमें सदैव याद रहेगी ।मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद थे। राहे सुभाष चौक परिसर में शिक्षा विकास समिति के तत्वाधान में सुभाष प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में सुफल महतो कमलाकांत सिंह प्रदीप भगत बाबूलाल बैठा सुरेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे। आजसु प्रखंड कमेटी ने भी सुभाष प्रतिमा पर मल्लार्पण किया। प्रभारी संजय सिद्धार्थए प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतोए सचिव प्रमोद सिंह वीरेंद्र महतो हलधर महतो आदि मौजूद रहे। इधर सोनाहातू थाना परिसर के प्रतिमा स्थल में जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा धनेश कुशवाहा पवन जयसवाल रूप कुमार साहू आदि ने माल्यार्पण किये। तेलवाडीह के डीह मोड़ के प्रतिमा पर मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषन सिंह मुंडा ने माल्यार्पण किया।

## प्रेमी के साथ रह रही दो बच्चों की मां को उसके पति ने पकड़ा, मचा हंगामा

**नामकुम।** मंगलवार सुबह खिजरी के एक सोसाईटी में हटिया की रहनेवाली एक विवाहिता के पति द्वारा दो बच्चों के साथ प्रेमी के घर देख हंगामा किया जाने लगा। हंगामा बढता देख स्थानीय लोगों ने हंड्रेड डायल पर काल कर पुलिस बुलायी मौके पर पहुंची नामकुम पुलिस ने विवाहिता और प्रेमी को पकड कर थाने ले जाया गया। जहां प्रेमी शुभम चैधरी ने बताया कि विवाहिता दो बच्चों की मां है और वह उसके पडोस में रहती है और वह उससे प्यार करता है। विवाहिता का उसके पति सुनील तिर्की के साथ अनबन है,इसलिए वह एक माह से घर छोड कर नामकुम के खिजरी में प्रेमी शुभम के साथ रहती है,दोनो शादी करना चाहते है। प्रेमी द्वारा पता लगाने के बाद मंगलवार को अपार्टमेंट पहुंचकर दोनो को साथ में पकडा गया उसके बाद पुलिस बुलाकर दोनो को पुलिस के सुर्दुद कर दिया गया,नामकुम पुलिस ने दोनो को जगरन्नाथपुर पुलिस को बुलाकर सौंप दिया गया ।

### एक नजर में

## मायापुर अंजुमन नवयुवक कमेटी गठन







**ओरमांझी।** मायापुर मस्जिद के परिसर में अंजुमन कमिटि की एक बैठक अध्यक्ष सिकंदर अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मायापुर अंजुमन के कार्यों को सही से निष्पादन व सुदृढ़ता के साथ संचालन करने के लिए एक नव युवक कमेटी का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा काफी विचार विमर्श करने के बाद सर्व सहमति से गांव के रिजवान अंसारी को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिव असलम अंसारी व कोषाध्यक्ष आफताब आलम को बनाया गया। इसके अलावे 15 सदस्यीए कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। जिसमें रिजवान अंसारी, समाहन अंसारी, शमशाद अंसारी, सद्दाम अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, साजिद अंसारी, आरिफ अंसारी, इरशाद अंसारी, हफीजुल अंसारी, नूरुद्दीन अंसारी, अफजाल अंसारी, सिकंदर अंसारी शामिल है। सभी को उपस्थित लोगों द्वारा बधाई दी गई।

## बेड़ो : पिकअप और ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक घायल, रिम्स रेफर



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात लगभग साढ़े सात बजे पूरना पानी मोड़ के समीप पिकअप और मालवाहक ऑटो की आमने सामने टक्कर से ऑटो चालक ब्रम्बे पाली गांव निवासी 24 वर्षीय सरफराज अंसारी पिता शाहबुद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा काजोल ने घायल चालक का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल चालक ने बताया कि वह गुमला से आ रहा था और अपने घर जा रहा था।इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

## नेताजी के बताये मार्ग पर चल कर ही बनेगा सशक्त समाज



**ठाकुरगांव।** झारखंड युवा विकास मंच संस्था के तत्वाधान में मंगलवार को संस्था का 21वां स्थापना दिवस सह नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जयंती समारोह का आयोजन बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी केंद्रीय कुर्मी विकास परिषद के अध्यक्ष रणधीर चौधरी मुखिया कुशेन्द्र पाहन पंसस गौरव कुमार ने किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि नेताजी के बताए मार्गों पर चलकर ही हम एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सामाजिक कुरीतियों बालविवाह दहेज प्रथा जुआ नशापान आदि से दूर रहने की भी बात कही। इस अवसर पर संस्था द्वारा 300 गरीबों व असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामदयाल महतो सोनालाल महतो ललित महतो इंद्रनाथ महतो राजेंद्र महतो सीमा देवी ललिता देवी अंजू देवी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# बाघवार अकादमी की टीम ने संत माइकल रांची को सात विकेट से हरा कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत रांची में मंगलवार को खेले गए एक लीग मैच में बाघवार क्रिकेट अकादमी की टीम ने संत माइकल स्कूल की टीम को एक तरफा मुकाबले में सात विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर बाघवार अकादमी की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। इस टीम के गेंदबाजों ने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए संत माइकल को 27 ओवर में सभी विकेट लेते हुए 158 रनों पर रोक दिया। संत माइकल टीम के कप्तान हर्षित वर्मा ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 53 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा। इस टीम के गेंदबाज जियाउल हक ने अपनी टीम के लिए पांच ओवरों में 30 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया। हर्षित नयन ने 6 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया तथा हिमांशु महली ने 6 ओवर में 37 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया । गेंदबाजी की तरह बल्लेबाजी मे भी बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम के बल्लेबाज हर्षित नयन ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 44 रन बनाए। हिमांशु महली तथा आदर्श राज ने अपनी टीम के लिए 32.32 रनों का योगदान दिया तथा गौरव ने 21 रन बनाए और केवल 25ण्3 ओवरों में मात 3 विकेट के नुकसान पर 159 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। संत माइकल टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी औसत रहा इस टीम के गेंदबाज कृष कुमार मेहता ने 6 ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किया। इनको छोड़कर कोई भी गेंदबाज बाघवार अकादमी के बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लग सका। बाघवार अकादमी टीम के ऑलराउंडर हर्षित नयन को उनके बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टीम के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने टीम की भूरि. भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम की इस सफलता का पूरा श्रेय इस टीम के कोच अजय कुमार सिंह एवं टीम मैनेजर हरे कृष्णा सिंह को जाता है । साथ ही उन्होंने टीम को इस जीत के लय को बरकरार रखने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले मैंचो में और अच्छा प्रदर्शन करें।



## लपरा बुध बाजार पशुमेला समिति की बैठक

**खलारी।** लपरा बुध बाजार मेला समिति का एक आवश्यक बैठक पशु मेला टाँड़ में रखा गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हरि पहान व संचालन प्रदीप यादव ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुध बजार मेला टाँड़ में पशु मेला का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ इस वर्ष पशु मेला में मनोरंजन का मेला भी लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। पशु मेला में टॉवर झूलाएब्रेकडान्स झूलाएनौका झूलाए ड्रैगन झूलाएसहित बच्चों के लिए कई आकर्षक मनोरंजन के साथ कई उपकरण समान भी लागये जाएंगे। पशु मेला व आकर्षक मनोरंजन मेला संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति में संरक्षक जितेन्द्र नाथ पांडेयएमुखदेव गोपए अध्यक्ष प्रदीप यादवएउपाध्यक्ष विजय मुंडाएबैजू मुंडाएआलोक यादवएसचिव संतोष मुंडाएसह सचिव रवि उराँवएकोषाध्यक्ष हरेंद्र उराँवएराजेश यादवएसुबोध रजक सहित अन्य समिति के सदस्य बने।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनी नेताजी की जयंती

### उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में नेताजी की 127वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती साहस व पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कालेज के निदेषक राजेष कंडवार ने कहा भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की भुमिका महत्वपूर्ण थी। उनका माना था समाज व राष्ट्र नव निर्माण में विज्ञानी सोंच जरूरी है। बताया विष्व में भारत की सषक्त पहचान सुभाषचंद्र बोस ने दिलाई थी। भारत की वसुधैव कुटुंबबकम सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान भी सुभाषचंद्र बोस ने ही दिलाई थी। वहीं सचिव संतोष महतो ने भी सुभाषचंद्र बोस की जीवनी के संघर्ष व उपलब्धियों की जानकारी दी, कहा समाज के नव निर्माण में आर्थिक विषमता दूर करना व वर्ण धर्म के भेदभाव को भूलकर प्रत्येक को शिक्षा और विकास का समान अवसर देना जरूरी है। उन्होने समाज में महिलाओं की भुमिका महत्वपूर्ण बताया और कहा महिलाओं को पुरूषों के साथ अधिकार और दायित्व देना जरूरी है। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटना निदेशक राजेश कुमार कण्डरवार, सचिव संतोष महतो, प्राचार्य डा. चन्दन कुमार पंकज, उपप्राचार्या दयामनी कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया।



निदेशक के साथ उपस्थित प्रशिक्षु छात्राएं।

### मौके पर थे मौजूद

डीएलएड विभागाध्यक्ष स्वाती अंजना टोप्पो, डा कुमारी कुसूम लता, इन्दू कुमारी झा, ब्रिजिता कुमारी, अलका कुमारी, निर्मला कुमारी, जन्मजय महतो, संदीप महतो, रेहान फजल, संचाली नाग, प्रमिला कुमारी, सलमा टुडू, राखी कुमारी, सुनिता किस्पोट्टा, नित्यानन्द कोईरी, अरूण कुमार पाहन, रंजू कुमारी, शालिनी कुमारी, मेघा महली व प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## सालहन में 30 से मां शक्ति पीठ मेला

**अनगड़ा।** सालहन गांव में 30 में तीस जनवरी से एक फरवरी तक तीन दिवसीय मां शक्ति पीठ मेला का आयोजन किया गया है। मेला के मुख्य संक्षक पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने बताया कि मेला में टुसू प्रदर्शनी प्रतियोगिता बालक और बालिका फूटबाल प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा । मेला का सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया गया है जिसमें संरक्षक पूर्व विधायक के अतिरिक्त एतवा भगत डॉ रिझू नायक अध्यक्ष रोहित करमाली जनक उपाध्यक्ष जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा शिबु मुन्डा किशोर मुन्डा प्रकाश नायक सिकन्दर अन्सारी संजय करमाली रामपद चौधरी पदुम चौधरी अगमलाल महतो सुलेन्द्र उरांव राजू प्रमाणिक सचिव ज्योतिष चौधरी शामिल हैं।

## बुंडू में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी



**बुंडू।** नगर पंचायत के सुभाष चौक में सुभाष जयंती हर्षोल्लास साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा आरएसएस एवं आम नागरिकों के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी गई।उनके द्वारा किए गए स्वतंत्रता आंदोलन को याद किया गया।यह नेताजी सुभाष चौक में 1942 में सुभाष चंद्र बोस आए हुए थे।यहां के नौजवानों को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने की अपील की थी। इस अवसर पर प्रमोद सिंह शिवराज सिंह राजकुमार महतो राजीव लोचन महतो बंटी चौधरी वापी डे गजाधर भगत आदि उपस्थित थे।

# बजट पर नजर

निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग द्वारा नए अंतरिम बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी वर्ग के करदाताओं के कर की कटौती आमदनी अर्जित करने के स्रोत पर अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। इस परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वर्ष 2022-23 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.24 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। यानी देश की कुल आबादी का 1.60 फीसदी लोग ही आयकरदाता हैं। साथ ही देश में शून्य आयकर देयता वाले आईटी रिटर्न की संख्या भी लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2022-23 में 5.16 करोड़ हो गई। करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकर देयता बता रहे हैं। इनमें अधिकांश रिटर्न वे हैं जो उद्योग-कारोबार और पेशेवर आयकरदाताओं से संबंधित हैं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे है। ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोकलुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। वस्तुतः अगले दो वर्षों में 1.4 फीसदी की कमी चुनौतीपूर्ण होगी। ऐसे में वित्तमंत्री 2024-25 के लिए सीमित राजकोषीय घाटे वाला अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई देंगी। साथ ही इससे देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ाने में प्रभावी मदद भी मिलेगी। सरकारी खर्च में कटौती का मामला वर्तमान मोदी सरकार के लिये भी गले की हड्डी बना हुआ है साथ ही निजीकरण की गति बनाये रखना भी एक चुनौती है?

# तथ्यों पर बहस

तमिलनाडु के पंबन द्वीप को श्रीलंका के मन्नार द्वीप से जोड़ने वाली इस संरचना या राम सेतु का संबंध रामायण से है। पीएम मोदी के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले वहां जाने से यह बहस फिर जिंदा हो गया कि यह पुल मनुष्य निर्मित है या प्राकृतिक। पांच हजार ईसा पूर्व रामायण काल के समय और रामसेतु के कार्बन विश्लेषण में एक समानता दिखती है। ऐसा दावा किया जाता है कि पंद्रहवीं सदी तक 48 किलोमीटर लंबे इस पुल को पैदल चलकर पार किया जा सकता था। कुछ साक्ष्यों के मुताबिक, वर्ष 1480 तक पुल समुद्र तल से ऊपर था। रामसेतु को लेकर बड़ा विवाद यूपीए सरकार के समय पैदा हुआ, जब सेतुसमुद्रम परियोजना के अंतर्गत इस पुल के चारों ओर ड्रेजिंग यानी खुदाई करने का प्रस्ताव दिया गया था। ताकि यहां से बड़े जहाज निकल सकें। लेकिन विवाद के बाद परियोजना रोक दी। इसके स्थान पर वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने रामसेतु की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए एक अनुसंधान परियोजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना का प्रस्ताव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत पुरातत्व पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड ने दिया था, जिसमें सीएसआईआर-एनआईओ को यह अनुसंधान करना था। परियोजना का एक उद्देश्य यह जानना था कि रामसेतु के रूप में भारत और श्रीलंका के बीच पत्थरों की श्रृंखला कब और कैसे लगाई गई थी। इस अध्ययन में भूवैज्ञानिक काल और अन्य सहायक पर्यावरणीय आंकड़ों के लिए कई तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से मूंगा वाले कैल्शियम कार्बोनेट के अध्ययन से संरचना निर्माण के काल का पता लगाया जा रहा है। ऐसी परियोजना का एक राजनीतिक के बजाय धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व कहीं ज्यादा है।

# बजट से उम्मीद और केन्द्र सरकार की नीतियां






-एनके मुरलीधर

> अंत में व्यापक सुधार सुनिश्चित करना तथा सामाजिक ढांचे में निचले पायदान पर मौजूद लोगों की आजीविका सुनिश्चित करने के काम को खास तवज्जो देना मौद्रिक नीति नहीं बल्कि राजकोषीय नीति का विषय है। ऐसे में बजट में केंद्रीय विचार कम कौशल वाले रोजगारों को सहायता उपलब्ध कराना होना चाहिए। सरकार की मौजूदा बुनियादी ढांचा परियोजनाएं निस्संदेह इसका महत्त्वपूर्ण घटक हैं।

देश का बजट एक फरवरी 2024 को पेश किया जाएगा। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सरकार की यह लोक हित साधने का पहला मौका होगा। देश में 5 लाख से 30 लाख रुपये तक प्रतिवर्ष कमाने वाले भारतीय परिवारको मध्यम वर्ग माना जाता है।

भारत दुनिया से सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है इस स्थिति में संकेत मिल रहें है कि धनी और धनी एवं गरीब और गरीब हो रहें हैं। भारतीय लोकतंत्र में हर गरीब एक वोट के साथ भी जीवन यापन कर रहा है यह बात किसी राजनीतिदल की जीत हार तय करता है। ऐसे में जब देश में चुनाव हर साल राज्यों में होते रहते हैं और सरकार को लोकलुभावन मुद्दों पर कुछ न कुछ देने की मजबूरी होती है। वैसे जिस प्रकार आर्थिक सुधार जिसमें कर सुधार प्रमुखरहें हैं उसमें सरकार को और तेजी से बढ़ना होगा। निजीकरण जो पूरी तरह से विनिवेशीकरण है जिससे देश का बड़ा हित सधने वाला है उससे राजस्व के टारगेट को पूरा करने की दिशा में ठोस काम करना होगा। मादी सरकार के लिये तीसरा साल और कुल सातवें साल में कुछ मील के पत्थर गाढ़ने होंगे जो काम बजट के माध्यम से होगा। उन राज्यों को हतोत्साह करना होगा जो केन्द्र पोषित योजना पर क्रियान्वयन के पक्ष को असरदार ढंग से लागू नहीं करा पाते हैं। इससे वैसे राज्यों को बढ़ा नुकसान होता है जिनकी टीम बेहतर काम कर रही होती है। बजट का एक बड़ा हिस्सा समाज के अंतिम व्यक्ति तक डीबीटी तक पहुंचे यह आवश्यक है। सभी किसानों को मिल रहा प्रोत्साहन राशि इसका बेहतर उदाहरण है। आर्थिक मंच पर देश के

कई सर्वेक्षण तथा दोपहिया वाहन जैसे क्षेत्रों के प्रदर्शन से उपजे प्रमाण यही संकेत देते हैं कि देश में आय वितरण के निचले स्तर पर व्यापक रूप से निराशा का माहौल है। विभिन्न प्रमाण मसलन सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी या उपभोक्ता वस्तु कंपनियों द्वारा आय के मौसम में प्रस्तुत ग्रामीण मांग के अनुमान जैसे सर्वेक्षण शायद अलग तौर पर देखने पर निर्णायक नतीजे नहीं प्रस्तुत कर पा रहे हों। परंतु अगर इन्हें एक साथ रखकर देखा जाए तो निष्कर्षों को टाला नहीं जा सकता है। लगातार तीन वर्षों से घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट आ रही है जो एक मजबूत संकेतक है। इससे पता चलता है कि असंगठित और ग्रामीण अर्थव्यवस्था महामारी के आगमन के पहले ही कमजोर हो चुकी थी और वायरस की एक के बाद एक आई लहरों तथा उनसे बचने के लिए की गई रोकथाम ने हालात और खराब कर दिए।

यहां सवाल यह है कि अब जबकि केंद्रीय वित्त मंत्रालय आगामी वित्त वर्ष के बजट को अंतिम रूप दे रहा है तो नीतिगत प्रतिक्रिया के क्षेत्र में क्या किया जा सकता है। वित्त मंत्री के सामने कई बाधाएं हैं। उदाहरण के लिए विनिवेश कार्यक्रम समय पर आगे नहीं बढ़ सका है और इससे प्राप्तियां अपेक्षित स्तर नहीं हासिल कर सकी हैं। राजकोषीय घाटा पहले ही बहुत अधिक है और कर्ज भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ गया है। एक आकर्षण यह हो सकता है कि सबकुछ पहले की तरह रहने दिया जाए और वृद्धि को गति देने के लिए आसान मौद्रिक नीतियों पर यकीन किया जाए। इसके बावजूद मौद्रिक नीति के वितरण संबंधी प्रभाव भी राजनीतिक निर्णय लेने वालों के लिए चिंता का विषय होने चाहिए। अंग्रेजी के 'के' अक्षर की आकृति का सुधार होने के संकेत हैं जिसमें अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र और आबादी का कुछ हिस्सा महामारी के बाद की वृद्धि और आजीविका में सुधार के दौरान पीछे छूट गया है। ऐसे में शिथिल और समायोजन वाली मौद्रिक नीति से परिस्थितियां और बिगड़ सकती हैं क्योंकि इससे परिसंपत्ति मूल्य और उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति दोनों में इजाफा हो सकता है।

अंत में व्यापक सुधार सुनिश्चित करना तथा सामाजिक ढांचे में निचले पायदान पर मौजूद लोगों की आजीविका सुनिश्चित करने के काम को खास तवज्जो देना मौद्रिक नीति नहीं बल्कि राजकोषीय नीति का विषय है। ऐसे में बजट में केंद्रीय विचार कम कौशल वाले रोजगारों को सहायता उपलब्ध कराना होना चाहिए। सरकार की मौजूदा बुनियादी ढांचा परियोजनाएं निस्संदेह इसका महत्त्वपूर्ण घटक हैं। लेकिन इसके बावजूद अच्छे रोजगारों में कोई खास वृद्धि न होने से यही संकेत निकलता है कि दरअसल गतिरोध कहीं और है। पूंजी, श्रम तथा भूमि अभी भी समस्या बने हुए हैं। इसके अलावा नियामकीय लालफीताशाही तो है ही। बजट में ऐसे सुधार कार्यक्रमों पर जोर दिया जाना चाहिए जो रोजगार तैयार करते हों। ऐसे कार्यक्रम श्रम आधारित रोजगारों में ढांचागत दिक्कतें बरकरार रखे हुए हैं। ये ऐसे उद्योग हैं जो कम कुशल श्रमिकों के लिए भी बड़े पैमाने पर रोजगार तैयार कर सकते हैं। इनके अभाव में मध्यम अवधि में हमारी वृद्धि और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगे।

बजट में इस बात को भी चिह्नित करना चाहिए कि महामारी के बाद सरकार के पास नकदी की तंगी को देखते हुए उसके बुनियादी ढांचे के लिए नियोजित व्यय के बड़े हिस्से की भरपाई निजी स्रोतों से होगी। घरेलू निजी पूंजी आसानी से उपलब्ध नहीं है इसलिए वैश्विक पूंजी जुटानी होगी। सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय निवेश एवं अधोसंरचना कोष की स्थापना की है और गत बजट में एक नए विकास वित्त संस्थान के निर्माण की घोषणा की गई थी। सरकार को उक्त निवेश कोष का आकार बढ़ाना चाहिए। इससे वित्त मंत्रालय पर से व्यय बजट का दबाव कम होगा और उन समुदायों और वर्गों की मदद की गुंजाइश बनेगी जो महामारी से सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।

बजट में निजीकरण को लेकर स्थिति और अधिक साफ करना चाहिए जिससे रोजगार पैदा हो सके। निजीक्षेत्र के विकास से ही देश की तस्वीर तेजी से बदली है। अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर उन संभावनाओं की तलाश करना चाहिए जहां से एक जबावदेह और ईमानदार ईकाई का विकास हो जिसका वित्त पोषण धाटे के रुप में सरकार को वहन करना न पड़ें। वैसे राजकोषिय घाटा का बोझ बढ़ें तो आधारभूत ढांचा का भी विकास हो यह बजट से उम्मीद है।

क्या यह सच नहीं है देश के 17 करोड़ परिवार के बचत मानक सबसे बुरे दौर से गुजर रहें हैं। क्या देश में पूंजी के असमान वितरण से होने वाली सामाजिक अपराधिक समस्या सामने नहीं आ रही है। क्या सरकार आंख बंद कर लें तो उसकी समस्या समाप्त हो जाती है। विकास का पूरे देश को जरूरत है लेकिन सरकार के लोन की चिंता भी सरकार को ही करनी है।

## खास बात

### समदर्शी राम

राम की अयोध्या महज एक शहर नहीं, एक समदर्शी विचार है। अयोध्या भक्ति और समर्पण का प्रतीक है और भक्ति सर्वहारा का आंदोलन है। अयोध्या की सामाजिक व्यवस्था में विभाजन का आधार रोजगार है। व्यक्ति को श्रम या उत्पादन करना पड़ता है। भरत अपने हाथ से कपड़ा बुनते हैं। अयोध्या ने जाति को महत्व नहीं दिया। वहां आचरण श्रेष्ठ है, जाति नहीं। इसलिए शबरी, निषाद सब राम के बृहत्तर परिवार के सदस्य हैं। अयोध्या दुष्टों को भय और निराश्रितों को अभय देती है।

मयार्दा पुरुषोत्तम राम, राजा रामचंद्रः, रामभद्रः, राजीवलोचन, शाश्वतः, जानकी वल्लभः, लिखित और अलिखित रामकथाओं में राम के ऐसे 108 नाम प्रचलित हैं। कहीं राम दशरथ पुत्र हैं, कहीं चक्रवर्ती सम्राट्, कहीं कौशल्या नंदन, तो कहीं जनार्दन। जैसा जिसने देखा, वैसा उसने माना। लेकिन अलग-अलग कालखंड में भी एक सर्वसहमति रही राम के लोकतांत्रिक मूल्यों पर। यह सच है कि राम राजतंत्र की व्यवस्था का हिस्सा थे, लेकिन राम राजतंत्र में गणतंत्र की घोषणा भी थे। वाल्मीकि रामायण ह्यलोकतंत्र की आधारशिलाह्व है। राम का लोकतंत्र आज के लोकतंत्र से भी गहरा है। आमतौर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था बहुमत के सिद्धांत पर चलती है, मगर रामराज में बहुमत नहीं, सर्वमत चलता है। उनके लोकतंत्र में भाईचारा, प्रकृति, पर्यावरण की सुरक्षा, दलितों, आदिवासियों, वनवासियों के साथ सद्भाव है। पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता, वन्यजीवों के लिए दोस्ताना व्यवहार है। तुलसी की रामकथा के तीन वाचक और तीन श्रोता हैं– पहले शिव, फिर याज्ञवलक्य और काकभुशुंडी। श्रोता भी तीन हैं– पार्वती, भरद्वाज और गरुड़। काकभुशुंडी कौवा जाति के हैं। पक्षियों में निकृष्ट। गरुड़ पक्षियों में श्रेष्ठ। काकभुशुंडी के पांडित्य के कारण ही गरुड़ उनके शिष्य बनते हैं। यानी पिछड़ी जाति का कोई भी व्यक्ति अगर पंडित है, ज्ञानी और गुणी है, तो वह पूज्य है। राम हमारे देश की उत्तर-दक्षिण एकता के अकेले सूत्रधार हैं। इसलिए अयोध्या का यह मंदिर हमारे देश की सामाजिक, भौगोलिक एकता व अखंडता का प्रतीक भी बनेगा।

राम जिस धर्म, मयार्दा, विनय और शील के लिए जाने जाते हैं।

## आपके ट्वीट

**माननीय** प्रधानमंत्री मोदी जी ने राम की अयोध्या को गोड्डा से ट्रेन देने के बाद,आज आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए गोड्डा से ट्रेन दिया । कर्मठ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को हम केवल आभार ही दे सकते हैं । संथालपरगना धन्य है।

**– डॉ निशिकांत दूबे, सांसद गोड्डा**

**मेरा** आग्रह है कि अबुआ आवास दिलाने के चक्कर में दलाल आपके आसपास घूमने का काम करेंगे मगर आप उनकी बातों में नहीं आइयेगा। पंचायत भवन में क्रमानुसार सभी अबुआ आवास के लाभुकों की जानकारी लिखी जाएगी।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**हमारी** न्याय की लड़ाई के 5 स्तंभ हैं:
- युवा न्याय
- भागीदारी न्याय
- नारी न्याय
- किसान न्याय
- श्रमिक न्याय

**– राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

# जय-विजय

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**युद्ध** आंरभ होने के बाद रामजी और रावण की सेनाओं ने जयकारा लगाया। रामजी की सेना में डंडा सहित परम्परागत हथियार थे लेकिन रावण की सेना के पास शूल, परिधि, तलवार एवं भाला आदि से युक्त थे। राम के सैनिक उनके हथियार छिन ले रहे थे। लात धूंसे से वे सेना को मार रहे थे। इस सेना का नेतृत्व हनुमान और अंगद कर रहे थे। इन दोनों के नेतृत्व में भीषण युद्ध आंरभ हो गया। प्रथम दिन रावण की बहुत सेना मारी गयी। राम की सेना भी शिविर में लौट गयी।

दोनों ओर से शूरवीर की कमी नहीं थी। राम की सेना में सुग्रीव, हनुमान, अंगद,जामवंत, द्विविध, मयंक,दधिमुख,गौर, गवाक्ष,नल और नील जैसे वीर थे। रावण की सेना में उसका भाई कुंभकर्ण, पुत्र मेघनाथ,

अतिकाय,अकंपन,नरान्तक,देवान्तक, महोदर,महापार्श्व,मंत्री प्रहस्त एवं माल्यवंत थे। ये सभी शूरवीर और बड़ें यौद्धा थे। दूसरे दिन सूर्योदय होती ही लंका नगरी के चारों फाटक पर वानर सेना जमा हो गयी। फिर फाटक तोड़ने का उपक्रम चालू हो गया। रात्रि में लंका के कारीगरों ने टूटे दिवार और फाटक का मरम्मत कर दिया था लेकिन वॉनर सेना में अतिउत्साह था उनके हमले से फिर से दिवार टूट गया। वानर सेना लंका में प्रवेश कर गयी। दूसरे दिन मेघनाथ भी आया था क्योंकि पहले दिन की वानरसेना के पराक्रम ने रावण को चिंतित कर दिया था। वानरसेना ने एक-एक कर राक्षसों का नाश करना आंरभ कर दिया। हनुमान ने अकंपन का नाश कर दिया था। नील ने प्रहस्त को मार दिया था। रावण की सेना के वीर मारे गये। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध से विनाश के बीच ..



साभार ट्विटर डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### गर्मजोशी के रिश्ते

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस में राष्ट्रपति चुनाव और भारत में संसदीय चुनाव में एक-दूसरे की सफलता की कामना की है। दोनों के पास चुनावों के लिए अच्छी रणनीति और पूर्व-योजना है। दोनों देशों के बीच मधुर और सशक्त संबंध हैं। दोनों ही देश आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भय सिर्फ इस बात की है कि वे तानाशाह न बनें।

**– रमाकांत सिंह, रांची**

### जागरूकता जरूरी

**युवा** समाज, मित्र-संगत और चलचित्र अभिनेताओं के अभिनय को देखकर प्रभावित होकर नशा सीख रहा है। इसके अतिरिक्त बेरोजगारी, अवसाद, घरेलू कलह, गरीबी, असफलता, अशिक्षा, जागरूकता की कमी भी इसके कारण हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और शिक्षा सबसे बड़ा और सबसे उपयोगी शस्त्र सिद्ध हो सकता है।

**–अशोक कुमार, रांची**

# मॉरीसस के भारत की दोस्ती सामरिक ताकत बढ़ायेगी

**सुधांशु कुमार**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस में भारत के सहयोग से बनी सोशल हाउसिंग प्रॉजेक्ट का उद्घाटन किया है। इस अवसर पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने भारत के सहयोग की तारीफ की। पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मॉरीशस में सिविल सर्विस कॉलेज और आठ मेगावाट की सोलर पीवी फार्म प्रॉजेक्ट्स की भी शुरूआत की। इस मौके पर भारत ने मॉरीशस में मेट्रो एक्सप्रेस परियोजना और दूसरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 19 करोड़ डॉलर की कर्ज फैसिलिटी देने का ऐलान भी किया। भारत ने इससे पहले भी मॉरीशस में संसद भवन और मेट्रो लाइन समेत विकास के कई काम किए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि भारत हमेशा से मॉरीशस को इतना सहयोग क्यों देता है।

मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का बड़ा दोस्त और साझेदार है। मॉरीशस सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से शुरू से ही भारत के काफी करीब रहा है। अंग्रेजों के शासन के समय इस देश में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश और बिहार से लोगों को भेजा गया था। इसमें से अधिकतर लोग वहीं बस गए और फिर वापस अपने देश नहीं लौटे। यही कारण है कि इस देश में भारतीय मूल के लोग आज भी बड़ी संख्या में रहते हैं। मॉरीशस में भोजपुरी बोली का भी काफी असर है। मॉरीशस ने भारत में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मदद के तौर पर 200 ऑक्सिजन कंसंट्रेटर्स भेजे थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मॉरीशस के इस सहयोग पर आभार भी जताया था। भारत की सुरक्षा के लिए मॉरीशस का महत्व काफी ज्यादा है। हिंद महासागर में चीन तेजी से अपना वर्चस्व बढ़ा रहा है। हिंद महासागरीय देशों के फांसने के लिए चीनी सरकार बड़ी मात्रा में कर्ज भी दे रही है। ऐसे में अगर मॉरीशस भी चीन के पाले में चला जाता है तो यह भारत के लिए बड़ा खतरा होगा। इस समय श्रीलंका और मॉलदीव में चीन का बड़ा प्रभाव है। ये दोनों देश हिंद महासागर में बड़ा प्रभाव भी रखते हैं। ऐसे में अगर भारत को हिंद महासागर में प्रभुत्व जमाना है तो उसे मॉरीशस जैसे देशों को अपने प्रभाव में लाना ही होंगे

## देशांतर

**हिंद महासागर का बड़ा खिलाड़ी बन सकता है भारत**

भारत अगर मॉरीशस पर अपने प्रभाव को बनाए रखता है तो इससे चीन की मुश्किलें बढ़ सकती है। मॉरीशस के पास के समुद्री इलाके से होकर हर साल खरबों डॉलर का व्यापार होता है। अफ्रीकी महाद्वीप के नजदीक होने से इस देश से हिंद महासागर के बड़े इलाके पर नजर रखी जा सकती है। इस देश के पास ही रियूनियन द्वीप है। इस द्वीप पर फ्रांस का कब्जा है। फ्रांस ने इस द्वीप पर बड़ा मिलिट्री बेस बनाकर रखा हुआ है। मॉरीशस के उत्तर-पूर्व में डिएगो गार्सिया है, जहां अमेरिकी और ब्रिटिश मिलिट्री का बेस है।

भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों की मजबूती को इसी बात से समझा जा सकता है कि यह देश अपना राष्ट्रीय दिवस गांधीजी की नमक सत्याग्रह के वर्षगांठ के दिन यानी 12 मार्च को मनाता है। मॉरीशस का मानना है कि इसी की प्रेरणा से उसे 1968 में अंग्रेजों से आजादी मिली। भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता, ब्लू ओशन इकनॉमी, समुद्री सुरक्षा, एंटी पायरेसी ऑपरेशन जैसे कई महत्वपूर्ण अभियानों में मॉरीशस हमेशा भारत के साथ रहा है।ऑपरेशन लाल डोराः जब मॉरीशस में सैन्य हस्तक्षेप करने वाली थीं इंदिरा गांधी, आज वहीं के नेता के निधन पर भारत मना रहा शोकभारत ने वर्ष 2016 में मॉरीशस को दिए गए 353 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विशेष आर्थिक पैकेज के जरिए न्यू मॉरीशस सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग प्रोजेक्ट को शुरू किया था।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से समस्त भारत हुआ राममय

**आर.के. सिन्हा**

**सारा** देश राममय हो गया। पूरे देश क्या विश्व भर के राम भक्तों के मन में भावनाओं की अनंत आनंद के हिलोरें हैं। भावनाओं की अभिव्यक्ति में शब्द सक्षम या पर्याप्त नहीं हैं। कश्मीर में बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों से लेकर कन्याकुमारी में धूप से सराबोर समुद्र तटों तक, राम नाम की गूंज ने पूरे भारत में भक्ति का माहौल बना दिया है। अब अयोध्याधाम में ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर भारत की एकता और भक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ा है, न केवल भव्यता में, बल्कि देश-विदेश से मिले योगदान के रूप में भी यह मंदिर अद्वितीय है। कई बुद्धिमान कह रहे थे कि दक्षिण के प्रदेशों में, खासकर तमिलनाडु और केरल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध हो रहा है। लेकिन , आज अयोध्या की सड़कों पर जो दृश्य मैंने देखा वह तो बिलकुल अलग रहा।

छोटी सी अयोध्या नगरी में लाखों स्त्री -पुरुष मौजूद हैं । कोई सड़क खाली नहीं दिख रही । सरयू का तट भी भरा है। इसमें पूरे देश के सभी राज्यों से आये हुए लोग थे। तमिलनाडु के लोग तो भरपूर संख्या में रहे । शंकर महादेवन का राम का भजन तो अद्भुत था । प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत समेत हजारों राम भक्तों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो गया।सभी

## सामयिक

के सभी अथिति सुबह दस बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक मंत्र मुग्ध होकर बैठे रहे। मुझे भी सपत्नीक इस अनुपम और यादगार अवसर पर रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला। बेशक, यह मंदिर उस अटूट विश्वास और उदारता का प्रमाण है जो किसी सीमा से परे किसी मंदिर के तीर्थाटन के लिए पूरे देश को जोड़ती है। मंदिर का मुख्य भाग तो राजसी ठाठ-बाट लिए हुए है। यह राजस्थान के मकराना संगमरमर की प्राचीन श्वेत शोभा से सुसज्जित है। इस मंदिर में देवताओं की उत्कृष्ट नक्काशी कर्नाटक के चमोर्थी बलुआ पत्थर पर की गई है। जबकि, प्रवेश द्वार की भव्य आकृतियों में राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। मैं मानता हूं कि इस मंदिर के लिए भक्तों का किया गया योगदान निर्माण सामग्री से लेकर कहीं आगे तक जाता है।

मंदिर में गुजरात की उदारता उपहार स्वरूप 2100 किलोग्राम की शानदार अष्टधातु घंटी के रूप में दिखती है जो इसके हॉलों में दिव्य धुन के रूप में गूंजा करेगी । इस दिव्य घंटी के साथ, गुजरात ने एक विशेष 'नगाड़ा' ले जाने वाला अखिल भारतीय दरबार समाज द्वारा तैयार 700 किलोग्राम का रथ भी उपहार स्वरूप दिया गया है। भगवान राम की मूर्ति बनाने में इस्तेमाल किया गया काला पत्थर कर्नाटक से आया है। हिमालय की तलहटी से अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा ने जटिल नक्काशीदार लकड़ी के दरवाजे और हस्तनिर्मित संरचना पेश किए हैं, जो दिव्य क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में खड़े हैं। इस भव्य और दिव्य मंदिर के लिए योगदान की सूची यहीं खत्म नहीं होती। पीतल के बर्तन उत्तर प्रदेश से हैं।

यहां पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भरपूर क्रेडिट देना होगा जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति को निरंतर बारीकी से खुद देखा। उनकी राज्य के मुख्यमंत्रित्व के दायित्वों के साथ-साथ मंदिर के निर्माण के काम पर पैनी नजर रही। राम मंदिर की कहानी सिर्फ सामग्री और उसकी भौगोलिक उत्पत्ति के बारे में बताकर ही समाप्त नहीं होती है ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## रामगढ़ के डीसी व एसपी ने नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रामगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडे, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट सहित अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपायुक्त ने सभी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को जीवन में शामिल करने की अपील की।

## सांसद जयंत सिन्हा की अनुशंसा पर सड़क की मिली मंजूरी : महेंद्र महतो



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड के ग्राम लादी उगेन मोड़ से तालाब तक पथ निर्माण की लागत लगभग 2 करोड़ 13 हजार रुपए की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग ने दिया है। जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने बताया कि ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग रामगढ़ ने बताया की सांसद जयंत सिन्हा के क्षेत्र भ्रमण के दौरान पिछले दिनों ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया था। इस आवेदन को सांसद जयंत सिन्हा ने ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव से अनुशंसा किए थे। उसी अनुशंसा के आलोक में पथ निर्माण की स्वीकृति मिली है।

## परीक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक



**मांडू।** मांडू शक्ति पंचायत ग्राम गोविंदपुर सपोर्ट पब्लिक स्कूल में मंगलार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत सपोर्ट पब्लिक स्कूल गोविंदपुर मांडू के विद्यार्थियों एवम शिक्षिका वीणा कुमारी द्वारा शिक्षा के महत्व पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का संचालन किया गया। जिसे मांडू चट्टी रोड में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा युवाओं के लिए तनावमुक्त माहौल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा हैं। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आराधना कुमारी भी उपस्थित थी।

## हंस को डॉ आशीष ने दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने रांची निवासी सुखदेव हंस को मोर्चा का केंद्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। मंगलवार डॉ आशीष कुमार ने बताया कि सुखदेव हंस को रांची जिला व प्रखंड स्तर पर कमेटी गठन करने का निर्देश दिया गया है। हंस को एक माह के अंदर केंद्रीय कमेटी को इसकी सूचना देकर संगठन के लिए निष्ठा पूर्वक काम करने की बात कही गई है। हंस के केंद्रीय उपाध्यक्ष और पांडे मुंडा के सदस्य बनने पर केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, कार्यकारी अध्यक्ष सोमरा मुंडा, राजेश वर्मा, नकुल प्रसाद, राहुल सिंह, सुमित कुमार, नारायण नायक आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## परवरिश में मनी बोस की जयंती



**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल ने स्वतंत्रता सेनानी, नेताजी सुभाष चंद्र की जयंती पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी के साथ अन्य शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के नेतृत्व में शिक्षकों व कर्मचारियों ने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी, स्कूल निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा ने कहा कि जैसा कि हम नेताजी की जयंती मनाते हैं, यह हमारे लिए उन मूल्यों पर विचार करने का क्षण है जिनके लिए वह खड़े थे। उनका साहस, लचीलापन और न्याय की निरंतर खोज हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक दूरदर्शी नेता थे। कार्यक्रम में शोमा दास, रश्मि कुजूर, कंचन प्रसाद, रजनी, नंदिनी, अर्चना आदि मौजूद थे।

## ज्ञानीराम सिंह की पुण्यतिथि मनी



रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को स्कूल के फाउंडर मेंबर सरदार ज्ञानीराम सिंह की पुण्यतिथि तथा स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अनमोल सिंह द्वारा और डिप्टी चेयरमैन सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा के द्वारा ज्ञानी राम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित की गयी। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य परमजीत सिंह चमन व अन्य मौजूद थे।

## जवाहर नगर भुरकुंडा में भव्य भंडारा



भुरकुंडा (रामगढ़)। अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार की शाम जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप, हनुमान मंदिर और प्रकाश लाईट के मनोज गोसाईं आवास पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा ज्योति क्लब दुर्गा मंडप, सीसीएल कॉलोनी हनुमान मंदिर व गोसाईं आवास पर पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव, भगवान श्री राम, बजरंग बली सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान, हर हर महादेव आदि भक्तों जयकारों से पूरा जवाहर नगर क्षेत्र गूंजता रहा।

# दारू में रामशरण सहाय की लगायी गयी प्रतिमा



खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** भैया रामशरण सहाय के वंसजो के द्वारा सोमवार को उनकी प्रतिमा झुमरा स्थित दुर्गा मंडप के समीप लगायी गई। इस अवसर पर पूजा हवन करके मूर्ति का अनावरन किया गया। रामशरण सहाय के वंसजो के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर भैया मारुति सहाय, भैया सुकेश सहाय, भैया अनुपम कुमार, भैया मुकेश कुमार, श्रीमती शारदा सहाय, मीणा नारायण, दीपा सहाय, श्वेता शिल्पी, मृत्युंजय कुमार, भैया सुमित सहित कई लोग उपस्थित थे। भैया रामशरण सहाय स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी एवं भैया केदारनाथ सहाय के प्रथम पुत्र थे। इनकी माता संयुक्त बिहार एवं झारखंड की प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी थी। इनके पिता भैया केदारनाथ सहाय हजारीबाग के वरिष्ठ वकील थे। देशभक्ति का जज्बा इन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिला था। स्वतंत्रता इनके घर का मुख्य उद्देश्य था क्योंकि सरस्वती देवी आजादी की लड़ाई में व्यस्त रहती थी और उन्हें जेल तक जाना पड़ता था। इसलिए भैया रामशरण सहाय का बचपन मां की अनुपस्थिति में व्यतीत हुआ। रामशरण सहाय भी युवावस्था आते ही स्वतंत्रता के आंदोलन में भाग लेने लगे। इन्हें लोग रामशरण लाल के नाम से भी जानते थे। यह अक्सर अंग्रेजों एवं अंग्रेजी संस्थानों का विरोध किया करते थे। जिसके कारण इन्हें काफी प्रताड़ना झेलनी पड़ी एवं कई बार लाठी भी खानी पड़ी। 8 अगस्त 1942 को गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो और करो और मरो का नारा दिया। इस भारत छोड़ो आंदोलन में इन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध काफी सक्रिय भूमिका निभाई थी।

# 449 परिवारों को आशियाना बनाने में मदद करेगा जेएसपी

- 1000 गरीबों के घर निर्माण में आर्थिक सहयोग कर रहा है फाउंडेशन : शालू जिंदल



खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुछ महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किसी भी देश के आर्थिक विकास को मापने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में सुधार के लिए प्रतिबद्ध जेएसपी फाउंडेशन ने अपने अनूठे कार्यक्रम आशियाना के दूसरे चरण में भारत के अनेक राज्यों के 449 वंचित परिवारों को अपना घर का सपना पूरा करने के लिए सहयोग प्रदान किया है। फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम में आशियाना के इस चरण की शुरूआत की और चयनित परिवारों को वित्तीय सहायता की चिट्ठी सौंपी। इसी कड़ी में चालू वित्त वर्ष में ही कुछ और हिताधिकारी शामिल किये जाएंगे।

शालू जिन्दल ने कहा कि हर व्यक्ति के सिर पर छत होनी चाहिए। हमें गर्व है कि आशियाना के पहले चरण में जिन 521 परिवारों को सहायता दी गई, उनमें से अनेक ने अपने सपनों का घर बना लिया है। मुझे खुशी हो रही है कि जेएसपी फाउंडेशन ने 449 और परिवारों का चयन इस योजना के लिए किया है।वित्त वर्ष 2022-23 में लॉन्च प्रोजेक्ट आशियाना जेएसपी कीएक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य सीमित वित्तीय संसाधनों के कारण ह्यअपना आशियानाह्व से वंचित परिवारों को उनके सपनों के घर के निर्माण में सहयोग करना। मुझे यकीन है कि यह उनके और उनके परिवारों के जीवन में खुशहाली लाएगा। जेएसपी फाउंडेशन प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय, पेयजल व्यवस्था और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ घर बनाने के लिए ढाई लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता देता है। इस वर्ष जेएसपी फाउंडेशन ने वित्तीय सहायता के लिए 773 आवेदन प्राप्त किये, जिनमें से 449 परिवारों के आवेदन को मानकों के अनुरूप पाया गया। इनमें छत्तीसगढ़ में 304, ओडिशा में 91, उत्तर प्रदेश में 16, झारखंड में 14, बिहार में 7, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 6-6, उत्तराखंड में 3 और राजस्थान व आंध्र प्रदेश में 1-1 घर के निर्माण में सहयोग किया जाएगा। पहले चरण में 13 राज्यों के 521 परिवारों को घर के निर्माण में सहयोग किया गया। जेएसपी के ग्रुप हेड (सीएसआर) प्रशांत कुमार होता ने इस अवसर पर समाज में बदलाव लाने वाले फाउंडेशन के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जेएसपी-अंगुल के सीएचआरओ सुभदीप खान, बड़बिल के यूनिट हेड पुरुषोत्तम एमडी, रायगढ़ प्लांट के प्रेसिडेंट एवं सीएफओ हनुमान शर्मा, पतरातू के यूनिट हेड आशीष जैन, जेपीएल-तमनार के यूनिट हेड छविनाथ सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## भुरकुंडा : गौ पालक संघ के अध्यक्ष बने रामनाथ राय



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित नीचे खटाल में मंगलवार को गौ पालकों की बैठक हुई। बैठक में गौपालकों ने गौ पालक एवं संवर्द्धक संघ नाम से एक संघ का गठन भी किया। इसमें संघ के अध्यक्ष रामनाथ राय, सचिव विमल राय, कोषाध्यक्ष शिव कुमार यादव, उपाध्यक्ष मिथिलेश राय, लालमुनी राय एवं मनोज राय, सह सचिव रामावतार यादव, बिजली यादव एवं बबलू यादव एवं सह कोषाध्यक्ष दिलेश्वर यादव चुने गये। कहा गया की यह संघ गौ पालको पर हो रहे अत्याचार के विरोध आवाज बुलंद करेगा। बैठक सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जनवरी को पतरातू डैम पर सरकार के मंत्रियों को गौ पालको की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। मौके पर दर्जनों गौ पालक मौजूद थे। बैठक में गौ पालकों पर हो रहे अत्याचार पर निंदा की गई। गौ पालकों ने कहा कि 22 नवंबर को कोडरमा पुलिस ने पालकों को गिरफ्तार किया था।

## भुरकुंडा जेएम कॉलेज में मनी सुभाष चंद्र बोस की जंयती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज एनएसएस ईकाई एक के तत्वावधान में मंगलवार को महाविद्यालय प्रांगण में नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह एवं राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक अभिमन्यु सिंह ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रो. अभिमन्यु सिंह ने उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। डॉ. बीरेंद्र सर ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने कहा कि भारत माता के ऐसे सपुत जिन्होंने राष्ट्र धर्म को सरोपरि और देश सेवा के लिए आईसीएस जैसी उच्च नौकरी को छोड़ दी। उन्होंने कहा कि नेता जी की सोच एवं जीवन दर्शन आज भी युवाओं में नये ऊर्जा का संचार भरता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों से सुभाष चन्द्र के जीवन दर्शन को अपनाने की अपील करते हुए कहा की देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिराज, अर्जुन, प्रियांशु, लक्ष्मी, आस्था, सुरूचि, हसनैन, बंटी आदि का विशेष योगदान रहा।

## पराक्रम दिवस पर ए ला एंग्लाइज विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने निकाली प्रभात फेरी




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर मंगलवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज विद्यालय द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुआ। जो थाना चौक होते हुए जवाहर नगर सहित विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पहुंचा। प्रभात फेरी में शामिल बच्चे सुभाष चंद्र बोस के सुप्रसिद्ध नारे बुलंद किये। इस दौरान तुम मुझे खून दो- मैं तुम्हें आजादी दूंगा, दिल्ली चलो और जय हिंद आदि नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के मौके पर विद्यालय प्रांगण में देशभक्ति पर आधारित भाषण, गीत, नाटक, स्लोगन राइटिंग, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने सदन का मान बढ़ाया। सचिव ने डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण में सुभाष चंद्र बोस का नेतृत्व भारत के इतिहास में काफी अहम है। आज पूरा देश नेता जी के दिवस को पराक्रम दिवस के रूप मनाता है। वे सच्चे देशभक्त शौर्यवान और राष्ट्रभक्त थें। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि सशक्त भारत और सुदृढ़ भारत की कल्पना सबसे पहले नेताजी ने ही भारतवासियों को दिखाया। उन्होंने देश की व्यथा पर हमेशा से खुलकर अपने विचार रखें, तथा भारतीय राजनीति में गरम दल के प्रखर नेता हुए।

## बोस की जयंती पर पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के छात्रों ने निकाली शोभायात्रा



**बरकट्ठा।** कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के छात्रों ने बरकट्ठा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर झांकी और शोभायात्रा निकाली। यात्रा बरकट्ठा ब्लॉक से बाजार होते हुए बुढ़िया माता मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा को स्कूल निदेशक सत्येंद्र प्रसाद एवं 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने तिरंगा दिखाकर रवाना किया। निदेशक ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2021 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की। सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐसे कई नारे देकर आजादी की लड़ाई में नई जान फूंक दिए। उनके नारे इस प्रकार थे तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा, दिल्ली चलो जय हिंद ऐसे कई नारे थे। इससे स्वतंत्रता आंदोलन तेज और धारदार बन गया। इस शोभायात्रा को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव समेत सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बड़कागांव : संजय सिंह ने भंडारा के लिए दिया 301 लीटर दूध

**बड़कागांव।** अयोध्या में राम मंदिर व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़कागांव सूर्य मंदिर प्रांगण में मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में भंडारा हुआ। भंडारा में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने 301लीटर दूध दिया। भंडारा में भारी संख्या में राम भक्तों ने खीर स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया।

# शाहपुर में बुलडोजर पर निकली भगवान राम की झांकी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** अयोध्या में भगवान राम के भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कर दिया गया, जिसके बाद पूरा प्रखंड सब राम के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। जगह-जगह भगवान राम की झांकियां और लोगों के हाथों में भगवा रंग का झंडा इस बात को दिखा रहा है कि आस्था किस कदर लोगों के सिर चढ़कर बोल रही है।

कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत साहपुर भगवान राम की एक झांकी निकाली गई जिसमें सबसे आकर्षक का केंद्र कटकमसांडी प्रखंड में अपनी एक अलग पहचान बन चुका जिस में बुलडोजर भी भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आया। बुलडोजर में रामभक्त नजर आए।बुलडोजर से ही पूरा सोभायात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए पूरा साहपुर पंचायत के लोग मौजूद रहे. प्राण निष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होते ही मंदिरों और चौराहों पर पटाखे फोड़े जाने लगे तो वहीं सड़कों पर भगवान राम की आकर्षक झांकियां निकाली जा रही है। बस्ती नगर पालिका ने भी अपनी तरफ से भगवान राम की आकर्षक जुलूस का आयोजन किया। यह जुलूस पूरा बस्ती में घूमा उसके बाद जुलूस जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल लोगो मे भगवान राम के प्रति उत्साह और प्रेम देखते ही नजर आ रही थी। पूरे देश में राम के आने का उत्सव मनाया जा रहा है। जिसमे बुलडोजर बाबा भी पीछे नहीं रहे और भगवान राम के आने पर अपनी खुशी जाहिर करने के लिए सड़को पर उतर पड़े।

मौके पर साहपुर मुखिया संभू यादव,कटकमसांडी युवा समाज सेवी पप्पू यादव, अरविंद सिंह, योगेंद्र प्रसाद, विष्णु धारी प्रसाद,अनुज राणा, बबलू प्रसाद,रवि चंद्रवंशी, शंकर राणा, बिरेंद्र राणा,कारू सिंह, संदीप यादव शामिल थे।

एक नजर में

## झारखंड क्रिकेट काउंसिल के पूर्व प्रेसिडेंट संजय सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा



**बरही।** झारखंड क्रिकेट काउंसिल के पूर्व प्रसिडेंट संजय सिंह के असामयिक निधन पर बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन (बीएसए) में श्रद्धांजलि सभा हुआ। सभा में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सबसे पहले बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया और उनके तसवीर पर पुष्प अर्पित किया। बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि संजय सिंह बड़े साधारण व्यक्ति थे। क्रिकेट खेल से उनका जुड़ाव काफी वर्षों से रहा है। संजय सिंह हजारीबाग डिस्ट्रिक से क्रिकेट खेलते हुए जिला कप्तान भी रह चुंके है। खेल जगत से रिटायर होने के कुछ वर्षों पूर्व तक वह क्रिकेट भी खेले है, लंबे दिनों तक वह क्रिकेट खेलते रहे है। वारसी ने बताया कि संजय सिंह झारखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रसिडेंट रह चुंके है। उनकी निष्पक्षता, कर्तव्य निष्ठा और कर्मठता को देखते हुए उन्हें यह पद सौंपा गया था। 2000 से लेकर निधन के पहले तक हजारीबाग डिस्ट्रिक क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी रह चुके है। सेक्रेटरी रहने से पहले उन्होंने क्रिकेट के खिलाड़ी का स्थायी खेल मैदान नही था, सेक्रेटरी बनने के बाद उनके प्रयास से वेल्स ग्राउंड स्थापित हुआ। वारसी ने कहा कि संजय सिंह के निधन से हजारीबाग जिला ही नही बल्कि झारखण्ड राज्य के क्रिकेट खिलाड़ियों का चहुमुखी विकास और विकास की गति थम सी गयी। मौके पर संतोष शर्मा, धर्मपाल केसरी, बलराम केसरी सहित अन्य खिलाडी मौजूद थे।

## झरपो में रूद्रा हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रिकल दुकान खुला



टाटीझरिया। झरपो में रूद्रा हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रिकल दुकान का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल ने कहा कि इस तरह के दुकान खुलने से झरपो सहित आसपास के क्षेत्र को सुविधा मिलेगी। साथ ही दुकान पर किफायती दामों पर विभिन्न तरह के बिजली, सेनेटरी, सहित हार्डवेयर के सभी समान मिलेगा। झरपो में इस जगह पर कई इलेक्ट्रिकल समान मिलने पर ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध हो सकेगा। सबों ने दुकान खुलने से खुशी जाहिर की. दुकान के उद्घाटन दुकान मालिक ज्योतिष पंडा ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, उमेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, उपमुखिया राजेन्द्र प्रसाद, राजु यादव, अजय कुमार, दयाल प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनी बोस की जयंती



बरही। बरही में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने घोष दल के साथ नगर भ्रमण करते हुए नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को याद किया। नेता जी की झांकी को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित साहू, समिति सदस्य कुन्दन कुमार,साहू समाज मुखिया सुरेश साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय एवं सभी आचार्य आचार्या ने नगर भ्रमण करवाया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं में से एक थे, जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अद्वितीय नेतृत्व के माध्यम से भारतीयों को स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने देशवासियों को और भी कई ऐसे संदेश दिए, जो आज भी हमें प्रेरित करते हैं ।बताया कि आज के बच्चों को उनके जैसा देशप्रेम से ओतप्रोत होकर देश के लिए जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए,यही सुभाष चंद्र बोस के जीवन के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## नेताजी का जीवन प्रेरणादायक : शैलेश कुमार




**बरही।** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई ।कार्यक्रम में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 9 तक के बच्चों ने भाग लेते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी से जुड़ी बातों को विस्तार से बताया ।उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में सुभाष चंद्र बोस का योगदान अति महत्वपूर्ण है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। कार्यक्रम की शुरूआत सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कक्षा 7 की सफद अलमास और अक्शा इकराम ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस से जुड़ी कई बातें सबके समक्ष रखी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले में रितिका, सपना, रिद्धि, निधि, मुस्कान, स्वीटी एवं रितिका आदि कई बच्चों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी के अंदर देश के प्रति जो जूनून जो पागलपन था अगर बच्चे भी उस पागलपन को अपना लें तो वें जीवन की ऊंचाईयों की आसानी से छू लेंगे ।यही नेताजी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुयीं अंबा प्रसाद



**बड़कागांव।** रामल्ला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड के कांडतरी में आयोजित अखंड हरिकीर्तन में विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। इस दौरान विधायक ने महिलाओं के साथ भक्ति भजन गाया ।वही जिप सदस्य सुनीता देवी भी विधायक अंबा प्रसाद के साथ मौजूद रही ।पुरूषो व महिलाओं ने ढोल मांदर एवं वाद्य यंत्रों को बजाकर भक्ति भजन गाए। इस दौरान विधायक ने स्कूल टोला स्थित मंदिर एवं शिव मंदिर पहुंचकर माथा टेका व दिया जलाया ।मौके पर उप प्रमुख बचन देव कुमार,उपमुखिया राजदेव महतो,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता,पप्पू प्रसाद,सुरेश महतो, प्रेमचंद महतो,मुरली महतो,अशोक कुमार,रीता देवी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## दारू : मंगलम टाइल्स एंड सेनेटरी के मालिक ने अपने वर्करों को किया सम्मानित



**दारू।** झुमरा एवं मेरू के बीच हुटपा में स्थित श्री मंगलम टाइल्स एंड सेनेटरी के मालिक लखन प्रसाद ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन राम के आने की खुशी में भगवा गमछा देकर अपने वर्करों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेरे दुकान में काम करने वाले हर वयक्ति परिवार की तरह है इसलिए हमलोग आज मिलजुल कर खुशियां मना रहे हैं। लखन ने कहा कि मेरा दुकान 5 वर्षों से चल रहा है यहां फ्लोर टाइल, दीवार टाइल,मार्बल, ग्रेनाइट, मार्बल एवं ग्रेनाइट की चौखट, सेनेटरी वेयर, पाइप एंड फिटिंग का सामान ऊचित दर पर मिलता है किसी भी तरह का कोई भेदभाव नहीं है। खास बात यह है कि मेरे दुकान में सोमानी एवम एग्जेरो का डीलरशिप भी मेरे पास है इसके कारण हम ग्राहकों को एक अच्छे रेट पर सामान दे पाते हैं।

# लाल सागर में अशांति से पड़ सकता है भारत की वृद्धि पर असर : फिच



**रिपोर्ट** के मुताबिक भारत और बांग्लादेश दो प्रमुख देश हैं, जो लाल सागर के व्यवधानों से सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं।

लाल सागर से होकर गुजरने वाले व्यापारिक मार्ग पर हो रहे हूती हमलों का दक्षिण एशिया की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ने की आशंका है। फिच समूह ने रिपोर्ट में कहा कि यह मार्ग दक्षिण एशिया के लिए अहम है और हमलों के कारण के मार्ग बदलने से कारोबार की दूरी, ढुलाई की अवधि और लागत में बढ़ोतरी होगी। इसमें कहा गया है कि इस व्यवधान के लंबा खिंचने की स्थिति में भारत के आर्थिक अनुमान पर असर पड़ सकता है।

फिच समूह की एक इकाई बीएमआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, अगर लाल सागर में व्यवधान बना रहता है तो इससे भारत और बांग्लादेश की वृद्धि के अनुमान में संशोधन करना पड़ सकता है। इससे 2024 में हमारे एशिया के 4 प्रतिशत वृद्धि के पहले के अनुमान पर असर पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक भारत और बांग्लादेश दो प्रमुख देश हैं, जो लाल सागर के व्यवधानों से सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस साल जीडीपी वृद्धि में इन देशों के अहम योगदान का अनुमान लगाया गया है।

लाल सागर प्रमुख समुद्री यातायात का मार्ग है, जो सीधे स्वेज नहर से जुड़ा है। इस मार्ग से यूरोप और एशिया के बीच दूरी में उल्लेखनीय कमी आती है और इस मार्ग से कुल वैश्विक कारोबार का 12 प्रतिशत कारोबार होता है। इस संकट के कारण कंटेनरों की आवाजाही और समुद्र से माल ढुलाई का बाजार प्रभावित हो रहा है और इससे पूरी दुनिया में महंगाई दर बढ़ने का खतरा है।

पिछले सप्ताह भारत के वाणिज्य विभाग ने कहा था कि हूती विद्रोहियों के हमले के कारण माल ढुलाई, बीमा का प्रीमियम और ढुलाई का वक्त बढ़ा है। इसके कारण आयातित वस्तुएं महंगी पड़ रही हैं।

वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने कहा है कि व्यापार में उतार चढ़ाव को देखते हुए निर्यातकों को आसानी से ऋण मुहैया कराया जाना चाहिए। ड्रेवरी वर्ल्ड कंटेनर इंडेक्स के मुताबिक संकट शुरू होने के बाद समुद्र मार्ग से ढुलाई की दर तीन गुना बढ़ी है। 18 जनवरी को 40 फुट के कंटेनर का किराया 3,777 डॉलर हो गया है। पिछले सप्ताह दर में 23 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है।

चीन और अमेरिका के बीच माल ढुलाई की दर एक सप्ताह में 35 प्रतिशत बढ़ी है, जितनी अन्य समुद्री मार्गों पर हुई है।

फिच ने कहा, 2021 में 6 दिन के ब्लॉकेज और छह दिवसीय युद्ध और योम किप्पुर युद्ध के कारण 1967 से 1975 तक स्वेज नहर बंद रहने से नहर के रास्ते से शिपिंग प्रभावित हुआ था। इससे पता चलता है कि नहर और लाल सागर के रास्ते कारोबार वैश्विक व्यापार पर व्यापक असर डालता है। उदाहरण के लिए रुकावट के कारण 6 दिनों में से प्रत्येक दिन अनुमानित रूप से 9 अरब डॉलर का व्यापार

# बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर नियमों में आमूल-चूल बदलाव की तैयारी

**अनुमान** के मुताबिक राजमार्ग संबंधी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए दीर्घावधि के हिसाब से 45 लाख करोड़ रुपये के करीब की जरूरत होगी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अपने निजीकृत राजमार्ग निर्माण मॉडल बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर (बीओटी) में आमूल-चूल बदलाव करने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद ज्यादा निजी डेवलपरों को आकर्षित करना है। इसमें ठेके को समाप्त करने और सड़क पर यातायात की मात्रा से जुड़े नियमों में बदलाव शामिल है।

प्रस्तावित संशोधनों में विसंगतियों को दूर करने के लिए समझौते को समाप्त करने से संबंधित भुगतान का निर्धारण, वास्तविक यातायात पर आधारित कंसेशन की अवधि (पीसीयू) में संशोधन बनाम वाहनों के टोलिंग समूह के आधार और डिजाइन क्षमता से अधिक वास्तविक यातायात पर फिर से विचार किया जाना शामिल है।

इसमें देरी की स्थिति में एनएचएआई की ओर से मुआवजे के भुगतान का प्रस्ताव भी शामिल है। नए प्रस्ताव में अप्रत्याशित स्थिति में परियोजना पूरी होने के पहले भुगतान समाप्त करने की परिभाषा के साथ अतिरिक्त टोलवे/समानांतर सड़क के मामले में बाईबैक का नया प्रावधान भी होगा।

अनुमान के मुताबिक राजमार्ग संबंधी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए दीर्घावधि के हिसाब से 45 लाख करोड़ रुपये के करीब की जरूरत होगी। अधिकारियों ने कहा कि यह मांग पूरी करने में केंद्र सरकार अकेले सक्षम नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि अब लंबे समय से अटके सुधारों पर जोर देने की जरूरत है।

अपने प्रस्तावित बदलावों में एनएचएआई बीओटी परियोजनाओं को लेकर राजमार्ग क्षेत्र की चिंताएं कम करने पर विचार कर रही है।




इसमें मंत्रालय के शून्य पंचाट के लक्ष्य के मुताबिक परियोजना रद्द करने से संबंधित नियम सरल करना शामिल है।

अगर बीओटी परियोजना निर्माण के दौरान कॉन्ट्रैक्टर या एनसीएलटी की कार्यवाही के कारण बंद कर दी जाती है तो देय कर्ज का 90 प्रतिशत (बीमा कवर और किए गए कार्य का मूल्य जो भी कम हो, को काटकर) भुगतान किया जाएगा।

देश के एक प्रमुख हाइवे ऑपरेटरों में से एक से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ह्यअगर बदलाव किया जाता है (जैसा कि विभिन्न मंत्रालयों के बीच परामर्श के दौरान प्रस्ताव किया गया था) तो यह बहुत आकर्षक प्रस्ताव होने जा रहा है। वे पहले के व्यवधानों से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार कर रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को परियोजनाओं के लिए कर्ज देने को लेकर जरूरी राहत मिलेगी।

इसके अलावा, इसमें कंसेसनायर को ज्यादा स्वायत्तता देने का भी प्रस्ताव है। इसमें अनुमानित राजस्व की तुलना में 120 प्रतिशत से अधिक यातायात की मात्रा आने पर अतिरिक्त राजस्व दिया जाना और कानून में बदलाव पर डेवलपरों को ज्यादा छूट देना शामिल है।

## यात्री वाहन की बिक्री बढ़ेगी

यात्री वाहन (पीवी) खंड में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 18 से 20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। केयरएज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के अनुसार, मजबूत ऑर्डर बुक और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार जैसे कारकों के दम पर अगले वित्त वर्ष में वृद्धि जारी रहने की संभावना है।

केयरएज के अनुसार, प्रीमियम खंड की मांग अच्छी रहने की उम्मीद है, जबकि उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति की वजह से सस्ती कारों की मांग कम हो सकती है। इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर (ई4डब्ल्यू) खंड में पिछले कुछ वर्षों में बिक्री में काफी वृद्धि हुई है। कुल ईवी बाजार की बिक्री में इसका करीब छह प्रतिशत योगदान है।केयरएज रिसर्च की निदेशक तन्वी शाह ने कहा, ह्यह्य वित्त वर्ष 2023-24 में यात्री वाहन (पीवी) उद्योग में करीब 18-20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने की संभावना है। वाहन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच दबी मांग समाप्त होना इसकी वजह है।

वित्त वर्ष 2022-24 में यात्री वाहन (पीवी) उद्योग 27 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ उच्चतम घरेलू बिक्री दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि मजबूत ऑर्डर बुक, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, नए मॉडल पेश होने और यूटिलिटी वाहन (यूवी) खंड में बढ़ती मांग से 18-20 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी वित्त वर्ष 2024-25 में भी जारी रहने की संभावना है।

# चुनावी वर्ष के बजट से आम लोगों की उम्मीद बरकरार



अजयदीप वाधवा

**बजट** से अपेक्षाएं देश की वितमंत्री आगामी 1 फरवरी को इंटरिम बजट पेश करेंगी। अर्थात यह पूर्ण बजट नहीं होगा, सरकार सिर्फ काम काज की अनिवार्य खर्चों की अनुमति सांसद से मांगेगी। इसका प्रमुख कारण है कि इस वर्ष देश में कुछ माह के अंदर ही आम चुनाव होंगे और वर्तमान सरकार बजट में पूर्ण वर्ष के नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार नई सरकार को देना चाहती है।

पर फिर भी आम नागरिकों को इस बजे में बहुत सी उम्मीदें तो हैं ही। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था है। साथ ही अब तक वर्तमान सरकार ने विश्व में हो रही बड़ी घटनाओं, जैसे इजरायल व आतंकवादी संगठन हमास की लड़ाई या रूस व यूक्रेन के बीच के युद्ध का आम जनता पर बहुत असर होने नहीं दिया है। विश्व के अन्य देशों की तुलना में भारत में महंगाई नियंत्रण में है। मुस्लिम आतंकवादी संगठन हैती के द्वारा लगातार समुद्री जहाजों पर आक्रमण के बावजूद भारत में सरकार ने पेट्रोल / डीजल व अन्य आयातित वस्तुओं की कोई कमी होने नहीं दी है। साथ ही, सरकार ने पूरे देश में पूंजीगत खर्चों को बहुत बढ़ा दिया है ताकि देश 2047 तक पूर्ण विकसित हो सके।

मेरे विचार से सरकार के सामने इस बार सबसे बड़ी चुनौती है अपनी आय को बढ़ाना, ताकि देश के विकास पर हो रहे खर्च को बरकरार रखा जा सके। पर इसके लिए सरकार कर की दरों को नहीं बढ़ा सकती क्योंकि इस से ईमानदार और नौकरी पेशा कर दाताओं पर बोझ बढ़ेगा। मेरा विचार है कि सरकार आय के लिए उस क्षेत्र पर ध्यान दे जो अब तक कर की सीमा से बाहर हैं, जैसे कृषि क्षेत्र।

यह सच है कि भारत में किसानों की स्थिति अनेक राज्यों में बहुत अच्छी नहीं है, पर यह भी सच है कि कुछ राज्यों के कई किसानों के पास बहुत पैसा है। उनके पास बहुत बड़े बड़े फार्म हैं जिनमें वे बिहार, उतर प्रदेश, झारखंड आदि राज्यों के गरीब खेतीहर मजदूरों से काम करवाते है। उनके पास पैसा किसी भी धनी उद्यमियों से कम नहीं है, पर अपनी आय को कृषि आय दिखाकर वो कर भुगतान से बच जाते हैं। इन धनी किसानों ने साजिश के तहत आम किसानों की स्थिति सुधारने के लिए लाए गए कृषि कानूनों को भी लागू नहीं होने दिया। अब समय आ गया है कि सरकार इन धनी किसानों को कर प्रणाली के अंतर्गत लाए। मेरे विचार से, शुरआत के लिए, सरकार इस बजट में पांच या दस करोड़ से ऊपर कृषि आय वाले धनमान्य किसानों को आय कर प्रणाली में ले आए। यह सरकार का बहुत ही बोल्ड निर्णय होगा पर देश को विकसित करने की ओर मील का पत्थर सिद्ध होगा।

सरकार इस बजट में पेट्रोलियम पदार्थों और शराब को जीएसटी के अंदर लाने का नीतिगत निर्णय भी ले और जीएसटी काउंसिल से अनुरोध करे कि इस दिशा में वे जल्द ही निर्णय ले। इस से दोहरी कर प्रणाली भी समाप्त होगी और देश की आय भी बढ़ेगी।

एक और क्षेत्र है जिस पर सरकार को निर्णय लेना चाहिए और वह है आवागमन की सुविधा, विशेषकर बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में। झारखंड / बिहार के पड़ोसी राज्यों, जैसे बंगाल या उत्तर प्रदेश में आप किसी भी कोने में चले जाएं वहां आवागमन के लिए बस आसानी से उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गांव गांव में आवागमन के लिए बस सुविधा उपलब्ध है। पर बिहार और झारखंड में राज्य सरकारों का इस पर कोई ध्यान नहीं है और आम आदमी को पूरी तरह से आवगमन के लिए अपर्याप्त और महंगे निजी क्षेत्र के साधनों पर राम भरोसे निर्भर रहना पड़ता है। चुकी इन राज्यों की सरकारों का इस और कोई ध्यान नहीं है, केंद्र सरकार इसके लिए पहल कर सकती है। भारत सरकार उद्योगों की तरह आंतरिक यातायात के लिए ₹पीएलआई ₹ जैसी कोई स्कीम ला सकती है, जिस के अंतर्गत निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनिया इस पर निवेश करे और दूरस्थ क्षेत्रों में भी आवागमन के लिए सुविधा प्रदान करें। मेरे पास इसके लिए एक विस्तृत प्लान है जो मैं सरकार से साझा करने को तैयार हूं।

इसके अलावा बिजली के संचरण और वितरण में पूरी तरह से निजीकरण को बढ़ावा देने का साहसिक निर्णय लेने की ओर सरकार कदम उठा सकती है। मैं जानता हूं कि इंटरीम बजट होने के कारण सरकार कई विषयों पर अभी कोई निर्णय न लें, पर बजट में इन सुझावों पर भविष्य में विचार करने की गुंजाइश का प्रावधान तो किया ही जा सकता है। (कॉस्ट अकाउंटेंट, वित विशेषज्ञ)

# राम मंदिर अयोध्या से भारत के जीडीपी में 200 अरब डॉलर बढ़ने की उम्मीद



**जेफरीज** की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर खुलने से आने वाले महीने में भारत के धार्मिक पर्यटन में इजाफा होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आइटीसी होटल्स, ईआईएच लिमिटेड, जुबिलेंट फूडवर्क्स, देवयानी इंटरनैशनल, आईआरसीटीसी, स्पाइसजेट, इंडिगो, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और मेक माई ट्रिप ऐसे कुछ शेयर हैं, जिनसे आने वाले महीनों में फायदा हो सकता है।जेफरीज के प्रबंध निदेशक महेश नंदुरकर ने अभिनव सिन्हा और निशांत पोद्दार के साथ नोट में लिखा है कि कोविड से पहले वित्त वर्ष 2018-19 में पर्यटन ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 194 अरब डॉलर का योगदान किया था, जो वित्त वर्ष 22 में गिरकर 188 अरब डॉलर रह गया। उम्मीद की जा रही है कि वित्त वर्ष 33 तक यह बढ़कर 443 अरब डॉलर हो जाएगा, जो आठ प्रतिशत की सीएजीआर है। भारत में पर्यटन और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात सकल घरेलू उत्पाद का 6.8 प्रतिशत है। यह इसे अधिकांश बड़ी उभरती/विकसित अर्थव्यवस्थाओं से नीचे रखता है, जो तीन से पांच अंक अधिक है।

जेफरीज के अनुसार कई लोकप्रिय धार्मिक केंद्र मौजूदा बुनियादी ढांचागत रुकावटों के बावजूद सालना एक करोड़ से तीन करोड़ पर्यटक यातायात को आकर्षित करते हैं।

इसमें कहा गया है कि बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के साथ नए धार्मिक पर्यटन केंद्र (अयोध्या) का निर्माण सार्थक रूप से बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है।

नोट में कहा गया है कि पर्यटन के बुनियादी ढांचे के दम पर तमिलनाडु शीर्ष पांच भारतीय राज्यों में शामिल है, जो घरेलू और विदेशी पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है, इसके बाद उत्तर प्रदेश अपने धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के कारण दूसरे स्थान पर है।

सिर्फ अयोध्या के आधारभूत संरचना के विकास पर 86 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है जो देश के कई छोटे राज्यों के बजट के बराबर है। देश में घरेलू धार्मिक पर्यटन में अमृतसर, तिरूपति, शिरडी, उतरांचल के चारों धाम केदारनाथ, ब्रदीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित कई तीर्थो में दो करोड़ से अधिक पर्यटक आते जाते हैं। अयोध्या में भी इससे अधिक पर्यटक की संभावना व्यक्त की जा रही है और अभी तकएक लाख करोड़ का व्यापार हो चुका है। ऐसा देश के कई संगठनों के अनुमान पर चर्चा में है। निश्चित ही यह एक बड़ी संभावना है।

# अर्श से फर्श पर पहुंचा बैयजू

## वैल्यूएशन में 90 फीसदी गिरावट के साथ फंड जुटाने की कोशिश में

**बैयजू** अगले महीने नए शेयर जारी करके मौजूदा निवेशकों से 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा जुटाना चाहती है कभी दुनिया के सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप्स में गिना जाने वाला वैयजू अपनी पैसे की किल्लत को कम करने के लिए अपने पिछले राउंड से 90% से ज्यादा के डिस्काउंट पर फंड जुटाने की कोशिश कर रहा है।

संकटग्रस्त भारतीय एजुकेशन कंपनी, बैयजू अगले महीने नए शेयर जारी करके मौजूदा निवेशकों से 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा जुटाना चाहती है। प्रस्तावित शेयर बिक्री से कंपनी का मूल्य $2 बिलियन से कम हो जाएगा, जो 2022 के अंत में उनके $22 बिलियन के पिछले मूल्यांकन से बहुत कम है।सूत्रों के मुताबिक, संस्थापक, बायजू रवीन्द्रन, कंपनी में अपना हिस्सा बनाए रखने के लिए शेयर बेचेंगे। अगले महीने बिक्री से मिलने वाले पैसे से बिलों का भुगतान करने और बिजनेस को और ज्यादा स्थिर बनाने में मदद मिलेगी।

रवीन्द्रन कंपनी को बचाने और उसकी वित्तीय परेशानियों को कम करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। कंपनी अपने अमेरिका बेस्ड किड्स डिजिटल रीडिंग प्लेटफॉर्म को लगभग 400 मिलियन डॉलर में बेच रही है और 1.2 बिलियन डॉलर के




ऋण पर ब्याज भुगतान में चूक के कारण लेनदारों के साथ कानूनी विवाद में भी है।

सूत्रों के बताया, शेयर बेचने के बाद, कंपनी की योजना अपने मुख्य व्यवसाय को बेहतर बनाने और शिक्षा के नए चलन में गहराई से उतरने पर ध्यान केंद्रित करने की है: इसके अलावा वे पर्सनलाइज लर्निंग के लिए जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करना चाहते हैं। चैन जुकरबर्ग इनिशिएटिव और अन्य द्वारा समर्थित बायजू ने दुनिया भर में कंपनियों को खरीदने के लिए बहुत सारा पैसा जुटाया। लेकिन जब वैश्विक टेक फंडिंग कम हो गई, तो उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अब आगामी शेयर बिक्री में कई शेयरधारकों के शामिल होने की उम्मीद है।

# झारखंड राज्य बीएड-एमएड प्राध्यापक संघ ने पद सृजन और सेवा स्थायीकरण की मांग उठायी

**झारखण्ड** राज्य के सरकारी विश्वविद्यालय और उसके अंगीभूत महाविद्यालयों में सत्र 2005 - 2006 से संचालित बीएड-एमएड कोर्स में कार्यरत सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और प्राध्यापको की आज ऑनलाइन बैठक संघ के संरक्षक प्रो.(डॉ.) तनवीर युनुस और अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। पिछले वर्ष बजट सत्र में झारखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा सदन में आश्वासन दिया गया था कि सभी सरकारी विश्वविद्यालय और उसके अंगीभूत महाविद्यालयों मे जहां पहले से बीएड और एमएड कोर्स की पढ़ाई चल रही है वहां शिक्षा विभाग की स्थापना होगी और कार्यरत सभी शिक्षकों का स्थायीकरण और वेतनमान के लिए उच्चस्तरीय कमिटी बनकर समायोजित किया जाएगा। लेकिन आज 19 वर्ष पूरा होने के बावजूद सरकार बीएड और एमएड कोर्स के शिक्षकों को केवल आश्वासन ही दे रही है जबकि दूसरे उत्तर प्रदेश और दूसरे प्रदेशों मे केवल दस वर्षों में विभाग की स्थापना कर स्थायीकरण करने की प्रक्रिया नियमित रूप से किया जा रहा है। इसके लिए पिछले वर्ष की तरह प्रदेश के सभी माननीय विद्याकयगण, मंत्रीगण और संबंधित विभाग के सचिव को ज्ञापन देने और आग्रह करने का सुझाव संघ के संरक्षक प्रो.(डॉ.) तनवीर युनुस ने दिया। संघ के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि पिछले दिनों माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय और निर्देश झारखण्ड के सभी संविदा पर कार्यरत लोगो के स्थायीकरण और नियमितीकरण के संदर्भ में मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है जिसमे स्पष्ट निर्देश है की संबंधित विभाग को मांग पत्र दिया जाना चाहिए इस हेतू उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को एक सप्ताह के अंदर प्रदेश के तीन सरकारी विश्वविद्यालय मे संचालित एमएड और 22 कॉलेजों में संचालित बीएड कोर्स के शिक्षक मिलकर यथाशीघ्र ज्ञापन सौंपने का कार्य करेंगे। संघ के महासचिव डॉ. सचिन कुमार ने कहा कि सरकार को तत्काल बढ़ती महंगाई और कैरियर को देखते हुए यूजीसी ग्रेड-पे के अनुसार एकसामन मानदेय राज्य सरकार को देना चाहिए एक ही राज्य में एक ही कोर्स में अलग अलग मानदेय दिया जाना एक प्रकार का आर्थिक शोषण है इस विसंगति को दूर किया जाना चाहिए। संघ के उपाध्यक्ष डॉ.




विशेश्वर यादव ने कहा कि स्थायीकरण से पूर्व एक समान मानदेय का निर्धारण जिस प्रकार घंटी आधारित सहायक प्राध्यापक का उच्च शिक्षा विभाग के स्तर से हुआ है उसी प्रकार जबतक बीएड और एमएड कोर्स के लिए भी उच्च शिक्षा विभाग से संकल्प पत्र जारी होने पर ही इस विसंगति से मुक्ति मिल सकेगी इसके लिए एक मांग पत्र उच्च शिक्षा सचिव को देने का निर्णय लिया गया। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय भुईयां ने संघ की दिवगंत सदस्या शांति बारला की असामयिक मृत्यु का मुद्दा उठाया और उनके परिवार को आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ आश्रित को अनुकंपा के आधार पर संविदा स्तर की नौकरी देने हेतु विश्वविद्यालय से नीति बनाकर करने हेतु अनुरोध पत्र देने का कार्य संघ द्वारा किया जाना चाहिए।जिस पर सहमति बनी और सभी विश्वविद्यालयों में करोड़ों रुपए शिक्षण शुल्क के बचे हुए है अब तक प्रदेश के तीन शिक्षक दिवगंत हो चुके है और किसी के परिवार और बच्चों को किसी भी प्रकार की सहायता न तो विश्वविद्यालय और न ही राज्य सरकार से प्राप्त हुई है।इसलिए सभी विश्वविद्यालय में पर शिक्षकों के तर्ज पर कल्याण कोष गठन करने के लिए ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

इस बैठक में कोल्हान विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा बेहरा, जमशेदपुर विमेंस युनिवर्सिटी के बीएड विभाग के प्राध्यापक डॉ.कविता एवं डॉ.स्वेता प्रति कुजूर, द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर विमेन से प्रो. प्रति सिंह एवं गीता महतो, डोरंडा कॉलेज,रांची से डॉ. मनोज कुमार सहित सैकड़ों प्राध्यापको ने भाग लिया।

स्पीड न्यूज

### सिंदरी से स्कूटर पर अयोध्या निकले हनुमान रूपधारी दीपक मोदी

**सिंदरी ।** अयोध्या के राम मंदिर में प्रभु श्री राम लला विराजमान हो गये हैं। प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने के बाद हनुमान रूपधारी दीपक मोदी मंगलवार को सिंदरी से भगवा रंग के स्कूटर पर रामलला के दर्शन करने के लिए आयोध्या रवाना हुए। दीपक ने कहा कि करीब 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम अपने जन्मस्थली अयोध्या वापस आये हैं। उनके दर्शन के लिए माता सरस्वती देवी ने 30 वर्षों तक मौन धारण किया था। दीपक उसी मौनधारी माता सरस्वती के निवास स्थान भौंरा के गोल मंदिर के निवासी हैं। उन्हें अयोध्या का आमंत्रण मिला था। उनका साथ पाने और प्रभु के विग्रह रूप का दर्शन करने के लिए सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर से शोभायात्रा अयोध्या जा रही है। उनके साथ चालक के रुप में सखा प्यारेलाल भी रवाना हो गए हैं।

### महुदा में धार्मिक सद्भावना बिगाड़ने वालों के खिलाफ केस

**महुदा।** 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को अयोध्या उत्तर प्रदेश में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ब्राह्म बाबा मंदिर से माचियारा स्थित हनुमान मंदिर तक एक शोभा यात्रा निकाली गई थी। उक्त शोभा यात्रा के समाप्ति के बाद अन्य धर्म के धर्मावलम्बियों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने हेतु एक आपत्तिजनक वीडियो इंस्टाग्राम फेसबुक के माध्यम से वायरल किया गया। जिसकी सत्यता की जांच थाना के क्षेत्र अंतर्गत शांति एवं विधि व्यवस्था हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा किया गया। जिसमें उक्त वायरल वीडियो की सहायता की पुष्टि की गई। जिसमें वायरल वीडियो में संतलिप्त कुछ व्यक्तियों की पहचान की गई है। तथा अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। उक्त घटना के संदर्भ में महुदा थाना कांड संख्या 05 / 2024 दिनांक 22- 1-2024 धारा 153 (ए)/295( ए )/ 34 भारतीय दंड विधान के अंतर्गत कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर उदय प्रताप सिंह ने बांटे 51 किलो लड्डू

**धनबाद।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर धनबाद के समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को 51 किलो लड्डू का महाभोग राम भक्तों में नगर भ्रमण के साथ वितरण किया। उन्होंने स्टील गेट से नगर भ्रमण शुरू की. हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक, सिटी सेंटर, धैया आदि क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए सैकड़ों लोगों को लड्डू का प्रसाद देकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले पांच सौ सालों से भारत के लाखों करोड़ों लोग इस शुभ दिन का इंतजार कर रहे थे। प्रभु श्री राम अपने बाल स्वरूप में विराजमान है। देशभर में उत्साह का माहौल है. हर तरफ जय श्री राम का जयकारा गूंजमान है। कोयला की यह नगरी श्रीराम का धाम बन गई है। हर कोई प्रभु राम के आगमन पर बेहद उत्सुक हैं। इसके अलावा सभी मंदिरों में दिनभर भजन कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। मौके पर दिलीप सिंह,गौरव, आदर्श,राहुल सिंह भूमिहार,सतवीर सिंह,सागर मिश्रा,हर्ष सिंह,शानू सिंह, रितिक,सोनी पीयूष सिंह पंकज सिंह, राजू सिंह मौजूद रहे।

### मंगल मूर्ति धाम परिसर में रामलीला

**चिरकुंडा।** जुनकुंदर ब्रह्मस्थान में धर्म उत्थान समिति की ओर से मंगल मूर्ति धाम परिसर में आयोजित रामलीला मे परशुराम राम-लक्ष्मण संवाद, सीताराम विवाह, सुपर्नखा नाक कान छेदन, सीता हरण, रामविलाप दिखाया गया। श्री रामलीला मंडली प्रयागराज के संचालक जितेंद्र पांडेय के नेतृत्व यूपी के युवा कलाकार रंगारंग भव्य रामलीला प्रस्तुत कर रहे हैं। श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। दोपहर में हरिनाम संकीर्तन हुआ। मौके पर पुजारी संतोष पांडेय, मुखिया कोमल कुमारी, समिति अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद, उपाध्यक्ष भरत सिंह, राजेश्वर साव, रिंटू पाठक, गुड्डू सिंह, राजू चौहान, धीरज सिंह, इंद्रदेव प्रसाद आदि मौजूद थे।

# नेताजी की सशस्त्र क्रांति का देश की आजादी में अहम योगदान : शेखर डे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान मानवतावादी और मानव प्रेमी थे मनुष्य उनके सभी विचारों और कार्यों का केंद्र और उनकी सभी गतिविधियों का आरंभ और अंत था उनके जीवन का उद्देश्य मानव जाति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त करना था उनके लिए बंधन मनुष्य का सबसे बड़ा भी साफ था इस मनुष्य के व्यक्तित्व और गरिमा की हानि हुई ब्रिटिश शासन के तहत भारतीयों को गरीबी अभाव और सामाजिक अन्याय का सामना करना पड़ा और उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में घटिया



श्रीलेदर्स के बिष्टुपुर शोरूम के सामने नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि देते समाजसेवी शेखर डे।

जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ा लोगों को अभाव और अन्य से बाहर निकालने के लिए नेताजी ने राजनीतिक स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और इसे सर्वोच्च गुण माना। उक्त बातें समाजसेवी एवं देश की नामी फुटवियर कंपनी श्री लेदर के निर्देशक शेखर दे ने बिष्टुपुर स्थित शोरूम के सामने आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कहीं। शेखर डे ने आगे कहा या खुशी की बात है कि आज जमशेदपुर ही नहीं देशभर में जगह-जगह नेताजी का स्मरण किया जा रहा है। नेताजी ने दुनिया में ऐसे सामाजिक और राजनीतिक लोकतंत्र की कल्पना की जहां कोई विशेषाधिकार,भेदभाव और निहित स्वार्थ नहीं होगा। शेखर डे ने कहा कि नेताजी का प्रबल विश्वास था कि दुनिया के अन्य देशों की तरह हमें भी आजादी सशस्त्र संग्राम से लेनी चाहिए। इसके लिए वे अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन तक अपने संबंधों को ले गए। जो लोग कहते हैं कि बिना सशस्त्र संघर्ष के ही देश को आजादी मिली तो उन्हें गोवा की ओर देखना चाहिए जहां के लोगों को आजादी के लिए और भारत में शामिल होने के लिए पुतर्गीज शासन के खिलाफ सशस्त्र क्रांति करनी पड़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक संजय मिश्र ने कहा कि देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने के तमाम तत्व नेताजी के विचारों एवं उनके दर्शन में है। इसलिए हमें नेताजी के विचारों को जन -जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। सुरोजीत चट्टोपध्याय का कहना था कि नेताजी देश के पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने भारत की आजादी की न सिर्फ घोषणा की बल्कि तिरंगा भी राष्ट्र ध्वज के रुप में लहराया और विदेश में रहते हुए भारत सरकार का गठन किया। आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरु ने भी लाल किले से अपने संबोधन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस को देशके प्रथम प्रधानमंत्री के रुप में संबोधित किया था।

पीके नंदी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपनी सशस्त्र क्रांति और अपने विचारों से विश्व समुदाय तक पहुंचाने में सफलता हासिल की थी। आजादी की लड़ाई को उन्होंने उच्च शिखर तक पहुंचाया जहां दूसरे स्वाधीनता सेनानी सोच भी नहीं सकते थे। उन्होंने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी के जीवन पर रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और रवींद्र नाथ टैगोर के जीवन पर गहरा प्रभाव था। इसलिए आप सब को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी अवश्य पढ़नी चाहिए। नेताजी का जीवन वृंत पढ़ने से उक्त तीनों महानुभावों की विशेषताओं से आप अवगत हो जायेंगे। श्रीमती चित्रलेखा राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी महिलाओं को शिक्षित करने और सामाजिक आजादी देने के पक्षधर थे। उन्होंने इसी उद्देश्य के तहत आजाद हिन्द फौज में महिला बिग्रेड की स्थापना की थी।

# आजादी की लड़ाई में नेताजी का योगदान अविस्मरणीय : बन्ना

## स्वास्थ्य मंत्री ने कदमा नेताजी सुभाष पार्क में जयंती समारोह को किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश की आजादी की लड़ाई की दिशा बदलने वाले, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक,आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 127 वीं जयंती के अवसर पर नेताजी विचार मंच के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा उलियान मेन रोड स्थित नेताजी सुभाष पार्क के समीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर नेताजी के बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि देश की आजादी में नेताजी की भूमिका को कभी



भुलाया नहीं जा सकता। उनके विचार युवा पीढ़ी के लिए आदर्श है और उनके बताए मार्ग पर चलकर युवा भविष्य की बुनियाद रख सकते हैं।मंत्री ने आगे कहा कि नेताजी में गांधी के प्रति सम्मान भी था और देश को आजाद कराने का जुनून भी। उन्होंने अयोजकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया और कहा कि नेताजी की जयंती हर साल धूमधाम से मनाई जाती है, जिसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने युवाओं से नेताजी के आदर्शों पर चलने का प्रण लेने की अपील किया।कार्यक्रम का संचालन नेताजी विचार मंच के सचिव मनोज झा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पकरासी दा ने किया। कर्यक्रम में मुख्य रूप से नेताजी विचार मंच के अध्यक्ष भोलानाथ नाथ गोस्वामी, बिस्वनाथ राय (बिशु दा ),एस एम भट्टाचार्जी, बबुआ झा, संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर, शाहनवाज अहमद, ईश्वर सिंह, माजिद अख़्तर, छोटू ,जितेंद्र सिंह, जयप्रकाश साहू, कैलाश रजक, राकेश जयसवाल, राजू दास, विनोद रजक, धन्नू महतो, अमित प्रसाद, सोंटी रजक, संजीव मिश्रा ,राजकुमार दास, संजीव सिंह, रियाजुद्दीन खान, सुक्कू चौहान ,राजेश रजक ,जितेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, ऑगस्टीन विल्सन, उपस्थित थे।

### रिम्स में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है सड़क हादसे में घायल मंगलदेव

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत चतरो गांव निवासी मंगलदेव उरांव (27 वर्ष) रिम्स रांची में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। मंगलदेव उरांव रविवार को अपने चाचा के पुरन उरांव (60 वर्ष) के साथ बालूमाथ गया, जहां दुर्घटना का शिकार हो गया था। बालूमाथ में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां सोमवार की शाम पूरन उरांव की मौत इलाज के क्रम में हो गयी, वहीं मंगलदेव उरांव जिंदगी की जंग लड़ रहा है। उसके पैर में काफी गम्भीर चोट आई है व पैर काटने तक कि स्थिति बन गयी है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंगल देव उरांव के परिवार की माली हालत बेहद खराब है। मंगल देव की पत्नी की मौत महज 15 दिनों पूर्व हीं गम्भीर बीमारी से हो गयी है। ऐसे में मंगल देव का इलाज करने में परिवार पूरी तरह से असमर्थ साबित हो रहा है।

एक नजर में

### मदर टेरेसा स्कूल सिंदरी ने नेताजी की जयंती पर निकाली प्रभातफेरी

**सिंदरी।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा अर्पित करते हुए मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी ने मंगलवार की सुबह प्रभातफेरी निकाली। बच्चों व शिक्षकों के साथ ड्रम की धुन पर निकाली गई प्रभातफेरी विद्यालय फुटबॉल मैदान से शुरू होकर आइएमटाइप, केवन, शहरपुरा मुख्य बाजार का भ्रमण कर जयहिंद क्लब स्थित नेताजी की आदमकद प्रतिमा के पास पहुँचा। इस कार्यक्रम में एफसीआई सिंदरी संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी और समाजसेवी अंबुज मंडल ने नेताजी को माल्यार्पण कर झंडा फहराया। प्रभातफेरी में स्कूली बच्चे विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की रुप सज्जा में दिखाई दिए। इनमें अन्नु कुमारी ने भारत माता, राजीव कुमार ने नेताजी, अमन दुबे ने महात्मा गाँधी, तनु श्री ने रानी लक्ष्मीबाई तथा नमन कुमार मिश्रा ने भगत सिंह के वेशभूषा में शामिल हुए। विद्यालय प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद के नेतृत्व में निकली प्रभातफेरी पर उन्होंने कड़कड़ाती ठंड के बीच विद्यार्थियों के राष्ट्रीय प्रेम को सराहा। समाजसेवी अंबुज मंडल ने नेताजी जयंती पर मिठाइयों का वितरण किया। प्रभातफेरी में विद्यालय शिक्षक उमेश सिन्हा, रूपक ठाकुर, हरेंद्र प्रसाद, कुंदन कुमार, अरुण सिन्हा, महेश चौहान, उत्तम गोराई, चौबे सर, रेशमी कुमारी, प्रिया कुमारी, मौसमी कुमारी, रूबी कुमारी, शमा प्रवीण, फिजा प्रवीण, नंदनी कुमारी ने बच्चों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डैफोडिल्स में जयंती पर याद किये गये नेताजी



**धनबाद।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडेमी तथा डैफोडिल्स बचपन में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य तापस बनर्जी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्राचार्य तापस बनर्जी ने सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते उन्हें देश का सच्चा देशभक्त बताया। कहा उन्होंने देश की आजादी के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूगा। नेताजी का यह नारा देशभर में लोकप्रिय हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य तापस बनर्जी ने घोषणा किया कि 3123 जनवरी तक नामांकन लेने वाले छात्र/छात्राओ को नामांकन शुल्क में 50 प्रतिशत ,की छुट दिया जाएगा । विधालय के हिन्दी शिक्षक प्रमोद सिन्हा ने अपने ओजस्वी भाषण सभी लोगों का दिल जीत लिया। स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी जयंती समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद सिन्हा, अनिल सिंह, प्रभाकर मिश्रा, राहुल, एस.आर कर, संजय दत्ता, झूमा दत्ता, डोली प्रसाद, निशा मित्रा, शहर बानो, चेरी ,वर्मा सर आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## टीएसपीसी के उग्रवादियों ने फूंके दो पोकलेन, मजदूरों के साथ की मारपीट

**चतरा।** जिले में एक बार फिर उग्रवादियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सोमवार की देर रात पत्थर खदान में हमला कर दो पोकलेन मशीन को फूंक दिया। इसके साथ ही मुंशी और मजदूरों के साथ मारपीट भी की गई। घटना हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत लूटा गांव के समीप की है। मजदूरों को साथ मामूली रूप से मारपीट की। जबकि मुंशी को लाठी-डंडा से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। घटनास्थल पर एक हस्तलिखित पर्चा मिला है। उत्तरी छोटानागपुर सीमांत जोनल कमेटी द्वारा जारी पर्चा में कहा गया है कि संगठन के नाम पर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले सावधान हो जाए। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर संगठन कार्रवाई करेगी। इधर सूत्रों का कहना है कि टीएसपीसी उग्रवादी रंगदारी वसूलने और अपना प्रभाव फिर जमाने के लिए घटना को अंजाम दिया है। हजारीबाग के रहनेवाले खदान मालिक का नाम रामलखन मेहता है। उनका कौलेश्वरी इंटरप्राइजेज स्टोन माइंस के नाम से खदान चलता है।

## बाजा बजाने को लेकर हनहट में दो पक्ष आमने सामने, प्रशासन की मुस्तैदी से स्थिति सामान्य

**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** थाना क्षेत्र के हनहट में सोमवार को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भजन बजाने को लेकर दूसरे समुदाय के कुछ लोगों द्वारा विरोध करने को लेकर दो समुदाय में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। लेकिन प्रशासन और बुद्धिजीवी लोगो की वजह से मामला शांत हुआ। घटना के बारे में बताया जाता है की गांव में सुबह से ही पूजा अर्चना कार्यक्रम चल रहा था इसी निमित शाम को भजन बजाया जा रहा था जिसपर दूसरे पक्ष के कुछ लोगो ने मना किया जिसके बाद दोनों पक्षों के सैकड़ो लोग सड़क पर निकल आए थे। जिसकी जानकारी पहले से मौजूद पुलिस प्रसासन द्वारा जिले के वरीय अधिकारियों को तत्काल दी गई जिसके बाद जिला से तुरंत एसडीओ अमित कुमारए डीएसपी परमेश्वर प्रसादए पुलिस अंचल निरीक्षक मंटू कुमारए थाना प्रभारी शंखनाद उरांव दल बल के साथ पहुंचकर मामला को शान्त करने का प्रयास किया गया। काफी समझाने बुझाने के बाद भीड़ वहा से हटी एलेकिन दोनो पक्षों में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया। इधर इस मामले को लेकर मंगलवार को दोनों पक्षों द्वारा थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग की गई है। हालांकि इस बारे में थाना से पुष्टि नहीं की गई है। इधर प्रसासन के वरीय अधिकारी दल बल के साथ हनहट में जमा हैं। और गांव की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

## बंगाली वेलफेयर सोसाइटी ने नेताजी की जयंती पर निकाली प्रभातफेरी



### रैली में एनसीसी के विद्यार्थी हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी हीरापुर धनबाद द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 127वे जन्मदिवस पर जे सी मलिक स्थित दुर्गा मंडप से रैली निकालकर हीरापुर हरि मंदिर, ज्ञान मुखर्जी रोड कोर्ट क्वार्टर , रणधीर वर्मा चौक होते हुए यह रैली पुनः हीरापुर दुर्गा मंदिर तक पहुंची। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर निकाली गई इस रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं एवं एनसीसी छात्र शामिल हुए हैं और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के दिखाएं मार्गों को रैली के माध्यम से जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं इस रैली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा दिए गए नारे एवं उनके विचारों को पोस्टर के माध्यम से दिखाया गया है वही इस रैली में सभी बच्चे एवं बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य शामिल हुए हैं और उत्साहित है। संस्था के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के 127वीं जन्म जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है वहीं उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति जो समर्पण भावना है वह लोगों के दिल में बना रहे ताकि हमारा देश अखंड रहे। आज उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज के गठन किया था और देश के अखंडता को बचाने के लिए संघर्ष किया था उन्हीं के दिखाएं पदचिन्हों पर चलना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष अतुनू कुमार गुप्ता ने जिले के विभिन्न विद्यालयों के 1100 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा की यह रैली दुर्गा मंदिर से होते हुए पार्क मार्केट , ज्ञान मुखर्जी रोड, रणधीर वर्मा चौक होते हुए जेसी मलिक पहुंची जहां नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दुर्गा मंदिर परिसर में रैली का समापन किया गया एवं नेताजी पर आधारित बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं की आयोजन की गई सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

# रामराज्य की स्थापना के लिए सकारात्मक होना जरूरी : शांति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के घाटो बगीचा स्थित शाखा में अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की प्रभारी शांति दीदी ने सूराज से रामराज्य विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि जब प्राचीन भारत के तीर्थ का उल्लेख होता है तो उसमें सर्वप्रथम अयोध्या का ही नाम आता है। भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या की संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने की अयोध्या महोत्सव की मुहिम जारी है। हमें रामराज की स्थापना में सहयोग



करना है तो हमें त्याग तपस्या स्नेह के साथ सकारात्मक का ध्यान रखना आवश्यक है। जैसे हीरा कोयले की खान में मिलता है, कोई हीरा ढूंढने जाता है तो वह कोयले के कालेपन को नहीं देखता बल्कि उसकी चमक पर उसका ध्यान रहता है। तब वह हीरा को ढूंढ पाता है। सामान्य व्यक्ति अगर ढूंढने जाए तो उसे उसकी चमक दिखाई नहीं पड़ती। चारों तरफ से काला ही काला नजर आता है। इसी तरह हमें भी समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता है और हमें नकारात्मकता को अपने जीवन में स्थान नहीं देना चाहिए नहीं तो हमारे मन में गुस्सा ,चिड़चिड़ापन आदि अवगुण समाये रहते हैं। परिणाम स्वरूप हमें हीरे की परख नहीं हो पाएगी। इसलिए इन सदगुणों के द्वारा ही हमें व्यावहारिक कुशलता लानी है।

## पुस्तकों के साथ दोस्ती कर पा सकते हैं अच्छे मुकाम : अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** जिला प्रशासन द्वारा कोडरमा प्रखंड में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेला का उदघाटन सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज और जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पुस्तक मेला एक सराहनीय प्रयास है, यह शिक्षा के शिक्षा में एक बेहतर प्लेटफार्म साबित हो सकता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छी पुस्तक सच्चे मित्र के समान होता है, वह हमें सदैव सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पुस्तकों के साथ दोस्ती कर हम मनचाहे मुकाम और कैरियर को पा सकते हैं। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डीईओ नयन कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

**शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा पुस्तक मेला : डॉ नीरा :** कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि पुस्तक हमारा सबसे अच्छा मित्र होता है, यह हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मार्ग तैयार करता है और जीवन मे आगे बढ़ने के लिए मदद करता है। जिला प्रशासन द्वारा पहली बार आयोजित पुस्तक मेला से लाभ उठाने की जरूरत है, यह शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हो सकता है।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनी नेताजी की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** सदियों में कभी कोई एक सितारा उतरता है इस जमी पर एफलक के सितारो की भी हो जाती फीकी उस जमी पर उतरे सितारे की चमक से ए ऐसा ही एक सितारा महानायक बनकर उतरते है भारत के पश्चिम बंगाल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम से । जन नायक से महानायक बनने के इस सफर में कितने संघर्ष कितने त्याग किए इस भारत माता की गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए पराक्रम



दिखाए जिसे आज पराक्रम दिवस के रूप में आजादी के बाद उस सितारे की याद में मना रहे हैं 23 जनवरी को ।ए आज हम खुली हवा मे श्वास ले रहे हैं अनाप शनाप बकने की स्वतंत्रता मिली मनमानी करने की छूट मिली हमारी आंखें नही खुलती ज्ञान और शिक्षा नही मिलती ।उनकी क्या बात करें जिसने गुलामी की पीड़ा नही झेली यातनाएं नही सही । लेकिन ये यही वो नेता हैं जिन्होंने आईसीएस की ब्रिटिश सरकार की नौकरी को ठोकर मार दीएहजारों मील की यात्राएं कीए अपने जान की परवाह न करतें हुए कूद पड़े अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कराने और उनका नाम सुभाष है जिन्हें नेता जी सुभाष चंद्र बोस के नाम से आज जानते पहचानते और हमारे प्रेरणा के श्रोत हैं ।

### नेताजी को लोगों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

गोड्डा के रौतरा चौंक स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर आज देश भक्तों द्वारा उन्हे श्रद्धांजलि और नमन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन सर्व जीत झा ध्अंतेवासीष द्वारा हर वर्ष की तरह इसबार भी सुबह 8ध्45 पर की गई। सैकड़ों की संख्या में देश भक्तों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर नेता जी पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया गया ।इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिको के अलावे एसडीपीओ गोड्डा ने भी नेताजी की प्रतिमा को सैल्यूट किया और फूल माला अर्पित किए।

## महुवरी में निकली शोभायात्रा

नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुवरी में राम मंदिर के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा का नेतृत्व समाजसेवी सेवी मंटू सिंह ने किया।



## स्पीड न्यूज

### कर्पूरी जयंती समारोह आज : विधायक



**मेदिनीनगर।** कर्पूरी जयंती पर 24 जनवरी को 11 बजे दिन पांकी कर्पूरी चौक पर जयंती समारोह मनाया जायेगा। इसके मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता लाल सुरज, राष्ट्रीय नाई महासभा के जिलाध्यक्ष सह पांकी विधायक निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर होंगे। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि कर्पूरी जयंती पर कई कार्यक्रम होंगे।

### निमियां में निकली भव्य शोभायात्रा



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम निमिया में अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। इसमें अखंड कीर्तन और भंडारा हुआ। शोभा यात्रा में पंसस राजकुमारी देवी, सुदर्शन सिंह, विजय सिंह, उमेश सिंह, रवीन्द्र सिंह, बेलास सिंह, सुषमा देवी, धनंजय सिंह, जनेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य पार्वती देवी समेत सैकड़ों ने भाग लिया। पंसस ने कहा कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पूरा हिंदू समाज आहलादित है। पाटन में धूमधाम से पूजा अर्चना की गयी है।

### चोरी के मोबाइल के साथ दो चोर धराये



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी पुअनि संजय कुमार रजक ने बताया कि 20 जनवरी को रामबिंदु प्रजापति ग्राम महुलिया ने मोबाईल चोरी का प्राथमिकी नावा जयपुर थाना में दर्ज कराया था। एसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर पुलिस ने संतु कुमार पिता सकेंद्र उरांव को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर तीसीबार के दीपक कुमार पिता दिनेश उरांव को भी दबोचा गया। अपराधियों ने मोबाइल चोरी की बात को स्वीकारी। छापामारी अभियान में पुअनि मुकेश साव, विजय कुमार, सअनि रविंद्र कुमार, जवान संतोष राम, रामदास पासवान थे।

### जीनियस कोचिंग में मनी बोस जयंती



**सतबरवा पलामू।** आजाद हिंद के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मंगलवार को जीनियस कोचिंग सेंटर धावाडीह में मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा और संचालन कोचिंग के निदेशक चंचल यादव ने की। आशीष ने कहा कि नेताजी शुरू से मेधावी छात्र थे और देश के बारे में सोचते रहते थे। नेताजी के बताये मार्ग पर हम सभी को चलने की जरूरत है तभी मेरा भारत देश आगे बढ़ सकता है। मौके पर धावडीह मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, धीरज सिंह, ज्ञानी यादव, महेश यादव, अजय उरांव, मनोज गुप्ता, किशुन शाह समेत कोचिंग सेंटर के छात्राएं उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की शिकायत पर किया निरीक्षण



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीएम आइएस आशीष गंगवार ने प्रखंड के सोहया में विभिन्न स्टोन क्रशर माइंस का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने लगातार अवैध उत्खनन और मानव जीवन क्षति की संभावना जताते हुए शिकायत की थी। निरीक्षण में उन्होंने लीज क्षेत्र का जायजा लिया। साथ ही क्षतिग्रस्त इलाका के माइंस से सटे, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, तालाब, घनी आबादी की दूरी का अवलोकन किया। अंचल अमीन विनय कुमार व कर्मचारी संतोष कुमार से जानकारी ली।

### विश्रामपुर : रामेश्वरनाथ अनंत कामना पूर्ति मंदिर की पहली वर्षगांठ मनी



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना प्रांगण स्थित रामेश्वर नाथ अनंत कामना पूर्ति मंदिर का मंगलवार को प्रथम वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाया गया। मौके पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। अहले सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। भगवान भोलेनाथ क रूद्राभिषेक के बाद सुंदर कांड का संगीतमय पाठ हुआ। इसके बाद महाभंडरा भी हुआ। अनुष्ठानों में थाना प्रभारी शशि रंजन, एएसआई अनंत सिंह, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, राजेंद्र केशरी, राजू बाजपेई व उमाशंकर बतौर जजमान शामिल रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा गौरव का प्रतीक : रंजीत



**छतरपुर पलामू।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर छतरपुर पश्चिमी की जिप सदस्य संजू देवी और उनके पति सह छतरपुर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख रंजीत जायसवाल ने देवगण धाम राधा कृष्ण शीशमहल मंदिर में राधा कृष्ण जी की मूर्ति का दूध से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्री जायसवाल उर्फ फंटूश ने कहा कि आज पूरे देश में भक्ति का माहौल व्याप्त है। सनातन धर्म के लिए ऐतिहासिक दिन है। कहा कि अयोध्या में रामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा हिंदुओं के लिए गौरव का प्रतीक है।

## रवि शास्त्री और इंजीनियर को कर्नल नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

# यशस्वी को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पुरस्कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री को मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। बीसीसीआई ने 2019-20 सत्र के लिए शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को भी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।





**रवि शास्त्री का क्रिकेट करियर :** इकसठ साल के शास्त्री ने 80 टेस्ट और 150 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया। संन्यास लेने के बाद उन्होंने कमेंटेटर के रूप में पहचान बनायी। शास्त्री दो बार राष्ट्रीय टीम के कोच रहे। वह 2014 से 2016 तक टीम निदेशक के रूप में राष्ट्रीय टीम से जुड़े और फिर विराट कोहली की कप्तानी में 2017 से 2021 में टी20 विश्व कप तक मुख्य कोच की भूमिका निभायी। उनके मार्गदर्शन में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीती। हालांकि टीम कोई आईसीसी प्रतियोगिता नहीं जीत सकी। शास्त्री के मार्गदर्शन में भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा लेकिन न्यूजीलैंड से हार गया।

**शुभमन गिल को पॉली उमरीगर पुरस्कार :** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन 12 महीनों के दौरान वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज दो हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बने और इस प्रारूप में पांच शतक लगाये। उन्होंने इस दौरान 29 मैचों में 63.36 की औसत से 1584 रन बनाये।

**यशस्वी को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू पुरस्कार :** युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने पिछले साल जुलाई में रोसेउ में वेस्टइंडीज के खिलाफ 171 रनों की पारी खेलकर 2022-23 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का पुरस्कार जीता। स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 2022-23 सत्र के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीता। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में दीप्ति की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने आसान जीत दर्ज की थी। दीप्ति ने इस मैच में अर्धशतक जड़ने के साथ 39 रन देकर नौ विकेट लिये थे।

वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर का पॉली उमरीगर पुरस्कार : शुभमन गिल (2022-23), जसप्रीत बुमराह (2021-22), रविचंद्रन अश्विन (2020-21), मोहम्मद शमी (2019-20)। सर्वश्रेष्ठ महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर- दीप्ति शर्मा (2019-20, 2022-23), स्मृति मंधाना (2020-21, 2021-22)। सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण (पुरुष)- मयंक अग्रवाल (2019-20), अक्षर पटेल (2020-21), श्रेयस अय्यर (2021-22), यशस्वी जयसवाल (2022-23)। महिला वर्ग- प्रिया पुनिया (2019-20), शेफाली वर्मा (2020-21), एस मेघना (2021-22), अमनजोत कौर (2022-23), मिताली राज। दिलीप सरदेसाई पुरस्कार (2022-23): सर्वाधिक रनः यशस्वी जयसवाल; सर्वाधिक विकेटः आर अश्विन। एकदिवसीय में सबसे अधिक रन (महिला) - पुनम राउत (2019-20), मिताली राज (2020-21), हरमनप्रीत कौर (2021-22), जेमिमा रोड्रिग्स (2022-23)। एकदिवसीय में सबसे अधिक विकेट (महिला): पूनम यादव (2019-20), झूलन गोस्वामी (2020-21), राजेश्वरी गायकवाड़ (2021-22), देविका वैद्य (2022-23)।

**घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ अंपायर:** केएन अनंतपदमनाभन (2019-20), वृंदा राठी (2020-21), जे मदनगोपाल (2021-22), रोहन पंडित (2022-23)। घरेलू टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन- मुंबई (2019-20)।

**लाला अमरनाथ पुरस्कार :** घरेलू सीमित ओवर प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरः बाबा अपराजित (2019-20), ऋषि धवन (2020-21, 2021-22), रियान पराग (2022-23)। रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरः मणिशंकर मुरा सिंह (2019-20), शम्स मुलानी (2021-22), सारांश जैन (2022-23)।

माधवराव सिंधिया ट्रॉफी : रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी- राहुल दलाल (2019-20), सरफराज खान (2021-22), मयंक अग्रवाल (2022-23)। रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजः जयदेव उनादकट (2019-20), शम्स मुलानी (2021-22), जलज सक्सेना (2022-23)।

**एमए चिदंबरम ट्रॉफी :** अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज- हर्ष दुबे (2019-20), एआर निषाद (2021-22), मानव चोठानी (2022-23)। अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी- पी. कनपिल्लेवार (2019-20), मयंक शांडिल्य (2021-22), दानिश मालेवार (2022-23)। अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज- अंकुश त्यागी (2019-20), हर्ष दुबे (2021-22), विशाल जयसवाल (2022-23)।अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी- पार्थ पालावत (2019-20), वाईवी राठौड़ (2021-22), क्षितिज पटेल (2022-23)।

## आइसीसी सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम के कप्तान बने रोहित

### कोहली समेत टीम में छह भारतीय, कमिंस को जगह नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का एलान किया। टीम इंडिया के स्टार ओपनर रोहित शर्मा टीम के कप्तान हैं। उनके अलावा स्टार बल्लेबाज विराट कोहली तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के साथ-साथ दो और भारतीय को टीम में जगह मिली है। आईसीसी के बयान के अनुसार टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत (उप विजेता) और ऑस्ट्रेलिया (विजेता) के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं।

**रोहित और शुभमन गिल ओपनर :** टीम में ओपनर बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा और शुभमन गिल को नामित किया गया है। रोहित ने पिछले साल के अंत में वनडे में 52 की औसत से 1255 रन बनाये हैं। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और पिछले साल 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली।

**मध्यक्रम में विराट कोहली :** मध्य क्रम में विराट कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। कोहली वनडे में पिछले साल 1337 रन बनाकर दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पिछले साल छह शतक लगाये। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा और वनडे विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। डेरिल मिशेल ने पांच शतक की मदद से 52.34 की औसत और 100.24 के स्ट्राइक रेट से 1204 रन बनाये। हेनरिक क्लासेन ने भी पूरे साल बल्ले से दबदबा बनाया। उन्होंने सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 174 रन की मैच विजयी पारी भी खेली। गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, शमी और कुलदीप यादव की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है। जंपा ने 26.31 की औसत से 38 विकेट चटकाए और विश्व कप के लगातार तीन मुकाबलों में चार विकेट चटकाये। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर रहे। सिराज ने पिछले साल 44 विकेट चटकाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट भी शामिल रहे। कुलदीप ने पिछले साल 49 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किये। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार चरण में 25 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। शमी ने पूरे साल शानदार प्रदर्शन करते हुए चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाये। वहीं किसी भी भारतीय खिलाड़ी को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली।

**टीम इस प्रकार है :** रोहित शर्मा (कप्तान, भारत), शुभमन गिल (भारत), ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), विराट कोहली (भारत), डेरिल मिशेल (न्यूजीलैंड), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर, दक्षिण अफ्रीका), मार्को जानसन (दक्षिण अफ्रीका), एडम जम्पा (ऑस्ट्रेलिया), मोहम्मद सिराज (भारत), कुलदीप यादव (भारत), मोहम्मद शमी (भारत)।

## अरका सुगी ठाकुरबाड़ी निर्माण समिति के संरक्षक बने पांकी विधायक डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**तरहसी पलामू।** प्रखंड के ग्राम अरका सुगी ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण के रामसिया ठाकुरबाड़ी राधा कृष्ण ठाकुरवाड़ी भगवान शिव शंकर के दरबार हनुमान जी के मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर एक बैठक हुई। जिसमें निर्माण समिति के अध्यक्ष सचिव और पूरी कमेटी ने विधायक को अंग वस्त्र व रामचरित्र मानस देकर सम्मानित किया। बैठक में सर्वसम्मति से पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता को निर्माण समिति का संरक्षक बनाया गया। जिसमें मंदिर की पेंटिंग, रेलिंग, टाइल्स, मुख्य दरवाजा, छत की ढलाई सहित कई निर्माण कार्य पर चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि मंदिर को सुंदर और भव्य आकर्षक बनाया जाएगा इसके लिए बहुत जल्द ही मिस्त्री लगाकर मंदिर के सभी कार्य को पूरा करने का काम करेंगे। ग्राम वासियों और हिन्दू धर्म प्रेमियों के सहयोग से ही यह कार्य होगा।

## दीपोत्सव पर छठ पोखरा में जले 11 हजार दीये, गंगा आरती भी हुई

खबर मन्त्र संवाददाता



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर छठ पोखरा में दीपोत्सव, शामिल हुए हजारों लोग

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा और श्रीराम मंदिर के उदघाटन के उपलक्ष्य में हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें 11 हजार दीये जले। साथ ही सरयू का पवित्र जल अर्पण किया गया। कार्यक्रम में काशी के पंडितों ने गंगा आरती भी की। सर्वप्रथम मोहम्मदगंज, हैदरनगर, हरिहरगंज, पिपरा और बराही समेत विभिन्न इलाके से एनसीपी कार्यकर्ता व राम भक्त विधायक कमलेश कुमार सिंह, युवा नेता सूर्या सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह के नेतृत्व में जय श्री राम के जय घोष के साथ छठ पोखरा पहुंचे। कलश के साथ शोभा यात्रा में शामिल नेता विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की।

## वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट 26 से, तैयारी पूरी



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा (जरही टोला) स्थित पोटो हो आजनवन खेल मैदान में आजनवन विकास समिति सह वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी और पंचायत के गणमान्यों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से हर वर्ष की तरह इस बर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन पर चर्चा हुई। कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। पहला मैच हैदरनगर और उंटारी रोड प्रखंड के बीच होगा। बैठक में रामकृष्ण पाल, असरेश पाल, सचिव बैजनाथ राम, कोषाध्यक्ष विक्रम चौधरी, सदस्य उदेश चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी शामिल थे।

## आनंदमार्ग स्कूल के बच्चों ने मनायी बोस जयंती



**मेदिनीनगर।** आनंदमार्ग स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को एक सभा कर सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत समेत समस्त शिक्षकों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि नेताजी ने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभायी थी। जिसे कभी देश भूल नहीं सकता। मौके पर उप प्रधानाचार्य राकेश रंजन, शिक्षक दिनेश, संजय, पंकज नंदिनी, गायत्री आदि थे।

## कांग्रेसियों ने मनायी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में स्थानीय सुभाष चौक पर कांग्रेस जनों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनी। कांग्रेसियों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि नेताजी के बताये हुए रास्ते पर चलने का हम सभी को संकल्प लेने की जरूरत है। कहा कि नेताजी ने देश के युवाओं को संगठित कर आजादी के लड़ाई के लिए अलख जगाया था। आजादी की लड़ाई में उनका त्याग और बलिदान हमेशा याद रहेगा। मौके पर प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, पूर्णिमा पांडे, शमीम अहमद राईन, मिथिलेश सिंह, ईश्वरी सिंह, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, हर्ष साहनी आदि भी थे।

## सीएम को हैशटैग कर चलेगा कैंपेन : डॉ पुष्पलता

खबर मन्त्र संवाददाता



■ महिला कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराने पर बल

**मेदिनीनगर।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स इंप्लाई फेडरेशन पलामू इकाई की महिला विंग अध्यक्ष डॉ पुष्पलता ने चाइल्ड केयर लीव, एमएसीपी तथा हर हाल 62 साल के मांग को लेकर 24 जनवरी को मुख्यमंत्री को हैशटैग कर ट्विटर कैंपेन चलाने का निर्णय लिया है। झारोटेफ महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ पुष्प लता ने बताया कि भारत के 18 राज्य में महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव के रूप में 2 वर्ष की छुट्टी सवैतनिक दी जाती है, लेकिन झारखंड बने आज 23 वर्ष हो गये लेकिन महिला कर्मियों को इससे वंचित रखा गया है। लीव नहीं मिलने से कई महिला कर्मियों को बच्चों की देखभाल में परेशानी होती है। जिला अध्यक्ष डॉ पुष्प लता ने सीएम को हैश टैग कर ट्विटर कैंपेन चलाने का निर्णय लिया है।

## मारपीट के अभियुक्तों को छह वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गाली गलौज करने व मारपीट करने के अभियुक्तों को छह वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्तों को 500 रुपये जुर्माना राशि नहीं देने पर छह महीना का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। अभियुक्तों में यासीम राईन उर्फ गुड्डू, रिंकु राईन, नौसाद राईन, अकबर राईन, रइसाद राईन पिता नसीम राईन कुंजड़ा पट्टी नावाटोली के निवासी हैं। न्यायालय ने एक मामले में पांच वर्ष व दूसरे मामले में एक वर्ष की सजा सुनायी है।

## 18 प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों ने लिया सतबरवा के मुरमा मलय डैम का जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत 18 प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों ने सतबरवा के मुरमा मलय डैम का दौरा मंगलवार को किया। इस दौरान अधिकारियों ने मलय डैम में बोटिंग की तथा मछली पालन के लिए लगे केज कल्चर के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम की जिम्मेवारी भूमि उप समाहर्ता प्यारेलाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी कमरूजमा और सतबरवा बीडीओ अभिषेक पांडेय की थी। मौके पर मुरमा डैम मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के डॉ रविंद्र सिंह, मनोज सिंह, मुकेश प्रजापति, ललन सिंह, उदयनाथ सिंह, गुड्डू सिंह, चिंटू सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। अधिकारियों का नेतृत्व कर रहे अभिनव शिवाज हरियाणा कैडर ने बताया कि हमारे दल में कुल 18 आईएएस अधिकारी हैं।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनी आजाद हिंद फौज के संस्थापक की जयंती

# सच्चे देशभक्त और क्रांतिकारी थे सुभाष चंद्र बोस : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्राचार्य व अन्य।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सुभाष चंद्र बोस का 127वां जन्म दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में उनके छाया चित्र पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने माल्यार्पण एवं विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने पुष्प अर्पित किया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि वर्ष 1897 में जन्मे सुभाषचंद्र बोस ने पहले भारतीय सशस्त्र बल की स्थापना की थी, जिसका नाम आजाद हिंद फौज रखा गया था। उनके प्रमुख नारों से भारतीयों के दिलों में देश भक्ति की भावना बलवती होती है। उन्होंने यह भी कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उन्हें इस कदर विचलित कर दिया कि वे आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। प्राचार्य बोले- नेताजी एक सच्चे देशभक्त और क्रांतिकारी थे। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### मेदिनीनगर में याद किये गये सुभाष चंद्र बोस

**मेदिनीनगर।** नेताजी की जयंती पर मेदिनीनगर के कई संगठनों ने मेदिनीनगर स्थित सुभाष चंद्र बोस चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम किया। इसमें सांस्कृतिक संगठन इप्टा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं आप पार्टी ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में इप्टा ने प्रेम प्रकाश एवं बबलू चावला, आप के चंद्रबली चौबे एवं किशोर सिन्हा, कायस्थ महासभा के अध्यक्ष कमल किशोर भी थे।

## श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयकारे से गूंजा सुआ कौड़िया



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया में अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा निकली। इसमें शामिल श्रद्धालु पंचायत के तेलियाबांध, बखरी, पिपरडीह, तिनकोनिया, कौड़िया, झारिवा होते हुए राम जानकी मंदिर गोदाम चौक सुआ पहुंचे। वहीं मंदिर में दीप जलाकर पूजा अर्चना की गयी। वहीं समिति के सदस्यों ने जुलूस निकालने वाले श्रद्धालुओं को माला पहनाकर और जय श्रीराम का पट्टा देकर सम्मानित किया।

मौके पर रामनवमी पूजा के जनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, सुआ मुखिया दुलारी देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह, अनिल विश्वकर्मा, उपाध्याय सिंह, रविंद्र, अजय चौधरी सिंह, राज दुलार सिंह, सुबोध विश्वकर्मा, अनूप सिंह, प्रभु पाल, डॉ राहुल गुप्ता, संतोष प्रसाद साव समेत काफी कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## डीसी एसपी ने किया शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा

**बोकारो।** बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने जिले के विभिन्न मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पूरी टीम के साथ चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों चास चंदनकियारी एवं जरीडीह के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उनके साथ डीडीसी कीर्तीश्री जी. अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता एसडीओ बेरमो शैलेश कुमार मुख्यालय डीएसपी पूनम मिंज सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार चास एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार आदि उपस्थित थे।

## गोमिया साई सेवा मल्टी थेरेपी केंद्र में कैंसर पीड़ित मरीजों का भी किया जा रहा है उपचार

बेरमो /बोकारो जिला के गोमिया प्रखण्ड स्थित साई सेवा केंद्र में मल्टी थेरेपी व एक्युपंचर के द्वारा गंभीर से गंभीर बीमारियों का उपचार किया जा रहा है। इंटरनेशनल अवार्ड सिल्वर से सम्मानित सजल राज ने बताया कि यहां पर गंभीर से गंभीर बीमारियों का उपचार एक्यू पंचर के द्वारा किया जा रहा है। बेरमो कोलांचल मे खासकर कैंसर, लकवा, किडनी जैसे गंभीर और ग्रसित मरिज उपचार के लिए आ यहां आ रहे हैं। प्रतिदिन लगभग 50 मरिज यहां आ रहे हैं जिनका एक्यूपंक्चर के द्वारा उपचार किया जा रहा है।

## सुभाष चंद्र बोस हम सबों के लिए हमेशा आदर्श हैं : अनिल

**बेरमो।** जरीडीह बाजार में प्रदुमन सोनी के अध्यक्षता मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती समारोह मनाया गया ।वहाँ उपस्थित लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर याद किया ।वहीं अनिल अग्रवाल ने कहा कि आजाद हिंद फौज के संस्थापक और भारत के आजादी मे सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका रही ।साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है ।ताकि लोगों मे राष्ट्रीय सहित अच्छे समाज निर्माण करने का आत्मविश्वास मिल सके ।साथ ही कहा कि सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारी हम सबों के लिए हमेशा आदर्श हैं ।मौके पर मुख्य रूप से अनूप कुमार रोबिन सहनी बिनोद साव बोधराम महतो दिलीप साव पंकज साव सिवसंकर जी सहित टेम्पु चालक संघ के सदस्य सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

## तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर किया गया भूमिपूजन

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के उपरघाट गोनियाटो पंचायत में श्री श्री सरस्वती पूजा ,मेला एंव यज्ञ समिति गोनियाटो द्वारा आयोजित तीन दिवसीय यज्ञ सह चार दिवसीय मेला को लेकर माँ सरस्वती मंदिर के समीप मेलाटांड में भूमिपूजन किया गया। आचार्य टूकामैन पाण्डे ने सभी मुख्य जज्मान को विधिवत पूजा अर्चना करा कर भूमिपूजन किये मुख्य ज्मन्य को लेकर गंगाराम महतो बालगोविंद महतो दामोदर महतो राजेश तुरी राजाराम महतो युगल महतो जितेंद्र महतो सुरेश महतो सभी अपनी धर्मपत्नी के साथ भूमिपूजन में बैठे। मिली जानकारी के अनुसार यज्ञ का कलश यात्रा 11 फरवरी को किया जयेगा एंव पूणार्हुति 13 फरवरी को होगा। 14 फरवरी को बसंत पंचमी के साथ चार दिवसीय मेला का आयोजन होगा इस अवसर पर यज्ञ समिति के प्रधान जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो मुखिया अमृता कुमारी अध्यक्ष टिकैत कुमार महतो सचिव महेंद्र महतो कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार महतो संयुक्त सचिव रामकुमार मरांडी संरक्षक फालो महतो नारायण आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पिकनिक का किया गया आयोजन

**बेरमो।** मंगलवार को तेनुघाट डैम पिकनिक स्थल पर ही के बी कॉलेज बेरमो परिवार ने प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती मनाया। मौके पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया। स्वतंत्रता संग्राम मे उनके द्वारा किए गए योगदानों एवं उनके विचारों एवं आदर्शों को याद किया गया। शिक्षक समेत कर्मीयों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। मौका था पिकनिक का।

### केंद्रीय विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

# शिवम को मिला प्रथम पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन के निदेशानुसार केंद्रीय विद्यालय गढ़वा में मंगलवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जिले के 10 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, रामा साहू आर्यवैदिक उच्च विद्यालय, गोविन्द उच्च विद्यालय, आरके पब्लिक स्कूल, बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल, बीएनटी संत मैरी पब्लिक स्कूल, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल, साउथ प्वाइंट स्कूल, सीएम हाई स्कूल के 96 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें से उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वाले पांच प्रतिभागियों छात्रों को चयन कर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चयनित प्रतिभागियों में केंद्रीय विद्यालय के शिवम कुमार ने प्रथम, भव्य पांडेय ने द्वितीय, आराध्या कुमारी ने तृतीय, आरके पब्लिक स्कूल की लिपि बाला ने चतुर्थ तथा बीएनटी संत मैरी की श्वेता कुमारी ने पंचम स्थान स्थान प्राप्त किया।



चयनित प्रतिभागियों के साथ अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्ति शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित डॉ रमेश चंचल ने कहा यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोबल को मजबूत करने के लिए एक उत्कृष्ट कार्यक्रम था। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में परीक्षा का भय बना रहता है। इस कारण माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के मन से परीक्षा का भय निकाला जा सके। मौके पर मुख्य रूप से इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज के संजय कुमार यादव, केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक उत्तम कुमार पांडेय, दीपक पांडेय, मारुति नंदन, सुशील कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक आदि लोग शामिल थे।

## भाजपा नेत्री ने दी पीएम गारंटी योजना की जानकारी



जानकारी देती ममता भुईयां

**रमना।** भाजपा नेत्री ममता भुईयां ने रमना प्रखंड के कई इलाकों का दौरा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजना की जानकारी दी। ममता यूपी के सोनभद्र में आयोजित कार्यक्रम में जा रही थी। इसी दौरान ममता ने रमना के कोरगा, सिरियाटोगर सहित कई गांवों का दौरा कर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। मौके पर भाजपा नेत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा। कभी दुनिया के देशों में पिछली पंक्ति में खड़ा रहने वाला भारत आज दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। सरकार किसानों के खाते में सलाना छह हजार रुपए भेज कर उनकी आय बढ़ाने में मदद कर रही है। पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से कौशल को प्रोत्साहन किया जा रहा है। मौके पर बलदेव भुईयां, विनय, उपेंद्र आदि लोग उपस्थित थे।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी

**भवनाथपुर।** डीएवी भवनाथपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि हर बच्चों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की झलक मिलनी चाहिए, ताकि बच्चे देश की सेवा और मानवता की सेवा कर सके। इस अवसर पर कक्षा यूकेजी से कक्षा चतुर्थ तक के बच्चे नेताजी सुभाषचंद्र बोस के यूनिफॉर्म में नजर आए। इस मौके पर बच्चों ने विद्यालय से प्रभात फेरी निकाली जो टाउनशिप आवासीय परिसर में जाकर सभा में तब्दील हो गई। सभा में नेताजी सुभाषचंद्र बोस बने विक्रम सिंह, मयंक कुमार, शिवन्या कुमारी, रचित देव पांडेय, अतिक्ष द्विवेदी, आनवी, इच्छा दुबे, अतुल वर्धन, आयुष सिन्हा, अनमोल चौबे, अर्णव भास्कर दुबे, अयांश कुमार, स्मृति कुमारी, आर्यन कुमार, अनूप कुमार सिंह, अंकुश गुप्ता, चैतन्य कुमार आदि बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस के जीवनी पर भाषण दिया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षक प्रवीण पाण्डेय और शिक्षिका रंजना वर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सह क्रिया कलाप इंचार्ज संजय राय भट्ट ने किया।



नेताजी के यूनिफॉर्म में बच्चे

## आरसीएमयू क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन करेंगे विधायक : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /कथारा।** कथारा राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन सह आरसीएमयू के कथारा क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह की तैयारी को लेकर कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुई। कथारा चार नंबर दुर्गा मंडप के समीप स्थित कार्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कथारा क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस ने कहा कि इंटक महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सह पूर्व मंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कोयला उद्योग के श्रमिक जमात के हित और अधिकार के लिए जो किया है उसे श्रमिक वर्ग कभी नहीं भूला सकता। मजदूर मसीहा के रूप में विख्यात स्व राजेंद्र बाबू की कमी हमेशा खलेगी। वहीं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनूप सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय राजेंद्र बाबू से मिले प्रेरणा कि बदौलत मजदूर हित में संघर्षरत है। विधायक कुमार से मंगल के नेतृत्व में संगठन पहले की अपेक्षा से और ज्यादा विस्तार, मजबूत एवं सशक्त बना है। कार्यकताओं को बताया गया की आगामी 26 जनवरी को बेरमो विधायक के द्वारा उक्त स्मृति भवन सह क्षेत्रीय कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इस भव्य उद्घाटन कार्यक्रम में सीसीएल रीजनल सहित कथारा, बीएंडके एवं ढोरी क्षेत्र के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। मौके पर प्रमोद कुमार सिंह,आशीष चक्रवर्ती, चंद्रशेखर प्रसाद, गुरनाम सिंह, वेदव्यास चौबे रंजय कुमार सिंह, दयाल यादव,मो कलीम,सुरेश महतो,प्रमोद यादव, पिंटू राय,महमूद अंसारी,सुबीर राय, अर्जुन चौहान,मंसूर खान,तुलसी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# पिछड़ा वर्ग ओबीसी अधिकार मंच की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी अधिकार मंच की बैठक शहर के चिनियां रोड स्थित कृष्ण हरि होटल में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 11 फरवरी को महासम्मेलन को लेकर तैयारी की समीक्षा की गई। मौके पर मंडल संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आज हम सब ओबीसी भाई जो राजनीतिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें मंच के माध्यम से एकत्रित एवं जागरूक किया जाएगा। यह ओबीसी पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच का महासम्मेलन पलामू प्रमंडल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अभी तक ओबीसी के लिए किसी तरह का कोई मंच नहीं था, इसलिए हमारे ओबीसी भाई लोग अपने आप को कुंठित महसूस कर रहे थे। उनको जगाने के लिए जागरूकता अभियान रथ के माध्यम से जिले सहित प्रमंडल के गांव गांव जाकर संयोजक मंडली के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा सादर आमंत्रित किया जा रहा है। जगह-जगह नुकड़ सभा कर के ओबीसी भाइयों को पलामू चलने का आग्रह किया जा रहा है। श्रवण कुमार ने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि आगामी 11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में अधिक से अधिक संख्या में जुटे और इस महासम्मेलन को सफल बनाएं। मौके पर शमीम अंसारी, गोरख नाथ चौधरी, कलाम खान, सर्वर आलम, जीतू चैधरी, शफीक अंसारी, कुर्बान अंसारी, नूर आलम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।



बैठक करते मंच के सदस्य

## सहायक अध्यापक का हुआ अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के नव प्राथमिक विद्यालय हरिगावां के मृत सहायक अध्यापक प्रेमनाथ का अंतिम संस्कार मंगलवार को चितही पहाड़ी के पास किया गया। मृतक के छोटे पुत्र रोहित कुमार ने मुखाग्नि दी। ज्ञात हो कि सहायक अध्यापक की मृत्यु ब्रेन हेमरेज होने के कारण हो गयी थी। अंतिम संस्कार में भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह, प्रखण्ड सहायक अध्यापक राम रंजन, रामेश्वर पाल, अवधेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, बिपिन पांडेय, ललन बैठा, अभिषेक सिंह, सहाबुद्दीन अंसारी, ब्रजेश पांडेय, रौशन सिंह, रामाश्रय साह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, नंदकिशोर राम सहित कई लोग शामिल हुए। मृतक का बड़ा पुत्र शुभम कुमार हरियाणा में मजदूरी करता है। मंगलवार को उसके घर पहुंचने पर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रखण्ड के सहायक अध्यापकों ने सरकार से मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी व उचित सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।



विलाप करते परिजन

## दो केंद्रों पर 3512 अभ्यर्थी देंगे जेईई मेन की परीक्षा: डॉ गंगवार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए आयोजित जेईई मेन का आयोजन इस वर्ष 24 जनवरी से 01 फरवरी तक दो परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है। चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और चिकसिया में डॉ एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में दो पालियों में कुल 3512 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार-मुक्त संपन्न हो तथा परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसकी हरसंभव व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पहली पाली सुबह नौ बजे से मध्याह्न बारह बजे तक तथा दूसरी अपराह्न तीन बजे से संध्या छह बजे तक चलेगी। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक गाइडलाइन के अनुपालन का निर्देश दिया गया है।

# चुनाव में जिले के 1453220 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिले में 01 जनवरी 2024 को जन्म तिथि के आधार पर योग्य मतदाताओं के नाम को शामिल करते हुए संपन्न हो गया। सूची का अंतिम प्रकाशन के साथ ही चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि आगामी चुनाव में 1581 मतदान केंद्रों पर जिले के 14 लाख 53 हजार 220 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें 7 लाख 52 हजार 500 पुरुष तथा 7 लाख 720 महिला मतदाता है। वही जिले में पुनरीक्षण अवधि में 18 से 19 आयु वर्ग के नव पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 19260 नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। साथ ही बताया कि छूटे हुए मतदाता का नाम आगामी चुनाव के 10 दिन पहले तक नाम जोड़ा जाएगा। जिन्हें नाम जोड़वाना है वे अपने नजदीकी मतदान केंद्रों पर जाकर जोड़वा सकते है। मौके पर एसपी प्रियदर्शी आलोक डीडीसी कीर्ति श्री जी अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया एसडीओ ओपी गुप्ता जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



# कहीं निकली झांकियां व शोभायात्रा तो कहीं होता रहा कीर्तन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के नवनिर्मित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही पूरा बोकारो जिला राममय बना रहा। जगह जगह जुलूस और झांकियों का मनोरम आयोजन हुआ। नगर के सेक्टर 1 स्थित श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सेक्टर 3 के थाना मोड़ स्थित हनुमान मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरों में श्रद्धालु दिन भर भगवान राम की भक्ति में लीन रहे। भाजपा विहिप बजरंग दल व आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर को केसरिया झंडों से पाटकर राममय बनाया जा चुका था। कोई कार सेवकों को सम्मानित कर रहा था तो कहीं कीर्तन में लोग तल्लीन रहे। तुपकाडीह के राम भक्तों ने मेन रोड में दो किलोमीटर लंबी राम शोभायात्रा निकालकर अपनी खुशी का प्रदर्शन किया। बोकारो थर्मल के मार्केट स्थित महावीर मंदिर में भाजपा जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कीर्तन मंडली के सभी राम भक्तों को अंग वस्त्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया और राम भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया। सामाजिक संस्थाओं एमएसआरसी ट्रस्ट हरिओम ग्रुप जीवन दीप व मे आई हेल्प यू के तत्वावधान में सिटी सेंटर स्थित बचत उद्यान के प्रांगण में विहिप के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ साही की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में बोकारो से अयोध्या गए लगभग बीस प्रमुख कारसेवकों को सम्मानित किया गया।





खबर एक नजर में

## डीवीसी चंद्रपुरा में अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन द्वारा यहां के तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में डीवीसी के अधिकारियों का ऊर्जा कानून नीतियां मानक विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। वरिष्ठ जीएम व प्रोजेक्ट हेड मनोज कुमार ठाकुर ने उपस्थित डीवीसी के अधिकारियों से उक्त प्रशिक्षण का अत्यधिक लाभ उठाने की अपील की और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से डीवीसी संस्थान को भरपूर लाभ मिलेगा। ऐसे प्रशिक्षण से अधिकारी वर्ग पूर्ण विश्वास के साथ अपने कार्य को अंजाम देने में सफल होंगे। मौके पर डीजीएम पीसी साहू कुमार मानवेंद्र प्रियदर्शी के अलावा निरंजन मंडल राजकुमार दे राजीव कुमार महतो रोहन कुमार पंकज कुमार सिंह अरुण कुमार गुप्ता पवन कुमार अजीत कुमार नायक मनोज कुमार धर्मपाल सिंह सुधीर कुमार पार्थ प्रीतम धारा महेंद्र कुमार विश्वकर्मा सूरज कुमार अग्रवाल श्रीतम कुमार बिश्नोई सौरभ कुमार उमेश कुबार्नी रवि रंजन पवन कुमार सुप्रभा जॉली समद माझिया बाबू माझी जय देव सरकार अघना दत्ता शैलेंद्र कुमार आशीष कुमार प्रतिमा खलको जयदीप चटर्जी निर्मल चंद्र तपस कुमार मंडल पार्थ गुइन आदि शामिल थे।

## जिपस रंजनी ने की चबूतरा निर्माण का भूमि पूजन

**गढ़वा।** जिले के भवनाथपुर के ग्राम सरैया स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल मैदान के परिसर में मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर चबूतरा निर्माण योजना का भूमि पूजन किया गया। भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने 15वें वित मद से बनने वाले इस चबूतरा का विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर षिलान्यास की। मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति के तत्वावधान में आयोजित सुभाष चंद्र बोस जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर श्रीमती शर्मा ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने भारत के महान सपूत, क्रांतिकारी, आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाषचंद्र बोस जी की 127 वीं जयन्ती पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित लोगों ने चबूतरा निर्माण के लिए श्रीमती शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला परिषद सदस्य बनने से पहले से इनके ही प्रयास से इस खेल मैदान का नामकरण सुभाष चंद्र बोस खेल मैदान किया गया था। आज लोगों ने उन्हें जिला परिषद सदस्य बनाए तो अपने कार्यकाल में प्राथमिकता देते हुए इस मैदान में सुभाष चंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर चबूतरा निर्माण करने का भूमि पूजन की। यह हमेशा यादगार बना रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रजेश कुमार गुप्ता, महावीर साह, सुरेंद्र साह, नंदू साह, लाल बहादुर साह, चन्द्र केशवर साह उजागीर साह, संजय साह, नन्हक साह, दूधेश्वर साह, संतोष साह, महिला समाजसेविका संगीता गुप्ता, रसीला देवी, रीना देवी, अमरावती देवी, राधिका देवी, कंचन कुंवर, आदि लोग उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आईबीएम कॉलोनी में दिखा अद्भुत नजारा

**बेरमो /बांधकथारा।** अयोध्या में विगत मंगलवार को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर जहां अयोध्या नगरी सहित पूरा देश में राममय बना था वही कथारा क्षेत्र का एक छोटा कस्वा आखिर क्यों किसी से पीछे रहता यहां के बच्चों ने भक्ति रस में ऐसा नजारा पेश किया जो आज तक यहां नहीं देखी गई ।जानकारी के अनुसार कथारा झिरकी मार्ग स्थित आईबीएम कॉलोनी के बच्चों ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर यहां उत्साहवर्धक आयोजन किया ।कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम राम भैया लक्ष्मण तथा माता जानकी के भव्य झांकी निकाली ।यह झांकी आईबीएम कालोनी से निकलकर पूरा कॉलोनियों का भ्रमण किया इस दौरान से काफी संख्या में उपस्थित जय श्री राम तथा जय बजरंगबली का नारा लगाते हुए वातावरण को गुंजायमान करते रहे।

पेज 1 का शेष

## 20 लाख लोगों को...

**अपने दम पर सरकार देगी आवास :** मुख्यमंत्री ने कहा गरीबों को आवास देने की सूची राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया था। इसमें आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। कई बार आग्रह के बावजूद केंद्र सरकार ने गरीबों का आवास स्वीकृत नहीं किया। ऐसे में राज्य सरकार ने अपने दम पर अबुआ आवास निर्माण की योजना बनायी। उन्होंने कहा कि 2027 तक राज्य के 20 लाख जरूरतमंदों को तीन कमरों वाला आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा। यह तीन कमरों और रसोई घर युक्त पक्का आवास होगा। पहले पीएम आवास योजना के तहत दो कमरों का आवास निर्माण किया जाता था। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, सीएम के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे एवं आला प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। **विपक्ष पर हमला :** सीएम ने कहा की झारखंड का हरेक कोना अपनी आंखों से देखा है। वे हर समस्या से अवगत हैं। सबके निष्पादन का प्रयास सरकार कर रही है। इस राज्य को सोने की चिड़िया कहा जाता है, क्योंकि, जमीन के अंदर खनिज सम्पदा है। 40 फीसदी से अधिक खनिज संपदा झारखंड में मिलती है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि विरोधियों को जमीन के अंदर की चीजें तो दिखाई देती हैं, लेकिन जमीन के ऊपर रहने वाले व्यक्ति की समस्या नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने लड़कर झारखंड लिया। अलग राज्य बने 23 साल हो गये लेकिन आज गांवों की हालत क्या है, बताने की जरूरत नहीं है। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य अलग होने बाद ऐसे लोगों की सरकार बनी, जो राज्य बनने के ही विरोधी थे। गरीब और गरीब होते चले गये।

## झारखंड में जारी रहेगी...

**इन जिलों बारिश के आसार :** साइक्लोनिक सकुर्लेशन झारखंड के मौसम को प्रभावित कर सकता है। इस वजह से बुधवार को रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला में बारिश के आसार हैं। बारिश की वजह से न्यूनतम पारा में 2-3 डिग्री की कमी आने की संभावना है। अगले पांच दिनों की बात करें तो राज्य के ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की संभावना है। मौसम केंद्र के मुताबिक गणतंत्र दिवस के दिन सुबह के वक्त कोहरा और धुंध के बाद मौसम साफ रहेगा। 27 तक कोहरा या धुंध छाया रहेगा। पिछले दो दिनों में गुमला में सबसे कम 3.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम पारा रिकॉर्ड हुआ है। इसके बाद लोहरदगा में 5 डिग्री, चतरा में 5.4 डिग्री, लातेहार में 5.7 डिग्री और गढ़वा में 5.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम पारा रहा है। रांची में 7.5 और डाल्टनगंज में 6.2 डिग्री तक पारा पहुंच चुका है।

## युवा व नारी शक्ति...

**नेताजी ने अपने सपने देश के संकल्प से जोड़ा :** पीएम मोदी ने कहा, नेताजी जानते थे कि गुलामी सिर्फ शासन की ही नहीं होती है, बल्कि विचार और व्यवहार की भी होती है। इसलिए उन्होंने विशेष रूप से तब की युवा पीढ़ी में इसको लेकर चेतना पैदा करने का प्रयास किया। पीएम ने कहा कि आजाद हिंद फौज के क्रांतिवीरों के सामर्थ्य का साक्षी रहा यह लाल किला एक बार फिर नयी ऊर्जा से जगमग है। अमृतकाल के शुरुआती वर्ष में पूरे देश में संकल्प से सिद्धि का उत्साह और ये पल वाकई अभूतपूर्व है। भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की ऊर्जा को, उन भावनाओं को, पूरे विश्व ने, पूरी मानवता ने अनुभव किया है और आज हम नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती का उत्सव मना रहे हैं। भारत की आजादी के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बलिदान को याद करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने देश के लिए अपने सपनों और आकांक्षाओं की तिलांजलि दे दी। वे चाहते तो अपने लिए एक अच्छा जीवन चुन सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने सपनों को भारत के संकल्प के साथ जोड़ दिया। पीएम ने कहा कि ये नेताजी ही थे जिन्होंने पूरी ताकत से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की पहचान को विश्व के सामने रखा। जब दुनिया में कुछ लोग भारत में लोकतंत्र के प्रति आशंकित थे, तब नेताजी ने उन्हें भारत के लोकतांत्रिक अतीत को याद दिलाया। नेताजी कहते थे कि लोकतंत्र, मानव संस्था है।

# दुबई की बुर्ज खलीफा इमारत पर छाये राम

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूरी दुनिया में धूम

एजेंसी

**दुबई/लंदन/वांशिगटन।** अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पूरी दुनिया में धूम है। इसी कड़ी में दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा ने बिल्डिंग पर भगवान राम और शिव के अलग-अलग चित्र लगाकर इस विशिष्ट दिन को विशेष रूप से रेखांकित किया। इसके अलावा ब्रिटेन के लंदन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मेक्सिको में पहले राम मंदिर को स्थापित किया गया। इसके अलावा दुनिया के कई देशों में

**लंदन में भंडारा और मैक्सिको में पहला राम मंदिर स्थापित**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य आयोजन किए गए।ब्रिटेन में हुए इस भंडारे में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस भंडारे का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दुनिया भर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बेहतरीन तरीके से स्वागत किया गया। अयोध्या के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठापन) समारोह के अवसर पर मेक्सिको को अपना पहला भगवान राम मंदिर मिला। ये मंदिर क्वेरेटारो शहर में स्थित है। इस मंदिर में विराजमान भगवान की मूर्ति भारत से लाई गई है। मैक्सिकन मेजबानों की उपस्थिति में अमेरिकी पुजारी द्वारा मंदिर में पूजा की गई। यह कार्यक्रम प्रवासी भारतीयों द्वारा गाए गए मनमोहक भजनों और गीतों से भरा हुआ था। मेक्सिको में भारतीय दूतावास ने राम मंदिर की घोषणा करते हुए लिखा कि मेक्सिको में पहला भगवान राम मंदिर! अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की पूर्व संध्या पर, मेक्सिको का क्वेरेटारो शहर पहले भगवान राम मंदिर का घर बन गया है। क्वेरेटारो में मेक्सिको का पहला भगवान हनुमान मंदिर भी है। दूतावास ने बताया कि कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह मैक्सिकन मेजबानों के साथ एक अमेरिकी पुजारी द्वारा किया गया था और मूर्तियों को भारत से लाया गया था और हॉल में भारतीय प्रवासियों द्वारा गाए गए पवित्र भजन और गीत गूंज रहे थे।



## एक नजर में

### गाजा में 21 इजराइली सैनिकों की मौत

**येरूशलम।** मध्य गाजा में एक हमले में इजराइली सेना के 21 सैनिक मारे गये हैं। यह 109 दिन से चल रहे युद्ध में इजरायली सैनिकों की मौत की सबसे बड़ी संख्या है। इजरायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सोमवार को सैनिक दो इमारतों को ध्वस्त करने के लिए विस्फोटक तैयार कर रहे थे। इसी दौरान आतंकवादियों ने सोमवार को पास के टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागे, जिससे समय से पहले विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण इमारतें ढह गयीं और उनके अंदर या आसपास मौजूद सभी सैनिक मारे गये।

### पुणे में पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** पुणे जिले के निगड़ी में एंटी टेरोरिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने छापा मारकर अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन आरोपितों ने गोवा से अवैध पासपोर्ट हासिल किया है जबकि दो आरोपितों की अवैध पासपोर्ट बनाने की प्रकिया चल रही थी। एटीएस की टीम इनसे गहन पूछताछ कर रही है।एटीएस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि टीम को निगड़ी के साईनाथ नगर में अवैध रूप से बांग्लादेशियों के छिपकर रहने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर टीम ने निगड़ी पुलिस के साथ मिलकर साईनाथ नगर में छापा मारकर पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपितों की पहचान रॉकी समोर बरुआ (28), जयधन अमीरन बरुआ (28), अंकुर सुसेन बरुआ (26), रतुल शेल्फ? बरुआ (28) और राणा नंदन बरुआ (25) के रूप में की गई है। ये सभी चटगांव बांग्लादेश के मूल निवासी हैं। इस मामले में इन सभी को आश्रय देने वाला जिकू दास उर्फ जॉय चौधरी फरार है।

### ओडिशा के कंधमाल में नक्सली कैंप नष्ट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में माओवादी विरोधी अभियान में लगे सुरक्षा बलों ने बौध और कंधमाल जिलों की सीमा से लगे नालिकुम्पा जंगल के अंदर विद्रोहियों के साथ मुठभेड़ के बाद एक माओवादी शिविर को नष्ट करके भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया है। मंगलवार को बताया गया है कि नालिकुम्पा जंगल के अंदर माओवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए उन्हें क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया।

### उप्र में पीसीएस 2023 का रिजल्ट घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2023 के अंतिम नतीजे घोषित कर दिए हैं। जिसके अनुसार परीक्षा में 251 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है। जारी परिणामों में पीसीएस मेंस में 167 पुरुष और 84 महिला अभ्यर्थी चयनित घोषित की गई है। आयोग के अनुसार, परीक्षा में देवबंद के सिद्धार्थ गुप्ता ने टॉप किया है। जबकि प्रयागराज के प्रेम शंकर पांडेय दूसरे स्थान पर चयनित हुए हैं। आयोग की सूची के अनुसार तीसरे स्थान पर हरदोई की सात्विक श्रीवास्तव, चौथे स्थान पर शिव प्रताप, पांचवें स्थान पर बहराइच के मनोज कुमार भारती, छठें स्थान पर चित्रकूट के पवन पटेल, सातवें स्थान पर मेरठ की शुभि गुप्ता, आठवें स्थान पर अयोध्या की निधि, नौवें स्थान पर बिहार बक्सर जिले के हेमंत तथा दसवें स्थान पर कासगंज के माधव उपाध्याय चयनित हुए हैं। 19 प्रकार के पदों के लिए 253 पदों के सापेक्ष 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं।



नयी दिल्ली में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# 100 महिला कलाकार वाद्य यंत्रों के साथ करेंगी परेड का आगाज

## गणतंत्र दिवस

- 30 राज्यों की 1500 महिला कलाकार लोकनृत्य और शास्त्रीय नृत्य करेंगी
- कर्तव्य पथ पर करीब 1900 साड़ियां की जायेंगी प्रदर्शित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर निकलने वाली परेड का आगाज पहली बार 100 महिला कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ करेंगी।

मंगलवार को संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बताया कि विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका थीम पर होने वाली परेड का पहली बार आगाज 100 महिला कलाकार अपने अपने राज्यों के वेषभूषा के साथ शंख, नगाड़ा और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाते हुए करेंगी। इसके साथ पहली बार 30 राज्यों की 1500 महिला कलाकार लोकनृत्य और शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ कर्तव्य पथ पर सभी राज्यों की करीब 1900 साड़ियां प्रदर्शित की जाएंगी।

संगीत नाटक अकादमी की सचिव संध्या पुरेचा ने बताया कि 26 जनवरी परेड की शुरूआत हमेशा सैन्य बैंड के साथ की जाती है लेकिन इस बार देशभर की 100 महिला सांस्कृतिक कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ परेड का आगाज करेंगी। पिछले एक महीने से ये महिलाएं नृत्य प्रस्तुति की प्रैक्टिस कर रही हैं। आज से शुरू हो रहे पराक्रम दिवस के बारे में बताते हुए संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद सरभाई ने बताया कि इस कार्यक्रम में नेता जी सुभाष चंद्रबोस के जीवन के बारे में कई प्रदर्शनी लगाई गईं हैं। इसमें पेंटिंग्स प्रदर्शनी और नेता जी पर लिखी गई किताबों की प्रदर्शनी शामिल हैं। अमिता प्रसाद ने बताया कि पराक्रम दिवस कार्यक्रम में कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा पूर्वोत्तर राज्य के मोरांग से लाई गईं मिट्टी से कलाकृतियां बनाई जाएंगी। नेता जी के भाषणों को भी सुना जा सकता है। इसके साथ 270 डिग्री का थियेटर बनाया गया है, जहां उनके जीवन पर वीडियो पर भी देखा जा सकता है। इस कार्यक्रम का खास आकर्षण लाइट एंड साउंड शो है, जो दीवाने आम की दीवार पर दिखाया जाएगा।

### विशेष अतिथि के रूप में परेड देखने आयेंगे 250 पैक्स अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** देशभर से लगभग 250 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के अध्यक्ष व उनके परिजन केन्द्र सरकार के विशेष अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस का परेड देखने आएंगे। यह जानकारी सहकारिता मंत्रालय ने मंगलवार को दी है। मंत्रालय के अनुसार 24 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 250 पैक्स के अध्यक्ष और उनके परिजन भारत सरकार के विशेष अतिथि के रूप में इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे। रक्षा मंत्रालय के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथियों की मेजबानी कर रहा है।

सहकारिता मंत्रालय के अनुसार दिल्ली प्रवास के दौरान पैक्स के अध्यक्ष 25 जनवरी को सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा से मुलाकात और उनके साथ रात्रि भोज करेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 19 राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से की बातचीत

## मोदी ने बच्चों को बताया सूर्योदय योजना का लाभ



**नयी दिल्ली। (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर 19 प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की।प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पुरस्कार विजेता को स्मृति चिन्ह भेंट किए और फिर उनके साथ खुलकर बातचीत की। बच्चों ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी-अपनी उपलब्धियों का विवरण साझा किया जिसके कारण उन्हें पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस दौरान संगीत, संस्कृति, सौर ऊर्जा, बैडमिंटन, शतरंज खेल जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बच्चों ने प्रधानमंत्री से कई सवाल भी पूछे, जिनमें से एक का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें हर तरह के संगीत में अपनी रुचि है जो उन्हें ध्यान में मदद करता है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के शुभारंभ के बारे में पूछे जाने पर, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए उनके द्वारा शुरू किए उपायों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना से लोगों को कैसे लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ 23 जनवरी के महत्व के बारे में भी चर्चा की और उन्हें पराक्रम दिवस के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि पराक्रम दिवस के माध्यम से साथ सरकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विरासत का सम्मान कर रही है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण जैसी सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धि के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करती रही है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है। इस वर्ष, विभिन्न श्रेणियों के तहत देश भर से 19 बच्चों को पीएमआरबीपी-2024 के लिए चुना गया है। पुरस्कार पाने वालों में 18 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से 9 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं।

## नीतीश ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने पर जतायी प्रसन्नता



**पटना ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महान समाजवादी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और इसे सही निर्णय बताया। श्री कुमार ने मंगलवार को कहा कि स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर को उनकी 100वीं जयंती पर दिया जाने वाला ये सर्वोच्च सम्मान दलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से स्व. कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो हमेशा से स्व. कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग करते रहे हैं। आज कपूर्री ठाकुर को दिए जाने वाले इस सम्मान से उन्हें खुशी मिली है और जदयू की वर्षो पुरानी मांग पूरी हुई है।

प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग जदयू-राजद लंबे समय से कर रही थी।



नयी दिल्ली में मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में बाइक पर करतब दिखातीं महिलाएं।

## बिहार के छह विवि में कुलपति नियुक्त

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंगलवार को अचानक राजभवन जाकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात के बाद प्रदेश की सियासत में सरगर्मी बढ़ गई। इस बीच, जानकारी मिली कि नीतीश राजभवन विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति को लेकर विमर्श करने पहुंचे थे। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सर्च कमेटी की अनुशंसा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विमर्श के बाद राज्य के छह विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की है। एलएन मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति के पद पर प्रो. संजय कुमार चौधरी को नियुक्त किया गया है। केएसडी संस्कृत विवि, दरभंगा के वीसी के पद पर प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय की नियुक्ति की गई है। बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति के पद पर प्रो. बिमलेन्दु शेखर झा, बीआरए बिहार विवि, मुजफ्फरपुर के कुलपति के पद पर प्रो. दिनेश चन्द्र राय तथा जय प्रकाश विवि, छपरा के कुलपति के पद पर प्रो. परमेन्द्र बाजपेयी को नियुक्त किया गया है। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव को बनाया गया है।

# 14 जून को रिलीज होगी कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी'



**मुंबई।** कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री कंगना रनौत अब अपनी फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज किया गया था। ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। तभी से दर्शक फिल्म इमरजेंसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट की घोषणा की है। पोस्ट में कंगना ने फिल्म इमरजेंसी से अपने लुक की तस्वीर शेयर की है। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि अब भारत के सबसे भयानक समय की कहानी से पर्दा खुलने वाला है। यह फिल्म 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सबसे निडर और प्रखर प्रधानमंत्री की कहानी के साक्षी बनें। इमरजेंसी पिछले साल 24 नवंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन उस दौरान कंगना की एक के बाद एक फिल्में आने की वजह से रिलीज की तारीख स्थगित कर दी गई। कंगना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी भी दी थी। अब यह फिल्म 14 जून को रिलीज होगी। 25 जून 1975 को भारत में इमरजेंसी लगायी गयी थी। इसी को देखते हुए यह फिल्म अब जून महीने में ही रिलीज होगी। इस फिल्म में कंगना के साथ अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी अहम भूमिका में हैं। एक्टिंग के साथ-साथ कंगना ने इस फिल्म का निर्देशन भी किया है। इससे पहले कंगना ने फिल्म 'मणिकर्णिका' का निर्देशन किया था।

## 'बड़े मियां छोटे मियां' का नया पोस्टर जारी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हे।इस फिल्म में दोनों एक्शन और मस्ती का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे।अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने टीजर रिलीज की अपडेट शेयर की है।'बड़े मियां छोटे मियां' के नए पोस्टर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हाथों में मशीन गन लिए अक्षय और टाइगर फायर कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में कई सारी मिसाइल्स आते हुए दिख रही हैं। पोस्ट के साथ अक्षय कुमार ने बताया कि बड़े मियां छोटे मियां का टीजर 24 जनवरी को सुबह 10 बजे रिलीज किया जाएगा।

## 26 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म 'हिंदुत्व'

**मुंबई।** टैग प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी पर 26 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। हिंदुत्व में किशोरवय को प्राप्त एक ऐसी युवती की कहानी कही गई है, जो अपनी संस्कृति को भुलाकर पाश्चात्य जगत की चकाचौंध में अपने अस्तित्व को ही नकारात्मक रूप से देखने लगती है । उसको समझाने के लिए एक युवा जो धर्मनिष्ठ भी है और शिक्षित भी है वो अपने शिक्षण स्थल से ही इस हिंदुत्व के अलख को जगाता है और आखिर में युवती को उसकी असलियत से रूबरू कराकर हिंदुत्व के असली रूप से दर्शन कराता है। हिन्दुत्व के लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। इस फिल्म के गानो में अनूप जलोटा ,दलेर मेहदी मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने आवाज दी है।

## सेंसेक्स 1000 अंक लुढ़का

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान में खुला, लेकिन मुनाफावसूली के बीच भारी बिकवाली के बाद जल्द ही लाल निशान में आ गया। निफ्टी 333 अंक (1.5 प्रतिशत) गिरकर 21,239 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 1,000 अंक (1.47 प्रतिशत) गिरकर 70,370 पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि व्यापक बाजार में तेज गिरावट देखी गई, मिडकैप100/स्मॉलकैप100 में 3 प्रतिशत की गिरावट आई। फार्मा एकमात्र ऐसा सेक्टर रहा, जिसमें 1.7 फीसदी की तेजी आई। उन्होंने कहा कि जी-सोनी डील रद्द होने के कारण बाकी सभी सेक्टरों में बिकवाली का दबाव देखा गया और मीडिया को सबसे ज्यादा 13 प्रतिशत का नुकसान हुआ। ओबेरॉय रियल्टी के कमजोर नतीजे के बाद निफ्टी रियल्टी भी 5.3 फीसदी गिर गया। फिच ने बयान दिया था कि लाल सागर में हौथी हमलों के कारण दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाएं सबसे अधिक प्रभावित होंगी, और लंबे समय तक व्यवधान के कारण भारत के आर्थिक पूवार्नुमान को एक महत्वपूर्ण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!